उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम, 2015 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या–16 सन् 2015) की धारा–3 में प्राविधान है कि राज्य सरकार एक निकाय का गठन करेगी, जो उत्तराखण्ड अनूसूचित जनजाति आयोग के नाम से ज्ञात होगा और जो इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग ओर सौंपे गये कृत्यों का पालन करेगा।

**आयोग की संरचना–** आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष एवं आठ सदस्य होंगे। आयोग में प्रत्येक जनजाति (थारू, जौनसारी, भोटिया, बुक्सा एवं राजी) के दो ही व्यक्ति होंगे। अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद हेतु अनुसूचित जनजाति के ऐसे योग्य पुरूष अथवा महिला पात्र होंगे जैसा विहित किया जाए।

सदस्य की नियुक्ति ऐसे योग्य, निष्ठावान और प्रतिष्ठावान व्यक्तियों में से की जायेगी, जिन्होने अनुसूचित जनजातियों के लिए न्याय के प्रति निःस्वार्थ सेवा तथा उनसे सम्बन्धित मामलों में विशेष ज्ञान के लिए योगदान दिया हो।

**आयोग के कर्तव्य–** आयोग के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे–

(क) अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को अधिनियम 2015 की धारा 11(1) के अनुसार आयोग के संविधान के अधीन तथा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन दिये गये संरक्षण के लिए हितप्रहरी आयोग के रूप में कार्य करना।

(ख) अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित किये जाने के संबंध में विशिष्ट शिकायतों की जांच करना।

(ग) अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया में भाग लेना और उन पर सुझाव देना और विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना।

(घ) राज्य सरकार को उन रक्षोपायों की कार्य प्रणाली पर वार्षिक और अन्य समयों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, जैसा आयोग उचित समझे।

(ड़) अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण और सामाजिक आर्थिक विकास के लिए उन रक्षोपायों और अन्य उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ऐसे प्रतिवेदनों में, उन उपायों के संबंध में जो सरकार द्वारा किये जायें, सिफारिश करना।

**आयोग की शक्तियां–** अधिनियम की धारा–12 में किसी बात का विचार करने में सिविल न्यायालय को प्राप्त शक्तियाँ आयोग की धारा–11 की उपधारा (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट किसी मामले का अन्वेषण करने में या खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी शिकायत पर जांच करने में विशेषतः निम्नलिखित मामलों के संबंध में प्राप्त होगी अर्थातः–

(क) किसी व्यक्ति को बुलाने और उपस्थिति के लिए बाध्य करने व जबरदस्ती शपथ पर उसकी परीक्षा करने।

(ख) किसी दस्तावेज के प्रकटीकरण और पेश किये जाने की अपेक्षा करने।

(ग) शपथ–पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करने।

(घ) किसी न्यायालय या कार्यालय से सार्वजनिक अभिलेख या उसकी प्रति की अपेक्षा करने।

(ड़) साक्षियों और दस्तावेजों के परीक्षण करने के लिए कमीशन जारी करने और।

(च) किसी अन्य विषयों में, जो विहित किया जाये।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड बहुउददेशीय वित्त एवं विकास निगम



# उत्तराखण्ड बहुउददेशीय वित्त एवं विकास निगम

| क्र. सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) | **अनुदान** – परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा रू. 50,000 / – अधिकतम। | 1– उत्तराखण्ड में निवासरत्। <br>2– अनुसूचित जाति <br>3– आयु सीमा निर्धारित नहीं है अपितु रू. 2.50 लाख आय सीमा के आवेदकों को चयन में वरीयता। | 1– खण्ड विकास अधिकारी के अधीनस्थ कार्यरत सहायक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रस्ताव जनपदीय कार्यालय को उपलब्ध कराये जाते है। खण्ड विकास कार्यालय से प्राप्त प्रस्तावों को जनपद स्तर पर जिलधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से चयन कराते हुए भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करते हुए राज्य स्तरीय समिति को अग्रसारित किये जाते है। <br>2–राज्य स्तरीय समिति प्राप्त प्रस्तावों पर संस्तुति प्रदान करते हुए केन्द्र स्तरीय समिति को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाते है। <br>3– केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का अवलोकन करने के उपरान्त धनावंटन किया जाता है। |
| 2. | जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना (अनुसूचित जाति) | **1– परियोजना लागत** – रू. 50,000 / – से रू. 2,00,000 / –बैंक ऋण–परियोजना लागत का 60 प्रतिशत । <br>**मार्जिन मनी**–परियोजना लागत का 30 प्रतिशत (7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर 60 मासिक किस्तों में) <br>**अनुदान** –अधिकतम रू. 10,000 / – <br>**लाभार्थी अंश**– रू. 1.00 लाख तक कुछ नहीं, <br>रू. 1.01 लाख से रू. 2.00 लाख तक 10 प्रतिशत | (1)उत्तराखण्ड में निवासरत् अनुसूचित जाति का व्यक्ति हो। <br>(2) आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो। <br>(3) वार्षिक आय सीमा– ग्रामीण क्षेत्र – रू. 1,05,600 वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र – रू0 1,29,840 वार्षिक। | निर्धारित प्रपत्र पर विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त प्रस्तावों को जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन किये जाने का प्राविधान हैं। <br>नोट – अनुसूचित जाति वर्ग हेतु पृथक से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का संचालन होने के कारण उक्त योजना के केवल प्रशिक्षण मद में ही धनराशि का व्यय किया जा रहा है। |
| 3. | जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना | **परियोजना लागत** –रू. 50,000 / – से रू. 2,00,000 / – <br>**बैंक ऋण** – परियोजना लागत का 60 प्रतिशत <br>**मार्जिन मनी** – परियोजना लागत का 30 प्रतिशत (7 | (1) उत्तराखण्ड में निवासरत् अनुसूचित जनजाति का व्यक्ति हो। <br>(2) आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष | निर्धारित प्रपत्र पर विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त प्रस्तावों को जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन किये जाने का प्राविधान हैं। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (अनुसूचित जनजाति) | प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर 60 मासिक किस्तों में)<br>**अनुदान** – अधिकतम रू. 50,000 / –<br>**लाभार्थी अंश**–रू. 1.00 लाख तक कुछ नहीं, रू. 1.01 लाख से रू. 2.00 लाख तक 10 प्रतिशत | के मध्य हो।<br>(3) वार्षिक आय सीमा –रू. 2.50 लाख वार्षिक | |
| 4. | जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना (दिव्यांग) | **1) सावधि ऋण योजना –**<br>परियोजना लागत – रू. 75,000 / –<br>**अनुदान** –20 प्रतिशत अथवा रू. 10,000 / – जो भी कम हो सावधि ऋण–रू. 65,000 / – (06 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर )<br>**2) दुकान निर्माण –** परियोजना लागत – रू. 50,000 / –<br>**अनुदान** –20 प्रतिशत अथवा रू. 10,000 / – जो भी कम हो<br>**मार्जिन मनी** – रू. 40,000 / –(4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर 60 मासिक किस्तों में)<br>**3) बैंक पोषित ऋण हेतु मार्जिन मनी ऋण योजना –**<br>**परियोजना लागत**–रू. 2,00,000 / – (अधिकतम)<br>**अनुदान** –20 प्रतिशत किन्तु अधिकतम रू. 10,000 / –<br>**मार्जिन मनी** – परियोजना लागत का 25 प्रतिशत (04 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर, 36 मासिक किस्तों में) | (1) उत्तराखण्ड में निवासरत् हो।<br>(2) 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडी.आई.डी.<br>(3) वार्षिक आय सीमा–शहरी क्षेत्र में रू. 2.00 लाख एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू. 1.60 लाख होनी चाहिए।<br>(4) आयु सीमा – 18 से 50 वर्ष | निर्धारित प्रपत्र पर विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त प्रस्तावों को जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन किये जाने का प्राविधान हैं। |
| 5. | शिल्पी ग्राम योजना (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति) | चिन्हित शिल्पी ग्रामों एवं ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन | (1) उत्तराखण्ड में निवासरत् अनुसूचित जाति एवं जनजाति का व्यक्ति हो।<br>(2) वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में आय 129840 / – एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू. 105600 / – | मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से संस्थाओं एवं प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## सैनिक कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड।



# सैनिक कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड

| क्र0 सं0 | योजना–सेवा का नाम | लाभ | पात्रता /लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण। **(संशोधित)** | 01 वर्षीय कोर्स (कम्प्यूटर /एकाउंटिंग/वेब डिजाइनिंग /डिजिटल मार्केटिंग) निःशुल्क प्रशिक्षण। | पूर्व सैनिक/सैनिक विधवा एवं उनके आश्रित, जिनकी शैक्षिक योग्यता 12वीं पास हों। | योजना के तहत सभी जनपदों में निम्न विषयों में प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं:–<br>(1)डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन और प्रोग्रामिंग अवधि– 01वर्ष।<br>(2)डिप्लोगा इन प्रोफेशनल एकाउंटिंग अवधि – 01 वर्ष<br>(3)वेब डिजाइनिंग और डेवलवमेन्ट अवधि– 01 वर्ष।<br>(4)डिजिटल मार्केटिंग –01वर्ष<br>सर्व प्रथम निदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रचार–प्रसार के माध्यम से पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों से कोर्स हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु निम्न दस्तावेज आवश्यक हैं:–<br>(1)साधारण प्रार्थना पत्र।<br>(2)आधार कार्ड।<br>(3)पूर्व सैनिक पहचान पत्र।<br>(4)डिस्चार्ज बुक।<br>(5)12वीं पास का शैक्षिक प्रमाण पत्र।<br>इसके उपरांत संबधित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था को नाम उपलब्ध करवाये जाते हैं तथा संबंधित संस्था आवेदकों को प्रशिक्षण शुरू किये जाने हेतु सूचित करती है। |

******

PROGRAMME IMPLEMENT

## उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 (उपनल)





# उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 (उपनल)

| क्र0सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता /लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रोजगार हेतु प्रयोजन | पूर्व सैनिकों एवं उनके विधिक आश्रितों को आउटसोर्स के माध्यम से संविदा पद हेतु प्रायोजित कर रोजगार उपलब्ध कराना | केवल पूर्व सैनिक (थल सेना, जल सेना एवं वायु सेना), उनके विधिक आश्रित एवं वीर नारियाँ। | 1. सर्वप्रथम योग्य अभ्यर्थी (पूर्व सैनिक एवं उनके विधिक आश्रित) द्वारा उपनल की वेबसाइट www.upnl.co.in में अपने जिले एवं योग्यतानुसार एवं स्थान के अनुसार पद हेतु ऑन लाइन आवेदन/नामांकन फार्म (enrollment form) भरा जाता है।<br>2. विभागों से जिलेवार प्राप्त पदों की मांग (संख्या) एवं पदों हेतु निर्धारित/दी गई अर्हता/योग्यता के आधार पर, उपनल द्वारा वेबसाइट में दाखिल (enrolled) अभ्यर्थियों के नाम (जो पद हेतु संबंधित अर्हता/योग्यता रखते है) को उनके जिलेवार एव नामांकन के वरीयताक्रम के आधार पर, संबंधित विभाग को चयन हेतु प्रेषित किये जाते हैं।<br>3. उपनल द्वारा विभाग से प्राप्त मांग – 01(एक) रिक्त पद के सापेक्ष में 06 (छः) enrolled अभ्यर्थियो के नाम संबंधित विभाग को चयन हेतु प्रेषित किये जाते है।<br>4. विभाग द्वारा प्रायोजित अभ्यर्थियों का, विभाग की नियमावली के अनुसार चयन कर उपनल को सूचित किया जाता है। |
| 2. | कार्मिक की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि का भुगतान। | उपनल कार्मिक की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर रू0 1,00,000/– (एक लाख) की अनुग्रह राशि का भुगतान उपनल निधि से करना । | प्राप्तकर्ता, मृतक (उपनल कार्मिक) का विधिक आश्रित होना चाहिए जिसके संदर्भ में अनुग्रह राशि प्राप्त करने हेतु सेवाकाल के दौरान नामांकन किया गया हो। | किसी भी उपनल कार्मिक की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर, आश्रित द्वारा आवेदन पत्र निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपनल, मुख्यालय कार्यालय मे यथाशीघ्र प्रेषित किया जायेगाः–<br>(1)कार्मिक का मृत्यु प्रमाण पत्र।<br>(2)संलग्न प्रारूप के अनुसार मृतक कार्मिक के विभाग से सेवा प्रमाण पत्र (service Certificate) ।<br>(3)आश्रित का आधार कार्ड।<br>(4) आश्रित का बैक खाता विवरण (पासबुक की छायाप्रति)।<br>(5) आश्रित का फोटोग्राफ।<br>(6)परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड की प्रतिलिपि।<br>(7) परिवार रजिस्टर में उल्लेखित अन्य आश्रितों द्वारा 10 रूपये के एफिडेविट पर अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) तथा इस आशय का प्रमाण पत्र कि पूर्व में उन्हें अनुग्रह अनुदान का भुगतान नहीं किया गया है। |

## महिला कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड






# महिला कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड

| क्र0सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता/लाभार्थी | आवेदन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पालना घर (क्रैच) | कामकाजी दम्पतियों के बच्चों हेतु पालना घर संचालित है। 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की आयु वर्ग के बच्चों की दिन भर देखभाल की सुविधा। योजना अंतर्गत योजना के लाभ हेतु निम्नानुसार धनराशि ली जाती है :–<br>**बीपीएल परिवार हेतु** –<br>20 रू0 प्रति बच्चा प्रतिमाह।<br>रू0 12000/– से कम आय के परिवार हेतु–100/–रू0 प्रति बच्चा प्रतिमाह।<br>रू0 12000/– से ऊपर आय के परिवार हेतु–200/–रू0 प्रति बच्चा प्रतिमाह। | 6 माह से 6 वर्ष के बच्चें। | प्रत्येक जनपद में स्थापित है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग




उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 पर दिनांक– 09 नवम्बर, 2005 को अनुमति प्रदान की गयी तथा उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या–28, सन्–2005 के तहत् महिला आयोग का गठन किया गया है। **(उत्तराखण्ड शासन विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग संख्या–616/विधायी एवं संसदीय कार्य/2005 देहरादून, 11 नवम्बर, 2005 धारा–1 की उपधारा (3) के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग का गठन किया गया)**

**उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग का कार्यः–**

1. आयोग में पीड़ित महिलाओं द्वारा डाक, ई–मेल एवं व्हाट्स–एप के माध्यम से शिकायती प्रार्थना–पत्र प्रेषित किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त समाचार–पत्र/मीड़िया के माध्यम से आयोग के संज्ञान में आयी घटनाओं पर त्वरित स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है।
2. महिलाओं को घरेलू, मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न से मुक्ति के लिए पीड़ित महिला व उसके द्वारा की गयी शिकायत में नामित विपक्षीगणों को बुलाकर, उनके मध्य काउंसिलिंग करवाकर उन्हें उचित परामर्श दिया जाता है तथा लगातार वार्ता कर उत्पीड़न के केस अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करने का प्रयास किया जाता है।

3. अगर किसी भी जनपद से किसी महिला/बालिका के साथ छेड़छाड़ या हत्या का प्रकरण संज्ञान में आता है, तो उस पर आयोग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित घटना स्थलीय जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से फोन द्वारा सम्पर्क करते हुए जानकारी ली जाती है तथा उन्हें त्वरित जाँच/कार्यवाही करने सम्बन्धी निर्देश भी जारी किये जाते हैं। जांच व सुनवाई के आधार पर ही प्रकरण का निस्तारण किया जाता है।
4. किसी सरकारी या गैर–सरकारी विभाग में, यदि कोई महिला कार्यरत है, तथा उसका कार्यस्थल पर शोषण होने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होती है, तो, उस पर आयोग द्वारा संज्ञान लेते हुए, उस विभाग की **कार्यस्थल पर महिलाओं के विरूद्व यौन–उत्पीडन निवारण समिति (POSH)** द्वारा क्या कार्यवाही की गयी, उससे सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जाती है एवं आवश्यकता पड़ने पर आयोग द्वारा पक्षकारों के मध्य काउंसिलिंग प्रक्रिया भी सम्पन्न कराई जाती है।
5. आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य के समस्त दूरस्थ जनपदों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाये जाते हैं, जिसमें महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम–2005 दहेज निषेध अधिनियम–1961, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम–2013, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 इत्यादि की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मानव तस्करी रोकने सम्बन्धी शिविर, पोषण अभियान, मासिक–धर्म स्वच्छता शिविर, इत्यादि कार्यक्रम भी प्रत्येक वर्ष आयोजित कराये जाते हैं।
6. आयोग द्वारा राज्य के समस्त जनपदों के **पुलिस थाना, चौकी, वन स्टॉप सैण्टर, नारी–निकेतन, जिला कारागार, अस्पतालों में बने महिला प्रसूति गृह इत्यादि** का औचक निरीक्षण किया जाता है, ताकि वहाँ महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं व सुचारू व्यवस्थायें व उनके विषय में जानकारी प्राप्त हो सके।
7. आयोग द्वारा असहाय व पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सैण्टर एवं नारी निकेतन भेजने हेतु सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर त्वरित कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी निर्देश भी जारी किये जाते हैं।
8. आयोग द्वारा पीड़ित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाते हैं।
9. आयोग द्वारा जनपद में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र एवं स्पा सैण्टरों में पुलिस की सहायता से औचक निरीक्षण सम्बन्धी कार्यवाही की जाती है।
10. आयोग द्वारा महिला थाना/महिला डैस्क एवं खेल विभाग से सम्बन्धित सेमिनार का आयोजन कराया गया है।

**शिकायतों के निवारण प्रक्रियाः–** आयोग में लिखित प्रार्थना पत्र डाक/व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज की जा सकती है, इसके अतिरिक्त शिकायत दर्ज के लिए अपनी समस्या को निम्न वेबसाइट/ई–मेल पर दर्ज कर सकती/सकते हैं।

PROGRAMMI

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग




## उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग

राज्य के अल्पसंख्यक वर्गों के हितों की रक्षा के लिए दिनांक 19, जून 2002 को उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया। उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग में 01 अध्यक्ष ,02 उपाध्यक्ष एवं 09 सदस्य के पद सृजित है।

**उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम –2002 की धारा 9(1) के अनुसार मा0 आयोग के निम्न कृत्य है–**

(क) उत्तराखण्ड में अल्पसंख्यकों के विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना ।

(ख) संविधान और राज्य विधान सभा द्वारा पारित अधिनियमों/विधियों में उपबन्धित अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित रक्षापायों के कार्यकरण का अनुश्रवण करना।

(ग) सरकार से अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण के लिये रक्षापायों के प्रभावी कार्यन्वयन के लिये सिफारिश करना।

(घ) अल्पसंख्यकों के अधिकारों और रक्षापायों से वंचित किये जाने के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट शिकायतों को देखना और ऐसे मामलों को समुचित प्राधिकारियों के समक्ष उठाना।

(ड़) अल्पसंख्यकों के विरूद्ध किसी विभेद से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का अध्ययन करवाना और उनके निराकरण के उपायों की सिफारिश करना।

(च) अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास से सम्बन्धित विषयों पर अध्ययन, शोध और विश्लेषण का संचालन करना।

(ज) किसी अल्पसंख्यक समुदाय के सम्बन्ध में सरकार द्वारा समुचित उपाय किये जाने हेतु सुझाव देना और,

(झ) कोई अन्य मामला जो राज्य सरकार द्वारा उसे निर्दिष्ट किया जाय।

(2) सरकार धारा 9(1) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट सिफारिशों पर की गई या प्रस्तावित कार्यवाही को स्पष्ट करते हुए और यदि कोई सिफारिश स्वीकार नहीं की गई है उसका कारण देते हुए एक ज्ञापन के साथ, राज्य विधान सभा के समक्ष रखवायेगें

(3) आयोग को धारा 9(1) के खण्ड (क), (ख) और (घ) में उल्लिखित कृत्यों के पालन में यह सभी शक्तियां होंगी जो किसी सिविल न्यायालय में किसी वाद की सुनवाई के समय निहित है और विशेषकर निम्नलिखित विषयों में किसी वाद की सुनवाई के समय निहित है और विशेषकर निम्नलिखित विषयों के सम्बन्ध में अर्थात्।

(क) किसी व्यक्ति को सम्मन करना और हाजिर कराना तथा शपथ पर उसकी परीक्षा करना।

(ख) किसी दस्तावेज के प्रकट और पेश करने की अपेक्षा करना।

(ग) शपथ पत्रों पर साक्ष्य ग्रहण करना ।

(घ) किसी कार्यालय से कोई लेख अभिलेख या उसकी प्रतिलिपि अपेक्षित करना।

(ड) साक्षियों और दस्तावेजों की परीक्षा के लिए कमीशन जारी करना, और,

(च) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाय।

**शिकायतों के निवारण प्रक्रियाः—**अल्पसंख्यक वर्ग के किसी व्यक्ति को आयोग के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत यदि कोई शिकायत दर्ज करानी हो, तो, सम्बन्धित व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेगा तथा आयोग जांच कराकर सम्बन्धित विभाग से समस्या का निराकरण करायेगा।

PROGRAMME IMPLEM

# उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद, देहरादून



## उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद, देहरादून

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुंशी (हाईस्कूल), मौलवी (हाईस्कूल) एवं आलिम (इण्टरमीडिएट) की परीक्षाऐं संचालित करना। | मदरसों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राऐं उक्त परीक्षाओं में सम्मिलित होकर समाज की मुख्यधारा से जुडेंगे तथा अन्य बोर्ड के छात्र/छात्राओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्रहित में अपना योगदान देगें। | मदरसों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र–छात्राऐं | प्रत्येक वर्ष उक्त परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं में मदरसों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र–छात्राऐं आवेदन करते है। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाईन रखी गयी है। |
| 2. | तहतनिया (कक्षा 1 से 5) फौकानिया (कक्षा 6 से 8) मुंशी/मौलवी (हाईस्कूल) तथा आलिम (इण्टरमीडिएट) आदि की मान्यता प्रदान करना । | प्रदेश के मदरसों को मान्यता प्रदान की जाती है, जिससे मदरसें राज्य एवं केन्द्र की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। | (गाईडलाईन के अनुसार ) | मान्यता हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन दोनों रखी गयी है। बोर्ड स्तर पर गठित समिति द्वारा मान्यता के लिए आये आवेदनों का जांचोपरान्त चयन किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड




| क्र.सं | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वक्फ मॉडर्न मदरसा। | राज्य में निवासरत निर्धन / यतीम / सामान्य श्रेणी के बच्चों को कक्षा–UKG से कक्षा–10वीं तक दीनी / आधुनिक शिक्षा (NCRT पाठ्यक्रम) उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना। | राज्य में निवासरत निर्धन / यतीम / सामान्य श्रेणी के परिवारों के बच्चे, जो शुल्क देने में असमर्थ है। | राज्य में स्थित BPL परिवार के निर्धन बच्चे या अन्य सामान्य श्रेणी के बच्चे, जो शुल्क देने में असमर्थ है, वह ऑफलाईन आवेदन कर निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते है एवं निर्धारित आवेदन प्राप्त होने पर स्क्रूटनी कर पात्र बच्चों को निःशुल्क दीनी / आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जायेगी। |

********

# उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रम विभाग, उत्तराखण्ड।



# उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (BOCW)

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 01. | मोबाईल लर्निंग सेन्टर | निमार्ण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु मोबाईल लर्निंग स्कूल का संचालन। | उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे। | निर्माण स्थलो में कार्य कर रहे श्रमिकों के बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु निर्माण स्थलों पर जाकर मोबाईल लर्निंग सेन्टर (बस) के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है। |
| 02. | चिकित्सा जॉच सुविधा | निर्माण श्रमिकों की चिकित्सा जॉच सुविधा। | उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिक। | उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के तहत चिकित्सा जॉच लाभ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से डोर–टू–डोर (Door to Door) जाकर, कैम्प एवं क्लेकशन सेंटर के माध्यम से चिकित्सा जॉच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। |
| 03. | सामूहिक कन्या विवाह सहायता योजना | रू0 61000 / – आर्थिक सहायता देय होगी तथा सामूहिक विवाह आयोजन में होने वाले व्यय हेतु रू0 10000 / – प्रति जोड़े की दर से भुगतान आयोजनकर्ता को किया जाएगा तथा वर एवं वधू की पोशाक क्रय हेतु धनराशि रू0 5000 / – प्रत्येक की दर से देय होगी। | पंजीकृत निर्माण श्रमिक पात्र होगें, सामूहिक विवाह की दशा में विवाह की निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा। | सामूहिक विवाह हेतु आवेदन निर्धारित तिथि के 15 दिन पूर्व किया जा सकेगा। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा–<br>पुत्री तथा प्रस्तावित वर द्वारा क्रमशः 18 वर्ष 21 वर्ष से कम आयु नहीं होनी चाहिए। निर्माण श्रमिकों की पुत्री का आधार प्रमाणीकरण सामूहिक विवाह योजना हेतु कराया जाना आवश्यक होगा। आयु के संबंध में जन्म प्रमाण पत्र / स्कूल लिविंग सार्टिफिकेट / परिवार रजिस्टर की स्वप्रमाणित प्रति, विवाह कार्ड स्थानीय ग्राम प्रधान / तहसीलदार / सभासद / पार्षद द्वारा प्रमाणित एवं सत्यापित हो। आवेदक द्वारा इस संबंध में किसी अन्य विभाग से कोई सहायता न ली गयी हो, का स्वहस्तलिखित प्रमाण पत्र। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| WFC (श्रमिक सुविधा केन्द्र) स्थान और पता (गढवाल क्षेत्र)–16 | | | |
|---|---|---|---|
| क0स0 | जिला (District) | स्थान (Location) | WFC सेन्टर का पता (Centre Address) |
| 1. | **देहरादून** | अजबपुर (दीपनगर)–2 | दून यूनिर्वसिटी रोड, नियर नारी निकेतन, देहरादून–248121 |
| | | मोहकमपुर | निकट पोस्ट ऑफिस रोड, मोहकमपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड–248005 |
| | | विकासनगर | विकासनगर बाड़वाला, देहरादून |
| | | ऋषिकेश | WFC कोर्ट कम्पाउण्ड, ऋषिकेश। |
| 2. | **टिहरी गढवाल** | टिहरी गढवाल | WFC एम0–ब्लॉक, द्वितीय फ्लोर, निकट SBI Bank, नई टिहरी, टिहरी गढवाल–249001 |
| 3. | **रूद्रप्रयाग** | रूद्रप्रयाग | कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, भानाभार, रूद्रप्रयाग |
| 4. | **पौड़ी गढवाल** | श्रीनगर | मिनी बी0ओ0सी0डब्लू0 ऑफिस, तिवारी मौहल्ला, निकट बस स्टैण्ड श्रीनगर–246174 |
| | | कोटद्वार | WFC मौहल्ला जौनपुर निकट डिग्री कालेज, कोटद्वार–246149 |
| 5. | **उत्तरकाशी** | उत्तरकाशी | निकट जिला सहकारी बैंक जोशीयारा, उत्तरकाशी। |
| | | पुरोला | निकट नगर पालिका, पुरोला, उत्तरकाशी |
| 6. | **चमोली** | गोपेश्वर | WFC निकट पेट्रोल पम्प, गोपेश्वर, जिला चमोली–246401 |
| | | कर्णप्रयाग | निकट कर्ण, मन्दिर NH Highway कर्णप्रयाग, चमोली। |
| 7. | **हरिद्वार** | हरिद्वार | सुभाषनगर, निकट ज्वालापुर, त्रिमूर्ति मन्दिर, हरिद्वार–249407 |
| | | रूड़की | WFC 651/19, गंगा इन्कलेव, मालवीय चौक, रूड़की–247667 |
| | | लक्सर | चौधरी अजब सिंह कॉम्प्लेक्स, लक्सर–हरिद्वार |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| WFC (श्रमिक सुविधा केन्द्र) स्थान और पता (कुमॉउ क्षेत्र)–17 | | | |
|---|---|---|---|
| क0स0 | जिला (District) | स्थान (Location) | WFC सेन्टर का पता (Centre Address) |
| 1. | **अल्मोड़ा** | अल्मोड़ा | जिला पंचायत परिषद धारा नोला, अल्मोड़ा–263601 |
| | | सल्ट | सल्ट मौलखाल, अल्मोड़ा। |
| 2. | **बागेश्वर** | बागेश्वर | WFC बस स्टेशन रोड, गोमती होटल बागेश्वर–263642 |
| 3. | **उधमसिंह नगर** | काशीपुर | कार्यालय श्रम विभाग, काशीपुर। |
| | | रूद्रपुर | गांव–जगतपुरा, निकट स्पोर्टस स्टेडियम रूद्रपुर, उधमसिंह नगर–263153 |
| | | किच्छा | उत्तरांचल कालोनी, किच्छा, वार्ड न0–8, श्रम विभाग कार्यालय किच्छा। |
| | | खटीमा | नियर पार्वती मण्डप कंजाबाग रोड, खटीमा। |
| | | बाजपुर | निकट महाराजा होटल, बाजपुर। |
| | | गदरपुर | कुल्हा पो0–मझरा आनन्द सिंह, मजहसन, उधमसिंह नगर–263160 |
| 4. | **पिथौरागढ़** | पिथौरागढ़ | WFC गीता श्याम सदन, सिनेमा लाईन, पुराना NCC ऑफिस, पिथौरागढ़–262501 |
| | | धारचूला | सिनेमा लाईन, नियर संग सुन्दरालय, धारचूला। |
| 5. | **चम्पावत** | टनकपुर | WFC श्रम विभाग, भटट् बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन रोड, टनकपुर–262309 |
| | | चम्पावत | गोरल चौड़ मैदान, निकट सी0एम0 कैम्प, चम्पावत |
| 6. | **नैनीताल** | हल्द्वानी | श्रम आयुक्त कार्यालय, श्रम भवन हल्द्वानी–263139 |
| | | लालकुऑ | निकट एवरग्रिन स्कूल, तुलारामपुर, मोटाहल्दू, लालकुऑ, हल्द्वानी |
| | | रामपुर | शिवलालपुर चुंगी, निकट बृजेश हॉस्पिटल, रामनगर। |
| | | खनस्यूं | निकट पुलिस चौकी, खनस्यूं। |

**********

# खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग

## विधिक माप विज्ञान विभाग






| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया तथा चयन प्रक्रिया। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बाट–माप तथा तौल यंत्रों के मरम्मतकर्ता का लाइसेन्स। | स्वरोजगार के रूप में व्यापारियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले बाट–माप तथा तौल यंत्रों का | (अ) आई0टी0आई0 (इलेक्ट्रॉनिक्स) अथवा समकक्ष तथा 02 वर्ष का अनुभव। या<br>(ब) डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स या इन्स्ट्रमेटेशन या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अथवा समकक्ष तथा 01 वर्ष का अनुभव। या | आवेदक–www.Investuttarakhand.uk.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।<br>(1) पोर्टल पर (विधिक माप विज्ञान विभाग) Fcs Legal Metrology का चयन करेंगे।<br>(2) तत्पश्चात् सेवा का चयन कर, दिए गए आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिसर के पते का प्रमाण, परिसर के स्वामित्व का प्रमाण (जैसे बिजली का बिल किरायेनामा / रजिस्ट्री की प्रति), शैक्षिक योग्यता व अनुभव का |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | मरम्मत कर, मरम्मत शुल्क एवं निर्धारित सरकारी शुल्क प्राप्त कर आजीविका सुनिश्चित करना। | (स) भौतिक विज्ञान सहित बी0एस0सी0 तथा एक वर्ष का अनुभव। या<br>(द) बी0ई0 / बी0टैक (इलेक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक्स इन्स्ट्रमेटेशन अथवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) | प्रमाण पत्र तथा लागू होने वाले अन्य दस्तावेज, जो कि पोर्टल में उल्लिखित हैं, को अपलोड करेंगे तथा निर्धारित शुल्क (रु0–100) ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् फॉर्म निरीक्षक को अग्रसारित करेंगे। निरीक्षक द्वारा निर्धारित समयानुसार निरीक्षण के पश्चात स्वीकर्ता द्वारा ऑनलाइन लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। |
| 2. | बाट–माप तथा तौल यंत्रों के विक्रेता का लाइसेन्स। | स्वरोजगार के रूप में बाट–माप तथा तौल यंत्रों का विक्रय कर आजीविका सुनिश्चित करना। | पात्रता निर्धारित नहीं है। | आवेदक–www.Investuttarakhand.uk.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।<br>(1) पोर्टल पर (विधिक माप विज्ञान विभाग) Fcs Legal Metrology का चयन करेंगे।<br>(2) तत्पश्चात् सेवा का चयन कर, दिए गए आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिसर के पते का प्रमाण, परिसर के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (जैसे बिजली का बिल किरायेनामा / रजिस्ट्री की प्रति), बाट माप तथा तौल यंत्रों के केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त GST रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र तथा लागू होने वाले अन्य दस्तावेज जो कि पोर्टल में उल्लिखित हैं को अपलोड करेंगे तथा निर्धारित शुल्क (रुपये–100) ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् फॉर्म निरीक्षक को अग्रसारित करेंगे। निरीक्षक द्वारा निर्धारित समयानुसार निरीक्षण के पश्चात् स्वीकर्ता द्वारा ऑनलाईन, लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। |
| 3. | बाट–माप तथा तौल यंत्रों के विनिर्माता का लाइसेन्स। | स्वरोजगार के रूप में बाट माप तथा तौल यंत्रों का विनिर्माण कर आजीविका सुनिश्चित करना। | पात्रता निर्धारित नहीं है। | आवेदक, www.Investuttarakhand.uk.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।<br>1) पोर्टल पर (विधिक माप विज्ञान विभाग) Fcs Legal Metrology का चयन करेंगे।<br>2) तत्पश्चात् सेवा का चयन कर, दिए गए आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिसर के पते का प्रमाण, परिसर के स्वामित्व का प्रमाण (जैसे बिजली का बिल किरायेनामा / रजिस्ट्री की प्रति), बाट माप तथा तौल यंत्रों के केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त Model Approval का प्रमाण पत्र तथा लागू होने वाले अन्य दस्तावेज जो कि पोर्टल में उल्लिखित हैं को अपलोड करेंगे तथा निर्धारित शुल्क (रु0–500) ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् फॉर्म निरीक्षक को ऑनलाइन अग्रसारित करेंगे। निरीक्षक द्वारा निर्धारित समयानुसार निरीक्षण के पश्चात् स्वीकर्ता द्वारा ऑनलाइन, लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड राज्य खाद्य आयोग




राष्ट्रीय खाद्य सूरक्षा अधिनियम 2013 की धारा—16 के तहत राज्य सरकार द्वारा राट्रीय खाद्य सुरक्षा के कार्यान्वयन का अनुश्रवण और उसका पुनर्विलोकन करने के प्रयोजनार्थ राज्य खाद्य आयोग, उत्तराखण्ड का गठन किया गया है।

**कार्य**—उत्तराखण्ड राज्य खाद्य आयोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की विभित्र धाराओं के अंतर्गत किए गए प्राविधानों के तहत भारत सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न विभागों के माध्यम से पोषण से संबंधित योजनाओं यथा खाद्य विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उचित दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराते हुंए लाभार्थियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कराना, मध्याह्न भोजन योजना/पी0 एम0 पोषण योजना, जो कि शिक्षा विभाग से संबंधित है, जिसके अंतर्गत राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में दोपहर का पका पकाया भोजन पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है, तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती धात्रियों एवं पात्र बच्चों को उचित पोषण युक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाता है, जिसके लिए आयोग द्वारा समय—समय पर राज्य/मण्डल/जिला स्तर के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठकें/स्थलीय निरीक्षण किया जाता है एवं निरीक्षण के दौरान पायी जानी वाली कमियों/खामियों को तत्काल दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए आयोग द्वारा शिकायती टोल फ्री न0 18001804190, दूरभाष न0 0135—2669420 एवं ईमेल— uafoodcommission@gmail.com जारी किया गया है। आयोग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित विभिन्न माध्यमों यथा टोल फ्री नम्बर, दूरभाष, ईमेल, डाक, शिकायतकर्ता द्वारा आयोग में स्वंय उपस्थित होकर अथवा स्वतः संज्ञान के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आयोग में परिवाद के रूप मे दर्ज कर कार्यवाही करते हुए शिकायत का निस्तारण किया जाता है। शिकायत के निस्तारण के दौरान प्रतिवादी के दोषी पाये जाने पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 33 के तहत अर्थदण्ड भी आरोपित किया जाता है।

## राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उत्तराखण्ड




उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत त्रिस्तरीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष अभिकरणों की स्थापना की गई है, जिसके तहत् राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नई दिल्ली में व प्रत्येक राज्य की राजधानी में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं प्रत्येक जिले में कम से कम एक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गठित किये जाने का प्रावधान है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग को संक्षेप में **'राष्ट्रीय आयोग'**, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग को संक्षेप में **'राज्य आयोग'** एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग को 'जिला आयोग' के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रीय आयोग की स्थापना केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके की गयी है। राज्य आयोग एवं जिला आयोग की स्थापना संबंधित प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके की जाती है। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं अधीनस्थ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एक अर्द्ध न्यायिक तंत्र है। इनमें उपभोक्ताओं द्वारा वस्तुओं और सेवाओं में कमी के आधार पर वाद दायर किये जाते हैं, जिनका गुण–दोष के आधार पर निस्तारण किया जाता है। उपभोक्ता वाद/शिकायत के मूल्यांकन के अनुसार जिला आयोग, राज्य आयोग एवं राष्ट्रीय आयोग में नियत शुल्क का भुगतान करके उपभोक्ता वाद दायर करने की निर्धारित प्रक्रिया/नियम के अनुसार उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया जा सकता है। पांच लाख तक के मूल्यांकन के उपभोक्ता परिवाद पर शुल्क नहीं लगता है।

**प्रदेश में राज्य आयोग/जिला आयोगों की स्थापनाः–**उत्तराखण्ड में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की स्थापना वर्ष 2002 में हुई है। जिला देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, चमोली, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल व उधमसिंह नगर में जिला आयोग पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश के समय से स्थापित हैं। जिला रुद्रप्रयाग, चम्पावत एवं बागेश्वर में जिला आयोग का गठन वर्ष 2002 में किया गया, इस प्रकार उत्तराखण्ड राज्य में जिला आयोगों की संख्या 13 है ।

**राज्य आयोग/जिला आयोगों के अध्यक्ष व सदस्यगणों की नियुक्ति का प्रावधानः–** उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए अर्हता, भर्ती की पद्धति, नियुक्ति की प्रक्रिया, कार्यकाल, पद से त्यागपत्र और हटाना) नियम, 2020 के नियम 6 में दी गयी व्यवस्थानुसार राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा चयन समिति की सिफारिशों पर की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे,

(क) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अथवा उनके द्वारा नाम विर्देशित उच्च न्यायालय का कोई अन्य न्यायाधीश– अध्यक्ष
(ख) राज्य सरकार के उपभोक्ता मामले के प्रभारी सचिव– सदस्य
(ग) राज्य के मुख्य सचिव के नामित–सदस्य

**कार्यः–**यदि मामले (परिवाद/शिकायत) का मूल्यांकन 50 लाख रुपये तक है, तो इसे सम्बन्धित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दायर किया जा सकता है, यदि यह मूल्यांकन 50 लाख रुपये से अधिक परन्तु 2 करोड़ रुपये तक है, तो, इसे सम्बन्धित राज्य के राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दायर किया जा सकता है। यदि मूल्यांकन 2 करोड़ रुपये से अधिक है तो, इसे सीधे माननीय राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग, नई दिल्ली में दायर किया जा सकता है। वाद/शिकायत का मूल्यांकन धनराशि रूपये पांच लाख से अधिक होने की स्थिति में मूल्यांकन के अनुसार कोई भी व्यक्ति (आवश्यक निर्धारित शुल्क के साथ) व्यक्तिगत रुप से या किसी अधिवक्ता के माध्यम से सम्बन्धित जिला उपभोक्ता आयोग/राज्य उपभोक्ता आयोग या माननीय राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग, नई दिल्ली में उपभोक्ता मामला/वाद दायर कर सकता है। यह भी उल्लेख करना है कि जिला आयोग द्वारा पारित आदेश से क्षुब्धं/असंतुष्ट पक्षकार आदेश की तिथि से 45 दिनों की अवधि के भीतर डिक्रीत धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि (Statutory amount) जमा करने के पश्चात् ऐसे आदेश के विरुद्ध राज्य आयोग में अपील कर सकता है। इसी प्रकार राज्य आयोग द्वारा उपभोक्ता परिवाद (Consumer Complaint) में पारित आदेश से क्षुब्ध/असंतुष्ट पक्षकार आदेश की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर डिक्रीत धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि (Statutory amount) जमा करने के पश्चात् ऐसे आदेश के विरुद्ध मा० राष्ट्रीय आयोग में अपील कर सकता है तथा राज्य आयोग द्वारा अपील में पारित आदेश से क्षुब्ध/असंतुष्ट पक्षकार आदेश की तिथि से 90 दिनों की अवधि के भीतर ऐसे आदेश के विरुद्ध मा० राष्ट्रीय आयोग में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत कर सकता है।

उपभोक्ता परिवाद एवं अपील का निस्तारण यथासम्भव तीन माह (90 दिन) में किये जाने का प्रावधान है।

**शिकायतों के निवारण संबंधी :–** वर्तमान में जिला आयोग में ऑन–लाईन E-Daakhil पोर्टल के माध्यम से भी वाद दायर करने की सुविधा है। राज्य उपभोक्ता आयोग उत्तराखण्ड में दिनांक 01.06.2023 से ऑन–लाईन E-Daakhil पोर्टल से वाद दायर करना अनिवार्य है। साथ ही वादों की सुनवाई पक्षकार व अधिवक्तागण Virtual mode से भी कर सकते हैं। वादों का निस्तारण ऑन–लाईन प्रक्रिया से गतिमान है।

PROC

# गृह (पुलिस) विभाग, उत्तराखण्ड




## साइबर क्राइम

साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन/साईबर थाना प्रदेश में साईबर चुनौतियों से निपटने हेतु अग्रणीय पुलिस बल है, वर्तमान में एसटीएफ के अधीन साईबर के दो थाने है, जो गढ़वाल व कुमायूँ के सम्पूर्ण क्षेत्र में होने वाले साइबर अपराधों के विरुद्ध निरोधात्मक/विवेचनात्मक कार्यवाही के साथ–साथ जनपद स्तर पर अभियोगों के अनावरण में भी तकनीकी सहायता प्रदान करते रहते हैं। साईबर अपराधियों द्वारा समय–समय पर नई–नई तकनीक से साईबर अपराधों को कारित किया जाता है, जिस हेतु साईबर थाने द्वारा ही नये अपराधों के करने की चुनौतियों से निपटने के लिये आवश्यक एवं नई तकनीक की जानकारी के लिये अनुसंधान किया जाता है, उसके पश्चात् उक्त तकनीक को अपराधों को अंकुश लगाने में प्रयोग किया जाता है ।

वर्तमान में साईबर अपराधियों द्वारा अपराध के नये–नये तरीके अपनाये जा रहे हैं, साथ ही साईबर अपराध के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन नयी–नयी तकनीकों का विस्तार हो रहा है, समाज में व्यक्ति की इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। आज की दुनिया में बहुत सारे महत्वपूर्ण कार्य इंटरनेट के उपयोग से पूर्ण व सुरक्षित रखे जा रहे है। मोबाईल, कम्प्यूटर, **सोशल मीडिया** आदि ने आपसी सम्पर्कों के साथ–साथ आर्थिक लेनदेन को भी बहुत ही सुगम बना दिया है। वर्तमान सरकारें भी साईबर निर्भरता को बढ़ावा दे रही हैं। जहां एक ओर आम आदमी द्वारा घर बैठे दुनिया में कहीं भी पल

PROGRAMME IMPLE MENT

भर में बैंकिंग, ई–शॉपिंग के माध्यम से अपने रोजमर्रा के कार्य किये जा रहे है, वहीं दूसरी ओर अपराधियों की भी पहुंच आम आदमी, सरकारी/गैर सरकारी प्रतिष्ठान/संस्थान तक बहुत ही आसान हो गयी है, जिसका फायदा उठाते हुये साईबर की जानकारी रखने वाले अपराधी देश–विदेश के सुदूर कोनों से भी उस व्यक्ति व संस्थानों की गोपनीय जानकारियां लेकर प्रतिरूपण करते हुये आर्थिक व सामाजिक साईबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में साईबर क्राईम पुलिस पर यह विशेष जिम्मेदारी आ जाती है कि वह ऐसे साईबर अपराध एवं धोखाधड़ी की जानकारी रखते हुये साईबर अपराधियों तक पहुंचकर ऐसे नित नये तरीकों से हो रहे साईबर अपराधों की रोकथाम व अनावरण करे।

**वर्तमान में साईबर अपराधियों द्वारा साईबर अपराध हेतु मुख्य रूप से अपनाई जा रही Modus Operandi-**

1. QR Code स्कैन फ्रॉड,
2. ऑनलाईन जॉब/टास्क फ्रॉड,
3. OLX एप फ्रॉड,
4. फेक कस्टमर केयर/गुगल हैल्प लाईन फ्रॉड,
5. के0वाई0सी0/ईनाम/लॉटरी फ्रॉड,
6. अनऑथराइजड एक्सेस/OTP फ्रॉड,
7. ऑनलाईन ट्रेडिंग/इनवेस्टमेंट फ्रॉड,
8. इन्श्योरेंस पॉलिसी/लोन एप फ्रॉड,
9. विदेश से गिफ्ट भेजने/विदेशी मुद्रा का लालच देकर,
10. मैट्रोमोनियल फ्रॉड,
11. **कोरियर पार्सल/AI फ्रॉड,**
12. डिजीटल ऐरेस्ट/हाउस ऐरेस्ट,
13. Black Male/Sextortion]
14. Fake ID/Defame इत्यादि।

**"उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा साईबर अपराधों की रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयास"**

1– गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत आदेश–निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य, देहरादून मे साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून पर साईबर क्राईम सम्बन्धित सहायता हेतु **साईबर हेल्प लाईन 1930** का गठन किया गया है। जिसमे कुशल कर्मियों का चयन कर 24×7 कार्य करते हुये प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु रिस्पॉन्स टाइम निर्धारित कर, त्वरित कार्यवाही अमल मे लाई जा रही है।

2– एस0टी0एफ0/साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन उत्तराखण्ड द्वारा समय–समय पर साइबर क्राइम प्रशिक्षण का विशेष अभियान चलाकर उत्तराखण्ड़ पुलिस के अधिकांश अधिकारी/कर्मचारी गण को प्रशिक्षित किया गया है।

3– साइबर अपराधियों द्वारा नये–नये तरीके अपनाकर अपराध कारित किया जा रहा है, जिसकी रोकथाम हेतु Modus Operendi के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था कर कार्मिकों को समय–समय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

4– एस0टी0एफ0/साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन उत्तराखण्ड द्वारा आम जनता को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाने एवं जागरुक करने हेतु नियमित रुप से साइबर सुरक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम चलाकर स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल आदि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, अन्य विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न कम्पनियों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों, वर्करों को जागरुक/प्रशिक्षित किया जा रहा है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

5– इसके अतिरिक्त साइबर जागरुकता एवं साइबर अपराध की रोकथाम हेतु फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साइबर सुरक्षा टिप्स साझा किये जा रहे हैं एवं बैनर, होल्डिंग, पैम्फलेट्स आदि विभिन्न प्रचार प्रसार सामग्री के माध्यम से भी साईबर जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

**महिला/बच्चों की सुरक्षा हेतु किये जा रहे कार्य**

महिलाओं/बालिकाओं के प्रति घटित अपराधों की रोकथाम एवं घटना घटित होने पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना **"गौरा शक्ति योजना"** लागू की गयी है, इसके अन्तर्गत प्रदेश में एक त्रिस्तरीय सहायता तंत्र, थाना स्तर पर महिला डेस्क, जनपद स्तर पर महिला सुरक्षा हेल्प लाईन एवं महिला काउंसिलिंग सेल तथा राज्य स्तर पर राज्य महिला सुरक्षा हेल्प लाईन का गठन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत उक्त त्रिस्तरीय तंत्र को संरचनात्मक रूप से सुदृढ़ करने, कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने, महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षित करने के साथ ही प्रत्येक स्तर पर पुलिस अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है।

**उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के अन्तर्गत गौरा शक्ति योजना का क्रियान्वयन**

1– प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प डेस्क के अर्न्तगत QRT (Quick Reaction Team) का गठन किया गया है। थाने पर महिला सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर QRT द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर first responder की भांति कार्य करते हुये, पीड़िता को हर सम्भव सहायता प्रदान की जा रही है।

2– महिला अपराधों के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों Hot Spot का चिन्हिकरण, Hot Spot में सीसीटीवी/लाईट की व्यवस्था एवं Hot Spot की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

3– स्कूल/कॉलेज/कोचिंग संस्थानों के खुलने एवं बन्द होने के समय चीता/महिला चीता/सी0पी0यू0 द्वारा नियमित पेट्रोलिंग ।

4– प्रभारी महिला हेल्प डेस्क एवं अन्य चार आरक्षियों की एक टीम **"टीम गौरा"** का गठन किया गया है, जो समस्त छात्र–छात्राओं को सुरक्षा/ड्रग्स/यातायात नियम/साईबर अपराध आदि के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसको और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु मुख्यालय स्तर से लगभग 3,000 जागरूक पुस्तिका जनपदों को वितरित की गयी है।

5– दिनांक 20 फरवरी 2023 से 22 फरवरी 2023 तक सभी जनपदों से **"टीम गौरा"** में नियुक्त कुल 35 महिला कर्मियों को Self Defense Instructor Course (Level-I) का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है इसी क्रम में इन्ही महिला कार्मिकों को Level-II प्रशिक्षण कराये जाने हेतु प्रक्रिया प्रचलित है। इन प्रशिक्षित महिला पुलिस कार्मिकों द्वारा जनपदों में नियमित रूप से छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु टेक्निक सिखाये जाने के लिए स्कूल/कॉलेज आदि में नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत् उत्तराखण्ड पुलिस एप के अन्तर्गत **"गौरा शक्ति मॉड्यूल"** बनाया गया है, जिसमें पंजीकरण के पश्चात् पंजीकरणकर्ता सम्बन्धित थाने की Mapped Women Police Officer के साथ वन–टू–वन सम्पर्क में रहती है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक विस्तृत एस0ओ0पी0 तैयार कर सर्वसम्बन्धित को मुख्यालय स्तर से प्रशिक्षित भी किया गया है। समस्त थानों में महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों को एक पृथक से मो0नं0 भी आबंटित किया गया है। इस एप के माध्यम से महिलायें आसानी से ऑनलाईन शिकायत भी दर्ज करा रही है।

महिलाओं/बालिकाओं से सम्बन्धित अपराध की सूचना अथवा उनकी शिकायत आसानी से दर्ज किये जाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा 24×7 निम्नलिखित प्लेटफार्म उपलब्ध कराये गये हैः–

1– डायल 112, जिसमें 24×7 प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी नियुक्त।

2– पुलिस मुख्यालय स्तर पर Whatsapp No- 9411112780

3– प्रत्येक थाने पर **''महिला हेल्प डेस्क''** ।

4– Uttarakhand Police App "Gaura Shakti Module"/SOS

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

5– थाना/चौकी।

राज्य में प्रत्येक थाना महिला फ्रेंडली बनाये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाने पर कम से कम 01 महिला उपनिरीक्षक एवं 04 महिला आरक्षी की तैनाती की गयी है।

उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013 के तहत प्रतिकर सहायता धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जा रहा है। इसके साथ ही महिला पीड़ितों हेतु उत्तराखण्ड यौन अपराध एवं अन्य अपराधों से पीड़ित/उत्तरजीवी महिलाओं हेतु प्रतिकर योजना 2020 लागू की गयी है।

अपराध पीड़ितों को उपरोक्त दोनों ही योजनाओं के अन्तर्गत प्रतिकर धनराशि भुगतान किये जाने हेतु पीड़ितों को सहयोग प्रदान करने एवं आवश्यकतानुरूप सम्बन्धित विभागों से समन्वय किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता के दृष्टिगत महिला यौन अपराधों की विवेचना महिला अधिकारी द्वारा ही की जाती है। महिलाओं के प्रति घटित यौन अपराधों में गुणवत्तात्मक विवेचना हेतु मुख्यालय स्तर से विस्तृत एस0ओ0पी0 एवं निर्देश से सम्बन्धित पुस्तिका प्रकाशित कर समस्त महिला विवेचकों को आवंटित की गयी है। महिलाओं के प्रति घटित यौन अपराधों में वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन के उद्देश्य से जनपदों को आवश्यकतानुरूप Sexual Assault Evidence Collection Kits (SAEC Kits) उपलब्ध करायी जा रही है।

बलात्संग एवं बलात्संग के साथ पोक्सो के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों का समयान्तर्गत निस्तारण किया जा रहा है। ITSSO Portal के अनुसार प्रदेश का बलात्संग एवं बलात्संग के साथ पोक्सो अधि0 के अभियोगों का 02 माह में निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान है।

प्रदेश में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में **"विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU)"** एवं प्रत्येक थाने पर **बाल कल्याण पुलिस अधिकारी** (CWPO) की नियुक्ति की गयी है।

प्रत्येक जनपद में बाल मित्र थाना स्थापित किये गये है।

## भिक्षावृत्ति उन्मूलन आदि से सम्बन्धित कार्यों का विवरण

गुमशुदा बच्चों, महिला व पुरुषों की तलाश हेतु दिनांक 01–05–2024 से दिनांक 30–06–2024 तक **"ऑपरेशन स्माइल"** अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 465 बच्चे, 391 पुरुष व 514 महिलाओं (कुल 1370 गुमशुदा) को बरामद किया गया। **"ऑपरेशन स्माइल"** अभियान में वर्ष 2015 से अब तक कुल 5981 गुमशुदाओं को बरामद किया गया।

बच्चों द्वारा की जा रही अथवा करायी जा रही भिक्षावृत्ति, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम, बच्चों को अपराध में संलिप्त होने से रोकने एवं उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किये जाने हेतु दिनांक 01–03–2024 से दिनांक 31–03–2024 तक **"ऑपरेशन मुक्ति"** अभियान चलाया गया, जिसमें 892 बच्चों का सत्यापन किया गया तथा 378 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला कराया गया। **"ऑपरेशन मुक्ति"** अभियान में वर्ष 2017 से कुल 8562 बच्चों का सत्यापन किया गया तथा कुल 3981 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला कराया गया। प्रदेश में भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु प्रत्येक जनपद में **"भिक्षावृत्ति नियंत्रण यूनिट"** गठित की गयी है।

## ड्रग्स के खिलाफ अभियान

नशामुक्ति एक महत्वपूर्ण मानविक उद्देश्य है, जिसका मकसद व्यक्ति और समाज को नशे की बुराई से मुक्त करना है। नशा मुक्ति के अर्थ, महत्व, कारण और उपायों में **"नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना, अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशे को दूर करने का प्रयास है और साथ ही साथ व्यक्ति या समाज की स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली को प्राथमिकता देना और नशे के हानिकारक प्रभावों से बचाव करना"** होता है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

नशा मुक्ति का महत्व न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन के लिए है, बल्कि समाज के विकास के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। नशे का सेवन समाज में अपराध, गरीबी और परिवारों के टूटने का प्रमुख वजह है। नशे के कारण मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बिगाड़ देते हैं। यह व्यक्ति के व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को भी प्रभावित करना है और उनके सम्बन्धों को भी क्षति पहुँचाता है। नशामुक्ति के उपायों में शिक्षा, सशक्तिकरण और चिकित्सा सहायता शामिल होती है। समाज में जागरूकता फैलाने और नशे के सेवन को रोकने के लिए कई प्रमुख पहलुओं पर काम किया जाना होगा। नशामुक्ति हमारे समाज के विकास के लिए आवश्यक है, यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम नशे से मुक्ति प्राप्त करने के लिए कठिन प्रयास करें और अपने समाज को नशे के हानिकारक प्रभावों से बचाने में सहयोग करे।

मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड द्वारा दिये मिशन **"ड्रग फ्री देवभूमि 2025"** पर कार्य किये जाने की परिकल्पना को साकार करने हेतु प्रदेश में मादक पदार्थो के उपयोग व प्रचलन को नियन्त्रण में रखे जाने तथा मादक पदार्थो की अवैध तस्करी एवं कारोबार की रोकथाम तथा प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु राज्य में अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक के पर्यवेक्षण में **"एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF)"** का गठन किया गया है।

**मादक पदार्थ की तस्करी, बिक्री आदि में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही–**

राज्य में मादक पदार्थ एवं नशीली दवाओं की बिक्री, तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध विगत 02 वर्षो (2022 से 2024 माह जुलाई तक) में 5331 अभियोगों में 4481 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 5229.46 कि0ग्राम मादक पदार्थ एवं 1002118 नशीली (संख्यात्मक विवरण) टेबलेट्स/इजेक्शन/कैप्सूल बरामद की गई, जिसकी अनुमानित मूल्य–196 करोड से अधिक है।

**आदतन ड्रग तस्करों के विरूद्ध PIT NDPS Act के अन्तर्गत कार्यवाही–**

विगत 03 वर्षो में 04 अभियुक्तों के विरूद्ध PIT NDPS Act के अन्तर्गत कार्यवाही की गई

**वित्तीय विवेचना (Financial Investigation)–**

मादक पदार्थ में सम्बन्धित अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करके अभियुक्त द्वारा अर्जित सम्पत्ति की वित्तीय विवेचना (Financial Investigation) की गई, जिसमें विगत 03 वर्षो में राज्य में 10 अभियोगों में 3 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति सीज/फ्रीज की गई।

**नशे के विरूद्ध जन–जागरूकता (Awareness)–**

झुग्गी झोपड़ी, मलिन बस्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों के साथ–2 शहरी/ग्रामीण क्षेत्र शैक्षणिक संस्थान स्कूल/कॉलेजों में छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों तथा सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम 700, गोष्ठी–983, पम्पलेट/पोस्टर–49158, फ्लैक्सी बोर्ड–193, स्टीकर–19306, होल्डिंग–94, बैनर–262, स्कूल/कॉलेजो में जागरूकता कार्यक्रम–393 जिसमें लगभग–48314 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा इसी अवधि में सम्बन्धित अभिभावकों की उपस्थिति में 1792 व्यक्तियों की कॉउन्सिलिंग भी की गयी।

**De-addiction-**

राज्य सरकार द्वारा कुमायूँ एवं गढ़वाल परिक्षेत्र में 1–1 नशामुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र स्थापित किये जाने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है, जहॉ पर ड्रग एडिक्ट को उचित इलाज हेतु प्रेरित किया जायेगा।

**साइबर हेल्प न0** – 1930

**महिला अपराध Whatsapp No**– 9411112780

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं




## उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं

उत्तराखंड अग्निशमन सेवा विभाग 9 नवम्बर 2000 को उत्तरांचल राज्य की स्थापना के साथ ही अस्तित्व में आया। इस विभाग ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त अग्निशमन गतिविधियों और जीव–जंतुओं की सुरक्षा में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अग्निशमन सलाहकार द्वारा जारी दिनांक 22/10/2003 के आदेश के अनुसार उत्तराखण्ड अग्निशमन विभाग का नाम बदलकर उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं कर दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्रों में 30 अग्निशमन केन्द्रों तथा औद्योगिक क्षेत्रों में 5 अग्निशमन केन्द्रों/इकाइयों की स्थापना के साथ, वर्तमान में उत्तराखण्ड में अग्निशमन केन्द्रों की कुल संख्या 48 अग्निशमन केन्द्रों एवं इकाइयों तक पहुंच गई है।

**उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के कार्यः–**

(क) शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के औद्योगिक, आवासीय, शैक्षिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठान, भण्डारण, पावर हाउस, कल कारखानों एवं तेल गैस डिपों में लगी आगों को विभाग में नियुक्त कार्मिकों द्वारा बुझाया जाता है।

(ख) उत्तराखण्ड राज्य में स्थित वनों में घटित आग की घटनाओं को, विभाग में नियुक्त कार्मिकों द्वारा भी बुझाया जाता है।

(ग) विभिन्न प्रकार की आपदा जैसे दैवीय आपदा, बाढ, भूस्खलन, बादल फटना, वाहन दुर्घटना, नदियों में फंसे व्यक्तियों एवं जीवों को रेस्क्यू से सम्बन्धित कार्य किये जाते है।

(घ) अतिवृष्टि के कारण व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भरे पानी निकासी करना, तेज आंधी से सडकों एवं भवनों के ऊपर गिरे पेड़ों को काटकर हटाते हुए भवन को सुरक्षित करना एवं सड़क मार्ग को यातायात हेतु निर्बाधित किया जाता है।

(ङ) राजभवन, मा० मुख्यमंत्री आवास, सचिवालय, वीवीआईपी वीआईपी मेला, जुलूस प्रदर्शन, धरना प्रदर्शन आदि में अग्निशमन एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित की जाती है।

(च) शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निकाण्ड की घटनाओं में कमी लाने हेतु अग्निशमन कार्मिकों द्वारा अग्निजोखिम युक्त औद्योगिक संस्थानों यथा तेल एवं गैस डिपो, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, लीसा डिपो, शैक्षणिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में अग्नि, मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है, तथा विभिन्न संस्थानों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों के संचालन एवं रख–रखाव का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तथा अग्निसुरक्षा सम्बन्धित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाते है।

(छ) प्रदेश के हेलीपेड़/हेलीपोर्टस में हवाई जहाज एवं हेलीकॉप्टर की लैण्डिंग/टेक–ऑफ में अग्निसुरक्षा ड्यूटी सम्पन्न की जाती है।

**सेवा का अधिकार के तहत उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग द्वारा वर्तमान में जारी सेवाओं का विवरणः–**

| क्रं. सं. | प्रदान की जाने वाली सेवा | पदाभिहित अधिकारी | सेवा हेतु निर्धारित समय–सीमा | प्रथम अपीलीय अधिकारी | द्वितीय अपीलीय अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पेट्रोल पम्प/सिनेमा हॉल को अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने विषयक संस्तुति/आख्या अग्रसारित करना | प्रभारी, थानाध्यक्ष/अग्नि शमन अधिकारी | 15 दिवस | क्षेत्राधिकारी, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी | उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग |
| 2. | सल्फर की बिकी के लिए लाईसेंस | प्रभारी थानाध्यक्ष/अग्निशमन अधिकारी | 07 दिवस | क्षेत्राधिकारी | उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग |
| 3. | पटाखों की बिकी के लिए लाईसेंस | प्रभारी थानाध्यक्ष/ अग्निशमन अधिकारी | 07 दिवस | क्षेत्राधिकारी | उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग |
| 4. | अग्निशमन सेवाओं के द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र उपलब्ध<br>(1) सार्वजनिक समारोह के आयोजन हेतु<br>(2) अन्य प्रयोजनों हेतु | प्रभारी / थानाध्यक्ष | 15 दिवस | मुख्य अग्निशमन अधिकारी/ क्षेत्राधिकारी | उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग |

1. आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in पर उपलब्ध रहेगी। अतः अभ्यर्थी काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व समस्त प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।
2. आनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in esa Login-ID/Password बनाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।
3. अभ्यर्थी वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं पासवर्ड बनाते समय अपना सम्पूर्ण विवरण ध्यान पूर्वक चेक कर एवं आवश्यक संशोधन रजिस्ट्रेशन के समय ही कर लें। रजिस्ट्रेशन में अभ्यर्थी जो सूचना भरेगा, अभ्यर्थी के पास प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र होने अनिवार्य होंगे अन्यथा उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।
4. अभ्यर्थी को राज्य कोटे की आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश के लिये न्यूनतम अर्हता उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण होने की दशा में अभ्यर्थी राज्य कोटे की सामान्य श्रेणी की सीट के लिये ही पात्र होंगे। महिला अभ्यर्थियों को भी महिला सीट में प्रवेश के लिये स्थाई निवास की अनिवार्यता होगी।
5. छात्र आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समय–समय पर जारी आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए निरन्तर वेबसाईट http://uktech.ac.in पर सम्पर्क करते रहें।
6. आनलाईन काउंसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थी को काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee-Non Refundable) 2000/– प्रवेश काउंसिलिंग पंजीकरण के साथ वेब पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा।
7. काउंसिलिंग शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा संस्था/ब्रॉच के विकल्प भरने होंगे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण में विकल्प भरे जायेंगे उन्हें पुनः द्वितीय अथवा तृतीय चरण की काउंसिलिंग में विकल्प भरने की आवश्यकता नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी को अधिकाधिक विकल्प भरने की सलाह दी जाती है।
8. प्रथम काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित होती है तो उसके पास निम्नानुसार 3 विकल्प होंगे– 1. Freeze 2. Float 3. Withdraw
9. प्रथम अथवा द्वितीय काउंसिलिंग में यदि अभ्यर्थी को उनके विकल्प के आधार पर कोई सीट आवंटित नहीं होती है, तो उस स्थिति में अभ्यर्थी को आगामी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु कोई शुल्क नहीं देना होगा एवं अभ्यर्थी पुनः विकल्प भर सकता है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, उत्तराखण्ड





# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग

राज्य के युवाओं की व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार/नियोजन की दृष्टि से विकसित किये जाने के उददेश्य से राज्य सरकार द्वारा कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा सेवायोजन द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थानों की स्थिति निम्नवत् हैः–

| प्रशिक्षण संस्थान | गढ़वाल मण्डल | कुमायूं मण्डल | कुल |
|---|---|---|---|
| राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | 80 | 73 | 153 |
| निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | 70 | 14 | 84 |
| **योग** | **150** | **87** | **237** |

**प्रवेश प्रक्रिया एवं व्यवसायों का विवरणः**–राज्य में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में मुख्यत: इंजीनियरिंग एवं नॉन–इंजीनियरिंग व्यवसायों में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश किये जाते हैं। वर्ष 2020 से प्रवेश परीक्षा के स्थान पर राज्य में प्रथम बार प्रवेश की प्रक्रिया राज्य स्तरीय मेरिट के आधार पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कांउसिलिंग द्वारा सम्पादित की गई थी, जिसमें आवेदन पत्र, शुल्क, विकल्प भरना, सस्थान/व्यवसाय आवंटन, प्रवेश लेना आदि पूर्णतया पोर्टल के माध्यम से किया गया। कोविड 19 के कारण आवागमन में दुविधा के दृष्टिगत प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों को प्रवेश हेतु भी अपने निकटतम संस्थान में जाने तथा मूल प्रमाण पत्र सत्यापित कराने की प्रक्रिया की सुविधा प्रदान की गयी। प्रवेश के संबंध में राज्य स्तरीय प्रचलित दैनिकों समाचार पत्रों में विस्तृत विज्ञापन, आकाशवाणी तथा स्थानीय एफ एम रेडियो में जिंगल विज्ञापन, सार्वजनिक स्थलों यथा बस स्टेशन / रेलवे स्टेशन पार्क, सार्वजनिक लाइब्रेरी, मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, स्कूल, कॉलेज आदि में पैम्पलेट वितरण का कार्य सम्पादित किया जाता है। स्थानीय "कॉमन सर्विस सेन्टर" के माध्यम से भी प्रवेश विवरणिका आदि सुलभ रूप से उपलब्ध कराई जाती है। उपरोक्त गतिविधियों के कारण संस्थानों में लगभग 76 प्रतिशत सीटों पर विगत सत्र में प्रवेश सम्पन्न किये गये। सस्थानों में प्रवेश हेतु व्यवसायों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन.सी.वी.टी प्रशिक्षार्थियों की कुल स्वीकृत सीटें | 14064 |
| 2 | एन.सी.वी.टी भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित राजकीय आई.टी. आई | 86 |
| 3 | एन.सी.वी.टी के अन्तर्गत वर्तमान में प्रशिक्षार्थियों की संख्या | 8743 |
| 4 | राज्य में स्वीकृत इजीनियरिंग एवं नान इजीनियरिंग एन.सी.वी.टी. व्यवसायों की सख्या | 35 |

| क्र.स. | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | प्रशिक्षण उपरान्त कार्य क्षमता का संक्षिप्त परिचय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | दो वर्ष | हाईस्कूल (विज्ञान एवं गणित विषय) उत्तीर्ण/ समकक्ष | विभिन्न धातुओं के कल पुर्जों का निर्माण एवं उनकी फिटिंग, करना, औजारों का सम्पूर्ण ज्ञान। |
| 2 | टर्नर | दो वर्ष | –तदैव– | खराद मशीनों द्वारा पुर्जों का निर्माण, चूड़ी बनाना, धातुओं को |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | आवश्यकतानुसार खराद कर गोल आकार देने का कार्य। |
| 3 | मशीनिष्ट | दो वर्ष | –तदैव– | विभिन्न प्रकार की मशीनों का कार्य करके विभिन्न प्रकार के गेयर, फिटिंग, चाबी, धाट काटने सम्बन्धी कार्य। |
| 4 | इलैक्ट्राशियन | दो वर्ष | –तदैव– | विद्युत सम्बन्धी कल पुर्जों का ज्ञान मरम्मत, रखरखाव एवं मोटर वाईडिंग आदि सम्बन्धी ज्ञान। |
| 5 | इंस्टूमेन्ट मैकनिक | दो वर्ष | –तदैव– | समस्त विद्युतीय चुंबकीय, वायु तापमापी, वायु, दाब और सूक्ष्म मापी यन्त्र का ज्ञान/मरमत। |
| 6 | रेफ्रीजरेशन एण्ड एयर कण्डीशनिंग टेक्नीशियन | दो वर्ष | –तदैव– | रेफ्रीजरेटर एयर कण्डीशनर आदि का ज्ञान/मरम्मत तथा स्थापित करना एवं चलाना। |
| 7 | ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | दो वर्ष | –तदैव– | यांत्रिक पुर्जों तथा मशीनों का आकार, नाप ड्राईंग शीट पर बनाना तथा ब्लू प्रिंट निकालना, Computer Aided Design (CAD) के माध्यम से डिजाईनिंग। |
| 8 | ड्राफ्ट्समैन सिविल | दो वर्ष | –तदैव– | भवन, पुल आदि का आकार नाप ड्राईंग शीट पर बनाना तथा ब्लू प्रिंट निकालना, Computer Aided Design (CAD) के माध्यम से डिजाईनिंग। |
| 9 | इलैक्ट्रानिक्स मैकेनिक | दो वर्ष | –तदैव– | इलैक्ट्रानिक्स पुर्जो, उपकरणों जैसे टीवी वी.सी.आर. सामान्य इलैक्ट्रानिक्स उपकरण आदि की मरम्मत करना। |
| 10 | मैकेनिक मोटर व्हीकल | दो वर्ष | –तदैव– | डीजल, पेट्रोल से चलने वाली छोटी एवं बड़ी गाड़ियों की मरम्मत, पुर्जों का ज्ञान एवं गाड़ियों का चलाना। |
| 11 | इन्फारमेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेन्टीनेन्स | दो वर्ष | –तदैव– | कम्प्यूटर सम्बन्धी जानकारी, उसका रखरखाव एवं सूचना सम्बन्धी नई पद्धति की जानकारी आदि। |
| 12 | लेब्रोट्री एसिसटेंट केमिकल प्लांट | दो वर्ष | –तदैव– | औद्योगिक इकाईयो में कैमिकल प्लांट सम्बन्धी कार्य। |
| 13 | मैकेनिक डीजल | एक वर्ष | –तदैव– | डीजल इंजन को चलाने व मरम्मत करने सम्बन्धी ज्ञान । |
| 14 | मैकेनिक ट्रैक्टर | एक वर्ष | –तदैव– | ट्रैक्टर की मरम्मत एवं उसके सम्बन्ध में सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना, उसका रखरखाव एवं चलाना। |
| 15 | मेकैनिक ऑटो बॉडी रिपेयर | एक वर्ष | –तदैव– | वाहनों की बॉडी की डेन्टिंग एवं अन्य मरम्मत सम्बन्धी कार्य करना। |
| 16 | मै0 कन्ज्यूमर इलैक्ट्रानिक्स | दो वर्ष | हाई स्कूल उत्तीर्ण/समकक्ष | घरेलू एवं व्यावसायिक इलैक्ट्रिानिक उपकरणों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। |
| 17 | सर्वेयर | एक वर्ष | –तदैव– | भूमि की ऊपरी सतह, भीतरी भाग का सर्वेक्षण, निरीक्षण, सड़क, रेलवे ट्रैक, हवाई पट्टी आदि का सर्वेक्षण करना। |
| 18 | फाउण्ड्रीमैन | एक वर्ष | –तदैव– | बने हुये साँचों के अनुरूप पिघली धातु से पुर्जों की ढलाई करना । |
| 19 | मेकैनिक ऑटो बॉडी पेन्टिग | एक वर्ष | –तदैव– | वाहनों की बॉडी पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य। |
| 20 | कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोगामिंग | एक वर्ष | –तदैव– | कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा इन्ट्री प्रोग्रामिंग तथा एप्लीकेशन पैकेजेज को |

PROGRAMME IMPLEMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | असिस्टेंट | | | चलाने का ज्ञान। |
| 21 | स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रीयल असिस्टेंट हिन्दी | एक वर्ष | –तदैव– | हिन्दी भाषा का सांकेतिक भाषा (आशुलिपि हिन्दी) में लिखना और उसे कम्प्यूटर एप्लिकेशन का प्रयोग कर कम्प्यूटर पर टंकण करना। |
| 22 | स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रीयल असिस्टेंट अग्रेजी | एक वर्ष | –तदैव– | अंग्रेजी भाषा का सांकेतिक भाषा में लिखना और उसे कम्प्यूटर एप्लिकेशन का प्रयोग कर कम्प्यूटर पर टंकण करना। |
| 23 | सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस अंग्रेजी | एक वर्ष | –तदैव– | कार्यालय पद्धति का ज्ञान दिया जाता है। जिसके साथ आशुलेखन तथा टंकण का कार्य भी सिखाया जाता है |
| 24 | कॉस्मोटोलॉजी | एक वर्ष | –तदैव– | ब्यूटीशियन, ब्राइडल मेकअप, हेयर स्टाइल आदि सम्बन्धी कार्य। |
| 25 | फैशन डिजाइन टैक्नोलॉजी | एक वर्ष | –तदैव– | आधुनिक प्रकार के परिधानों की स्केचिंग कर डिजाइन करना। |
| 26 | हयूमन रिर्सोसेज एक्जीक्यूटिव | एक वर्ष | –तदैव– | विभिन्न संस्थानों में मानव संसाधनों की पूर्ति हेतु सहयोग प्रदान करना। |
| 27 | हॉस्टिपल हाउस कीपिंग | एक वर्ष | –तदैव– | हॉस्पिटल के रख–रखाव के सम्बन्ध में जानकारी आदि। |
| 28 | वायरमैन | दो वर्ष | आठवीं पास | घरेलू एवं औद्योगिक भवनों की वायरिंग, विद्युत लाईन खींचना, उत्पन्न खराबी ठीक करना। |
| 29 | पेन्टर जनरल | दो वर्ष | –तदैव– | सम्पूर्ण पेन्टिंग का कार्य जैसे फर्नीचर, व्हीकल पर लिखावट, रंग द्वारा सजावट का कार्य करना। |
| 30 | वैल्डर (गैस एण्ड इलै.) | एक वर्ष | –तदैव– | धातु के बने हुये पुर्जों एवं अन्य सामग्री जैसे ग्रिल आदि को गैस एवं विद्युत वैल्डिंग द्वारा जोड़कर बनाना। |
| 31 | कारपेन्टर | एक वर्ष | –तदैव– | लकड़ी का फर्नीचर घरेलू सामान आदि का निमार्ण करना एवं पालिश करना। |
| 32 | प्लम्बर | एक वर्ष | –तदैव– | पानी की लाईन, टोंटी, टंकी, वाल्ब आदि की मरमत एवं सैनेटरी फिटिंग का कार्य |
| 33 | स्वीईंग टेक्नोलोजी | एक वर्ष | –तदैव– | कपड़े की कटिंग करके सिलाई मशीन द्वारा सिलाई करके गारमेन्ट्स तैयार करना। |
| 34 | सरफेस आरनामेन्ट टेक्निक (इम्ब्राईडरी) | एक वर्ष | –तदैव– | कपड़े पर रंगीन धागों से सुन्दर–सुन्दर डिजाईनों की कढ़ाई करना । |
| 35 | ड्रेस मेकिंग | एक वर्ष | –तदैव– | आधुनिक प्रकार के परिधानों तैयार करना। |

PROGRAMME IMPLEMENT

# खेल विभाग, उत्तराखण्ड



# खेल विभाग

| क्र. सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉन्ट्रैक्ट खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति **(संशोधित)** | इन प्रशिक्षण शिविरों में प्रतिवर्ष लगभग 250 प्रशिक्षक रोजगार प्राप्त करते हुए लाभान्वित होते हैं। | • राज्य के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक।<br>• खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक की न्यूनतम आयु 21 एवं अधिकतम 70 वर्ष।<br>• शैक्षिक एवं खेल योग्यता आदि संबंधी<br>• कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षक हेतु मूल / स्थायी निवासी होना अनिवार्य नहीं है। | • विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों के स्थानीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन स्थानीय प्रशिक्षण शिविरों के सुचारू रूप से संचालन हेतु कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर खेल प्रशिक्षक नियुक्त किये जाते हैं।<br>• जनपद स्तर पर जिला क्रीड़ाधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशिक्षण शिविर संचालित करने हेतु आवेदन के आधार पर।<br>• योजना हेतु प्रतिवर्ष संभवतः माह मार्च में दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञप्ति जारी की जाती है तथा प्रशिक्षण शिविर अधिकतम 11 माह ( 15 अप्रैल से 15 मार्च तक ) हेतु आयोजित किये जाते हैं। |
| 2. | राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की जाती है। | राज्य की विभिन्न खेल विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयुवर्ग में प्रतिभाग करने वाली टीमों के खिलाड़ियों / सदस्यों को खेल संघ के माध्यम से खेल किट प्रदान की जाती है। इसके अन्तर्गत वर्ष में लगभग 1000 / – खिलाड़ी लाभान्वित होते है। | सम्बन्धित खेल संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाली टीमों का चयन किया जाता है तथा सम्बन्धित खेल संघ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर किट हेतु आवेदन किया जाता है। | राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयुवर्ग में प्रतिभाग करने वाली टीमों के प्रत्येक खिलाड़ियों / सदस्यों को रू0 5000 / – धनराशि की खेल किट (ट्रैकसूट, जर्सी, नैकर, सॉक्स एवं सूज) प्रदान किये जाते हैं। |
| 3. | उत्तराखण्ड राज्य के खेल संघों / क्लबों / खेल समितियों को अनुदान एवं | मान्यता प्राप्त संघों / क्लबों / खेल समितियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु रू0 3.50 लाख, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु रू0 2.50 लाख एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु रू0 1.00 लाख की धनराशि तथा अर्न्तराष्ट्रीय | मान्यता प्राप्त संघों / क्लबों / खेल समितियों एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को विभागीय नियमानुसार निर्धारित | उत्तराखण्ड राज्य के खेल संघों / क्लबों / खेल समितियों को खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं संघों / खिलाड़ियों हेतु खेल उपस्कर (उपकरण) क्रय हेतु अनुदान एवं आर्थिक सहायता दी जाती है जिससे वर्ष भर में लगभग 20 खेल संघ / खेल समितियां / खिलाड़ी लाभान्वित होते हैं। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | आर्थिक सहायता | स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को धनराशि रू0 2.50 लाख दिये जाने का प्राविधान है। | प्रारूप पर अनुदान हेतु आवेदन किया जाता है। | |
| 4. | अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता | अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमों के सभी खिलाड़ी/सदस्यों को विभागीय मानक के अनुसार यात्रा भत्ता, आवास भत्ता, भोजन भत्ता एवं खेल किट आदि की सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। | जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिता के चयन ट्रायल्स आयोजित किये जाते हैं तथा चयनित खिलाड़ियों को अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होता है। | भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय एवं प्रदेश सरकार के कार्मिक हेतु प्रत्येक वर्ष अनेक खेलों में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों के सम्भावित 150 कार्मिक लाभान्वित होते हैं। |
| 5. | निजी क्षेत्रों में खेल अवस्थापना सुविधाओं (बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्कवैश, इंडोर क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी एवं स्वीमिंग) का निर्माण | अवस्थापना की कुल लागत का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम रू. 50.00 लाख तक दी जाती है। | राज्य के समस्त व्यक्ति | • विभाग द्वारा राज्य के जनमानस को खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण हेतु अनुदान प्रदान किये जाने की योजना है। यह अनुदान अवस्थापना की कुल लागत की 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम रू0 50.00 लाख तक दी जाती है। इन खेल अवस्थापना सुविधाओं का संचालन कर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।<br>• खेल निदेशालय में ऑफलाईन आवेदन के आधार पर निर्धारित प्रारूप में।<br>• आवेदक द्वारा आवेदन कभी भी आवश्यकतानुसार किया जा सकता है।<br>• योजना हेतु निर्धारित समिति द्वारा पात्र आवेदक को अनुदान |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यू–सर्क)





# उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यू0–सर्क)

| क0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवदेन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यू–सर्क उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन | यू–सर्क उद्यमिता विकास केन्द्रो में क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के साथ ही क्षेत्र की महिलाओं व आमजन को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। | क्षेत्र के समस्त छात्र छात्राए एवं जनसामान्य | पं0 ल0 मो0 शर्मा, श्री देव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश तथा सोवन सिंह जीना वि0 विद्यालय अल्मोडा में हरेला पीठ स्थापना कर टीशु कल्चर लैब तथा हाईटेक नर्सरी का विकास किया गया है। इसके साथ ही HARC नौगॉव उत्तरकाशी में एवं सी0आई0एम0एस0, देहरादून में उच्च गुणवत्ता युक्त Spawn मशरूम उत्पादन एवं प्रशिक्षण कार्य हेतु तथा सतपुली पौड़ी में छात्र–छात्राओं, क्षेत्रीय महिलाओं एवं आमजन के उद्यमिता विकास व स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हेतु यू–सर्क उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना की गई। उद्यमिता विकास केन्द्र से सम्पर्क कर लाभ उठाया जा सकता है। |
| 2. | महिलाओं, महिला वैज्ञानिकों, अध्यापकों एवं युवा छात्र – छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कॉनक्लेव एवं सम्मान का आयोजन | राज्य के छात्रों, अध्यापकों एवं महिलाओं हेतु वैज्ञानिक अभिवृत्ति की वृद्धि एवं कौशल विकास एवं प्रोत्साहन हेतु निम्न कान्क्लेव का आयोजन कर सम्मान प्रदान किया जाता है।<br>• युवा–बाल समागम– मेधावी छात्र सम्मान<br>• अध्यापक / विज्ञान कान्क्लेव– विज्ञान प्रसार सम्मान<br>• महिला वैज्ञानिक कान्क्लेव – उत्कृष्ट युवा महिला वैज्ञानिक सम्मान<br>• महिला प्रयोगधर्मी सम्मान | छात्रों, अध्यापकों, महिलाओं एवं जनसामान्य | • यू–सर्क द्वारा जनपदवार बाल युवा समागम का आयोजन किया जाता है। आयोजक जनपद के उत्तराखण्ड बोर्ड के हाईस्कूल / बारहवीं कक्षा के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम 5–5 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। उक्त योग्यता सूची सम्बन्धित जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदान की जाती है।<br>• विज्ञान अध्यापक कान्क्लेव द्वारा उत्तराखण्ड के विज्ञान अध्यापकों एवं विज्ञान उन्मुख शिक्षकों की विचारों के आदान प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहन एवं बढावा देने हेतु उन्हें विज्ञान प्रसार सम्मान से सम्मानित किया जाता है। सम्मान हेतु प्रदेशभर से अध्यापकों के आवेदन पत्र मांगे जाते है, जिसका विज्ञापन समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाता है।<br>• यू–सर्क द्वारा प्रतिवर्ष महिला वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने हेतु महिला वैज्ञानिक कॉनक्लेव तथा उत्कृष्ट महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सम्मान हेतु प्रदेशभर से महिला वैज्ञानिकों के आवेदन पत्र मांगे जाते है, जिसका विज्ञापन समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाता है।<br>राज्य में विज्ञान के समावेश से अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन एवं बढावा देने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रयोगधर्मी सम्मान से सम्मानित किया जाता है। |
| 3. | डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की स्थापना | • डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अन्तर्गत ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से विभिन्न विषयों यथा– ICT Orientation, Emerging Technologies इत्यादि पर प्रशिक्षण career counselling प्रदान किये जाते है। | प्रदेश के समस्त छात्र छात्राए | • प्रदेश के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से डिजीटल प्रौद्योगिकी सम्बन्धी पांच दिवसीय/सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# विज्ञानधाम–(यू–कॉस्ट), उत्तराखण्ड



# उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञानधाम (U-COST)

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञान संचार एवं लोकव्यापिकरण **(संशोधित)** | विज्ञान लोकव्यापिकरण उत्तराखंड के नागरिकों विशेकर युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए परिषद द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। परिषद सेमिनार कार्यशालाएं सम्मेलन आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराती है। लोकप्रिय व्याख्यान वैज्ञानिक दिवस समारोह के आयोजन भी कराती है। | शैक्षणिक, अनुसंधान और विकास संगठन तथा एनजीओ। | वर्ष में दो बार वेबसाइट–https://www.ucost.in पर प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त प्रस्ताव का चयन पीईजी बैठक, परियोजना मूल्यांकन समूह के माध्यम से किया जाता है, जहां विशेषज्ञ समिति के सदस्य प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन करते हैं और राज्य के विशिष्ट मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और वित्त पोषण के लिए राज्य के कल्याण के लिए प्रस्तावों की सिफारिश करते हैं। |
| 2. | उद्यमिता एवं विकास कार्यक्रम **(संशोधित)** | उद्यमिता एवं विकास कार्यक्रम के तहत प्रौद्योगिकी संसाधन केंद्र (टीआरसी) के स्थापना की जाती है। यह स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए तकनीकों में सुधार का कार्य करता है, ताकि उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों को मूल्यसंर्वधन कर एक व्यवसाय किया जा सके। | राज्यभर से इच्छुक उद्यमी / गैर सरकारी संगठन वैज्ञानिक / शोधार्थी / शिक्षक | विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रण के उपरांत सक्षम गठित समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण के उपरांत चयन। |
| 3. | सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव **(संशोधित)** | सीमांत पर्वतीय जनपदों के बाल वैज्ञानिकों को प्रदेश स्तर पर विभिन्न विज्ञान प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करना तथा सीमांत दूरस्थ क्षेत्रो तक वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक जागरुकता पैदा करना है। | राज्य के छः सीमांत जनपदों (उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, चम्पावत, बागेश्वर एवं पिथौरागढ) के सरकारी / गैरसरकारी विद्यालयों के कक्षा छः से बारहवीं तक के छात्र एवं छात्राऐं। | ब्लॉक स्तर पर कक्षा छः से बारहवीं तक के सभी छात्र एवं छात्राऐं प्रतिभाग कर सकते हैं तत्पश्चात ब्लॉक स्तर से चयनित छात्र–छात्राओं द्वारा जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया जाता है एवं अंत में जनपद से चयनित छात्र–छात्राओं को राज्य स्तर |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | पर प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जाता है। |
| 4. | उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस यूएसएसटीसी **(संशोधित)** | उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस यूएसएसटीसी हर साल यूकॉस्ट द्वारा आयोजित किया जाता है ।<br>यूएसएसटीसी विशेष रूप से वैज्ञानिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और राज्य के उभरते वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए है। विज्ञान कांग्रेस युवा शोधकर्ताओं / वैज्ञानिकों का काफी ध्यान आकर्षित करती है और व्यापक रूप से सफल रही है। | अनुसंधान संस्थान, स्टार्टअप अन्वेषक, किसान, एनजीओ। | विभिन्न विज्ञान आधारित विषयों में शोध पत्र प्रस्तुतियों के प्रस्ताव समाचार पत्र, परिषद की वेबसाइट–https://www.ucost.in और अन्य सोशल मीडिया पेजों पर विज्ञापनों के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की जांच की जाती है। चयनित प्रस्तावों को प्रस्तुति के लिए बुलाया जाता है, जिनका विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। परिणाम पर विभिन्न विषयों में शोधकर्ताओं को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार दिया जाता है। |
| 5 | सौर आधारित हाइड्रोपोनिक प्रणाली **(संशोधित)** | यूकॉस्ट देहरादून में सौर आधारित हाइड्रोपोनिक प्रणाली स्थापित की गई है।<br>**सौर**–आधारित हाइड्रोपोनिक प्रणाली अपने आप में प्रदेश के अन्दर एक नवीनतम अनुसंधान है इसके अंतर्गत किसानों और उपभोक्ताओं के लिए अभिनव और एकीकृत सौर ग्रीनहाउस आधारित हाइड्रोपोनिक समाधान और एंड्रॉइड मोबाइल एप्लिकेशन को विकसित किया गया है।<br>**लाभ–**<br>स्वचालित सौर–आधारित हाइड्रोपोनिक प्रणाली के माध्यम से ऊर्जा की मांग में कमी, पानी की मांग में कमी और उपज में वृद्धि होगी।<br>प्रणाली में उद्यमिता या व्यवसाय मॉडल के रूप में उपयोग करने की क्षमता है।<br>अन्य हिमालयी राज्यों में पहाड़ी किसानों और युवाओं के लिए बेहतर आजीविका के अवसरों की प्रतिकृति क्षमता। | किसान, **शोधकर्ता, विद्यार्थी,** और **उद्यमी**<br>प्रतिवर्ष लगभग 500 से अधिक किसान,उपभोक्ताओं, **शोधकर्ता, विद्यार्थी,** और **उद्यमी** | प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के माध्यम से |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **सौर**–आधारित हाइड्रोपोनिक प्रणाली के ऑफ–ग्रिड मॉडल की छोटी क्षमता, जिसे ऑन–ग्रिड सिस्टम के अलावा विकसित करने का प्रस्ताव है, को दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित किया जा सकता है, जहां बिजली की आपूर्ति प्रमुख मुद्दों में से एक है। इससे पहाड़ी किसानों की व्यक्तिगत आय में वृद्धि होगी। | | |
| 6. | लैब्स ऑन व्हीलस | राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए के लिए लैब ऑन व्हील कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के हर जिलों एवं दुर्गम इलाकों के छात्र–छात्राओं को विज्ञान के प्रयोग को सीखनें का मौका मिलेगा। | सभी 13 जनपदों के स्कूली छात्र–छात्राएं और विज्ञान विषयों का अध्यापन कर रहे युवा। | सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी |
| 7. | विज्ञान केन्द्र चम्पावत | चम्पावत विज्ञान केंद्र छात्र– छात्राओं मे विज्ञान विषयों के प्रति रूचि विकसित करने के लिए बनाया जा रहा है, इसके द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों को और सरलता से और प्रयोगात्मक तरीकों से सीखने मे मदद मिलेगी। | क्षेत्र की जनता विशेषकर बच्चे, स्कूली छात्र–छात्राएं<br>एक वर्ष मे अनुमानित आगंतुकों की संख्या 40 से 50 हजार होगी | सभी वर्गों के किये निश्चित दरों पर आगंतुकों के लिए खुला रहेगा |
| 8. | मानसखण्ड उपक्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र अल्मोड़ा | उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद् (यूकॉस्ट) द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एन0सी0एस0एम0), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से अल्मोड़ा में 02 हैक्टेयर भूमि पर उप–क्षेत्रीय विज्ञान केंन्द्र की स्थापना की गई है,। उपक्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र अल्मोड़ा छात्र– छात्रों मे विज्ञान विषयों के प्रति रूचि विकसित करने के लिए बनाया गया है, इसके द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों को और सरलता से और प्रयोगात्मक तरीकों से सीखने मे मदद मिलेगी। | क्षेत्र की जनता विशेषकर बच्चे, स्कूली छात्र–छात्राएं<br>एक वर्ष मे अनुमानित आगंतुकों की संख्या 50 से 60 हजार होगी | सभी वर्गों के किये निश्चित दरों पर आगंतुकों के लिए खुला रहेगा |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | स्टैम (STEM) लैब | राज्य के सभी ब्लॉकों में स्टेम लैब की स्थापना की जा रही है, जिसके माध्यम से छात्रों एवं अध्यापकों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित के प्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। | स्कूली छात्र–छात्राएं | प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के माध्यम से |
| 10. | एस. सी. एस. टी. सैल की स्थापना | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से अनुसूचित जाति/जन जाति हेतु प्रकोष्ठ की स्थापना परियोजना का संचालन यूकॉस्ट द्वारा किया जा रहा है<br>लाभ–<br>• उत्तराखंड राज्य के सभी 13 जिलों में रह रहे सभी अनुसूचित जाति एवम जनजाति समुदाय की मूलभूत समस्याओं का वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के माध्यम से समाधान करना।<br>• अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान हेतु विज्ञान के विभिन्न अनुप्रयोगों द्वारा समुचित विकास की और अग्रसर करने के लिए सतत विकास से रूबरू करना।<br>• कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रशिक्षण देकर पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को नवाचार के माध्यम से उत्तमता तक पहुंचाना।<br>• प्रद्योगिकियों के डेटा बेस की स्थापना करना तथा अनुसूचित जाति जनजाति समुदाय के मूलभूत संसाधनों का मान चित्रण करना। | निम्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के सभी 13 जिलों में रह रहे अनुसूचित जाति एवम जनजाति समुदाय<br><br>(मुख्यतः 50 प्रतिशत जनसँख्या से अधिक) | उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में रहने वाले एससी/एसटी समुदाय जिला स्तर पर लक्षित लाभार्थी होंगे जिसके कार्यान्वयन के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन कर बेस लाइन डेटा जनरेट किया जायेगा |
| 11. | उत्तराखण्ड@25 आदर्श चम्पावत | माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य को अन्य हिमालयी राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए उत्तराखण्ड@25 "आदर्श चम्पावत" के अन्तर्गत चम्पावत जिले को एक आदर्श जिले के रूप में विकसित करने के लिए उत्तराखण्ड राज्य | चम्पावत जिले के समस्त किसान, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं समस्त आमजनमानस। | चम्पावत जिले के चारों ब्लॉकों में विभिन्न संकुलों का निर्माण कर लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून को नोडल एजेन्सी नामित किया गया है। इसी संदर्भ में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) द्वारा चम्पावत जिले में कार्यरत एन.जी.ओ, स्वयं सहायता समूहो, राज्य के विभिन्न रेखीय विभागों एवं केन्द्रीय संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करके जिले को आदर्श जिले के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। | | |
| 12. | पं. दीन दयाल उपाध्याय विज्ञान ग्राम संकुल परियोजना | यह परियोजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार से वित्त पोषित परियोजना है एवं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में क्रियान्वित की जा रही है। इन जिलों में चयनित गॉवों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों के माध्यम से किसानों की आजीविका में सुधार करने के लिए विभिन्न इकाइयों की स्थापना की जा रही है। | परियोजना के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में गॉवों के समूह बनाकर संकुलों का निर्माण कर ग्रामीण विकास के कार्य किये जाते है। चयनित किसान, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह एवं समस्त आमजनमानस। | चयनित संकुलों में अनुभवी किसानों का चयन करके ग्रामोदय सहकारी समिति का निर्माण के माध्यम से परियोजना के कार्यो का संचालन किया जा रहा है। |
| 13. | उपक्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र | प्रदेश के 10 जनपदों मे उपक्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जा रही है जिस हेतु 10 करोड की वित्तीय सहायता स्वीकृत की जा चुकी है। | सम्बधित जनपदो के विद्यार्थी तथा आमजन। | सभी वर्गों के किये निश्चित दरों पर आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। |
| 14. | आपदा प्रबन्धन केन्द्र | आपदा प्रबंधन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से सुदृढ़ करने के लिए उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) में एक विशेष केन्द्र की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। | राज्य मे आपदा प्रबंधन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से सुदृढ़ कर आमजनमानस को लाभनवित कर अन्य हिमालय राज्यों के लिये एक आर्दश माडल तैयार करना। | आम जनमानस |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, हल्दी, पंतनगर,




| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कार्यक्रम। | आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण, नये शोध कार्यो की जानकारी। | सरकारी अथवा निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राएं, शोधार्थी एवं किसानों का दल / विशेष समूह अथवा स्वयं सहायता समूह। | जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, शोध व प्रसार गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के विद्यालयों / महाविद्यालयों / विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं, शोधार्थियों एवं किसानों को परिषद् एवं इसके क्षेत्रीय केन्द्रों में स्थापित आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया जाता है तथा वहां पर संचालित हो रहे शोध व विकास कार्यो से अवगत करा कर जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाता है। परिषद् के निदेशक / सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरान्त परिषद् मुख्यालय अथवा परिषद् के क्षेत्रीय केन्द्रों का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों से अवगत होकर तथा तकनीकी जानकारी प्राप्त करके इच्छुक अभ्यर्थी / दल / समूह लाभ प्राप्त कर सकता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
## (उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति)



## चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
## (उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति)

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम | आम जनमानस को एच0 आई0वी0 / एड्स के प्रति जागरूक करना। एच0 आई0 वी0 की जांच, उपचार एवं औषधि निःशुल्क उपलब्ध है। | आम जनमानस एवं एच.आई. वी. संक्रमित व्यक्ति | • राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार के माध्यम से आम जन मानस को जागरूक करना है तथा 1097 में कॉल करके बचाव हेतु सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कराना है।<br>• राजकीय चिकित्सालयों में स्थापित आई.सी.टी.सी. के माध्यम से एच.आई.वी. की जांच निःशुल्क करायी जाती है।<br>• एच.आई.वी. के साथ जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों को ए.आर.टी. केन्द्रों के माध्यम से एंटी रेट्रो वायरल की निःशुल्क दवा उपलब्ध करायी जाती है। |

## राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण

**उत्तराखंड में आयुष्मान वय वंदना योजनाः–** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वय वंदना कार्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए बड़े उपहार से कम नहीं है। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग जनों को रूपए 5 लाख तक की निःशुल्क उपचार सुविधा की व्यवस्था की गई है। यह कार्ड सिर्फ आधार संख्या की केवाईसी के अनुरूप भी बनाए जा सकते हैं।

प्रदेश में वर्तमान में 6 लाख के लगभग लाभार्थी 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के हैं जिनको प्रदेश सरकार की वित्त पोषित अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना की तर्ज पर लाभ प्रदान किया जा रहा है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड से अब 70 वर्ष या उससे अधिक आयुवर्ग के सभी लाभार्थी पूरे पांच लाख रूपए का उपचार लेने के पात्र होंगे। इससे आयुष्मान योजना के लाभार्थी परिवार की वित्तीय क्षमता में बढ़ोतरी होगी वहीं राज्य सरकार के वित्तीय भार को कम करने में भी मदद मिलेगी।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड द्वारा प्रदेश में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने व इस अहम योजना की व्यापक जन–जागरूकता हेतु स्थानीय मेलों में आयुष्मान शिविर व जानकारी युक्त साहित्य वितरण समेत अन्य प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में अभी तक लगभग चार हजार से अधिक वय वंदना कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस कार्य को एक अभियान के तौर पर लिया जा रहा है।

**आमजन से भी की विशेष अपीलः–**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से वितरित की जा रही प्रचार सामाग्री में वय वंदना कार्ड बनाने में बुजुर्ग जनों का सहयोग करने की भी विशेष अपील की गई है। वहीं लाभार्थियों की सुविधा के लिए पूर्व में बने आयुष्मान कार्ड को घर बैठे डिसेबल कर वय वंदना कार्ड हेतु भी https://sha-uk-gov-i पोर्टल पर व्यवस्था की गई है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड






| क्र.सं | सेवा का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय मेडिकल / नर्सिंग कॉलेजों एवं एलोपैथिक चिकित्सालयों, आयुर्वेदिक होम्योपैथिक चिकित्सालयों तथा श्रम विभाग के अन्तर्गत समूह 'ख' तथा 'ग' के विभिन्न अध्यापन संकाय, चिकित्साधिकारी, नर्सिंग तथा पैरामेडिकल पदों पर चयन प्रक्रिया। | उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों एवं स्कूलों, एलोपैथिक चिकित्सालयों, आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों, श्रम विभाग के लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह– 'ख' तथा 'ग' (जो परीक्षाएं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की परिधि में है) के विभिन्न अध्यापन | उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की परिधि के अन्तर्गत समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती हेतु निम्नलिखित अनिवार्य / वांछनीय अर्हताओं में से एक होनी आवश्यक है।:– **(क)** अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवास प्रमाण पत्र धारक हो। **(ख)** अभ्यर्थी के पास उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवास प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा अपनी हाईस्कूल | सम्पूर्ण प्रक्रिया उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग तथा उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के समान है, तथापि समूह 'ग' के पदों पर भर्ती हेतु लोक सेवा आयोग से इतर साक्षात्कार का प्राविधान नहीं है, तथा परीक्षाओं के आवेदन के लिए चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की वैबसाइट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | संकाय, चिकित्साधिकारी, पैरामेडिकल पदों की सीधी भर्ती के रिक्त पदों हेतु परीक्षा आयोजित करने के लिए राज्य की संस्था है। राजकीय मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों एवं स्कूलों, एलोपैथिक चिकित्सालयों, आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों, श्रम विभाग द्वारा सीधी भर्ती के रिक्त पदों हेतु संबधित पदों की सेवा नियमावली के अन्तर्गत रिक्तियों का अधियाचन (अधियाचन का सामान्य अर्थ है कि संबधित रिक्तियां किन–किन श्रेणी के लिए आरक्षित है, के अनुसार तैयार कर) उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रेषित किया जाता है। बोर्ड द्वारा अधियाचन के परीक्षणोंपरान्त सम्बन्धित पदों पर चयन हेतु परीक्षा (साक्षात्कार/प्रारम्भिक/मुख्य/अभिलेख सत्यापन) आयोजित करने के लिए राज्य के समस्त अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन हेतु न्यूनतम शुल्क जमा करना होता है। | या इंटरमिडिएट अथवा इसके समकक्ष स्तर की शिक्षा उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से उत्तीर्ण की गई हो। **(ग)** अभ्यर्थी के पास उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवास प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में तथा हाईस्कूल या इंटरमिडिएट अथवा इसके समकक्ष स्तर की शिक्षा उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से उत्तीर्ण न करने की स्थिति में सैनिक/अर्द्ध सैनिक बलों में कार्यरत तथा राज्य सरकार अथवा उसके अधीन स्थापित किसी राजकीय/स्वायत्तशासी संस्था में नियमित पदों पर नियमित रूप से नियुक्त कार्मिकों एवं केन्द्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित पदों पर नियमित रूप से उत्तराखण्ड में कार्यरत ऐसे कर्मी, जिनकी सेवाएं उत्तराखण्ड से बाहर स्थानांतरित नहीं हो सकती हों, स्वयं अथवा उनके पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हो, तथा उनके पुत्र/पुत्री, राज्याधीन सेवाओं में समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर चयन हेतु आवेदन के पात्र होंगे। साथ ही विज्ञापन में उल्लिखित अन्य अनिवार्य/वांछित योग्यता धारित करते हो, आवेदन कर सकते है। समूह 'ख' के पदों में राज्य के बाहर के नागरिकों से भी आवेदन मांगे जाते है। | https://ukmssb.org में आवेदन करना होता है। कोई अभ्यर्थी जो राजकीय मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों एवं स्कूलों, एलोपैथिक चिकित्सालयों, आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं होम्योपैथिक चिकित्सालयों, श्रम विभाग में अध्यापन संकाय, चिकित्साधिकारी, पैरामेडिकल पदों की सरकारी नौकरी प्राप्त करने हेतु तैयारी करना चाहता हो अथवा कर रहा हो, वह उक्त वैबसाइट को समय–समय पर देखते रहें ताकि वह भर्ती विज्ञापन से अपडेट रह सके। साथ ही तैयारी कैसे करनी है, इसके लिए बोर्ड द्वारा आयोजित की गयी विभिन्न परीक्षाओं के पुराने प्रश्नपत्रों को भी निःशुल्क डाउनलोड कर, पाठ्यक्रम देखकर, तैयारी कर सकते हैं। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड



## उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून

राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (यथा संशोधित) के माध्यम से राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति के उन्नयन, विकास एवं शोधपरक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए जनपद देहरादून में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वर्तमान में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के अन्तर्गत 03 परिसर एवं 20 निजी संस्थान सम्बद्ध है। उक्त संस्थानों में से 03 परिसरों एवं 17 निजी सम्बद्ध संस्थानों में बी0ए0एम0एस0 (BAMS), 02 निजी सम्बद्ध संस्थानों में बी0एच0एम0एस0 (BHMS) तथा 01 निजी सम्बद्ध संस्थान में बी0ए0एम0एस0 (BAMS) पाठ्यक्रम संचालित है। उक्त के अतिरिक्त 02 परिसरों एवं 04 निजी सम्बद्ध संस्थानों में एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम भी संचालित है। विश्वविद्यालय स्तर पर आयुर्वेद, होम्यापैथ, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में स्नातक तथा 14 विषयों की विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर पाठ्क्रम संचालित है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों जैसे–पंचकर्म, क्षारकर्म, योग, आयुर्वेदिक डायटिक व न्यूट्रिशीयन, योगा फॉर बेटर लिविंग, आयुर्वेद फॉर हैल्थी लिविंग, आयुर्वेदिक लाईफस्टाईल, पचकर्म थैरेपी. योगा एण्ड नेचुरोपैथी, स्वस्थवृत्त एवं योग आदि में डिप्लोमा, पी०जी० डिप्लोमा एवं सार्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित है। प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा पर उच्च कोटि के शोध कार्य सम्पादित किये जाने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा देश के अन्य ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों, संस्थानों के साथ एम०ओ०यू० हस्ताक्षर की प्रक्रिया गतिमान है। अपनी स्थापना के समय से ही उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा उत्कृष्ट शिक्षण, शोध, नवोन्मेश तथा नवाचार कार्यों में अग्रसर है।

हरिद्वार स्थित ऋषिकुल राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय (वर्तमान में विश्वविद्यालय का परिसर घोषित हो चुका है) की स्थापना वर्ष 1919 में भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा की गई थी। परिसर के पास वर्तमान में लगभग 25 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिसमें प्रशासनिक भवन संकाय भवन, चिकित्सालय, ओ०पी०डी० ब्लॉक, हॉस्टल, आवास व आडिटोरियम आदि निर्मित है। परिसर को वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत उच्च शिक्षा एवं शोध के केन्द्र के रूप में विकसित करने, सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में टेली मेडिसिन के माध्यम से आयुष विशेषज्ञों के द्वारा विशिष्ट चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने तथा प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

गुरूकुल राजकीय आयुर्वेदिक कालेज (वर्तमान में विश्वविद्यालय का परिसर घोषित हो चुका है) की स्थापना वर्ष 1922 में स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा की गई थी। परिसर के पास 14 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिसमें प्रशासनिक भवन संकाय भवन, चिकित्सालय, ओ0पी0डी0 ब्लॉक, हॉस्टल, आवास व आडिटोरियम आदि निर्मित है। गुरूकुल परिसर में स्थित औषधि निर्माणशाला के लिए आयुष विभाग से लाइसेंस प्राप्त किया जा चुका है जिससे विश्वविद्यालय में गुणवत्ता युक्त औषधियों का निर्माण सम्भव हो सका है। गुरूकुल परिसर कैंसर चिकित्सा एवं शोध केन्द्र संचालित है जिसके सकारात्मक परिणामों को देखकर तत्सम्बन्धी एक वृहद प्रस्ताव उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित किया गया है। सम्पूर्ण भारत में आयुर्वेद द्वारा कैंसर के उपचार का यह अभिनव प्रयास है। व्यसन मुक्ति और नशारोधी जनजागरण के लिए गुरूकुल परिसर में एक क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आयुर्वेदिक औषधियों और अन्य उपक्रमों द्वारा उपचार प्रदान किया जाता है।

परिसर में पंचकर्म, त्वचा रोग, वाजीकरण, शल्य तंत्र, जलौका, रक्त मोक्षण, अग्निकर्म, शालाक्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग, स्वस्थवृत्त, आहार विधि विज्ञान, आयुर्वेद फार्मेसी से संबधित सुविधाओं/ओपीडी का विकास किया जाना है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की तर्ज पर "सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स" के रूप

में Refereral Hospital के रूप में शिक्षा, शोध, रोगी उपचार तथा Model Centre for National/ International Collaboration के उददेश्य से गुरूकुल परिसर की सुविधाओं का उन्नयन/उच्चीकरण किया जायेगा जिससे राज्य के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल के रोगी भी अपना उपचार कराने आएंगे। साथ ही विदेशी रोगी भी आकर्षित होंगे।

विश्वविद्यालय के परिसर चिकित्सालयों में वर्तमान में निम्नानुसार योजनायें संचालित हैः–

1. राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत "सुप्रजा कार्यक्रम" के तहत गर्भिणी एवं सूतिका के लिए प्रसवपूर्व, प्रसव कालीन, सूतिका अवस्था के दौरान स्वास्थ्य रक्षण विश्वविद्यालय के तीनों परिसर चिकित्सालयों में संचालित किया जा रहा है।

2. विश्वविद्यालय के परिसर चिकित्सालयों में नवजात से 16 वर्ष की आयु के शिशुओं/बच्चों के health promoter, enhancement of intelligence, digestion, metabolism, immunity, physical strength and complexion के दृष्टिगत स्वर्ण प्राशन योजना संचालित की जा रही है। यह खुराक बच्चों को प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में पिलाई जाती है।

3.केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से 'A Survey on the effect of Nidra (Sleep) on the Memory Status of B.A.M.S. Students विषयक गुरुकुल परिसर हेतु लघु शोध परियोजना संचालित की जा रही है।

4. केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से "Treatment adherence, tolerability and safety of Ayurveda therapeutic regimen in the management of Primary Knee Osteo orthorities: An OPD-based study" विषयक गुरुकुल परिसर हेतु शोध परियोजना संचालित की जा रही है।

5. "CCRAS PG Star" - A scheme for training in Ayurveda research for PG Scholars के तहत "Clinical Evaluation of Nagaradi granules in Balatisara" विषय पर ऋषिकुल परिसर हेतु लघु शोध परियोजना संचालित की जा रही है।

6. कैंसर रोग की रोकथाम में नवीन शोध कर इस रोग के निदान हेतु लाभकारी बनाये जाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा रसायु समूह पूना (महाराष्ट्र) से अनुबन्ध (MoU) हस्ताक्षरित किया गया है।

7.जलौकावचरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Leech therapy programe) अन्तर्गत शल्य तंत्र विभाग में विश्वविद्यालय परिसरों एवं सम्बद्ध निजी सस्थानों के संकाय सदस्यों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया है।

उक्त के अतिरिक्त मुख्य परिसर स्थित आयुर्वेद संकाय को उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न AYUSH training हेतु Nodal Training Centre तथा Nodal Wellness Centre के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम विभाग, उत्तराखण्ड



# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उत्तराखण्ड

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टार्टअप नीति—2023 (संशोधित) | • उद्यमियों के स्टार्टप्स को रू. 15,000 प्रतिमाह एक वर्ष तक मासिक भत्ता। (महिला / अनुसूचित जाति / जनजाति / दिव्यांग / ट्रांसजेन्डर या ग्रासरूट नवाचारों पर आधारित स्टार्टप्स को रू. 20,000 प्रतिमाह का मासिक भत्ता)।<br>• मान्यता प्राप्त स्टार्टप्स को रू. 10 लाख तक की एक मुश्त सीड फण्डिंग। (महिला / अनुसूचित जाति / जनजाति / दिव्यांग / ट्रांसजेन्डर या ग्रासरूट नावाचारों पर आधारित स्टार्टप्स को रू. 12.50 लाख तक की सीड फण्डिंग सहायता)।<br>• पेटेंट के लिए प्रति पेटेंट रू. 01 लाख तथा अन्तर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए रू. 05 लाख की प्रतिपूर्ति सहायता।<br>• ट्रेडमार्क तथा औद्योगिक डिजाइन के लिए आवेदन दाखिल करने पर रू. 10 हजार की प्रतिपूर्ति सहायता।<br>• एमएसएमई नीति में प्रदत्त वित्तीय | • इस नीति के प्रयोजन के लिए किसी इकाई को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी, एलएलपी अथवा पंजीकृत साझेदारी फर्म के रूप में पंजीकृत होना आवश्यक है।<br>उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 के अधीन एक इकाई को "स्टार्टअप" माना जाएगा, यदि वह निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करती है:—<br>ऐसी विधिक इकाईयां, जिनका पंजीकृत कार्यालय उत्तराखण्ड में हो:<br>1. विधिक अस्तित्व वाली इकाई के गठन एवं संचालन की अवधि इसके निगमन की तारीख से दस वर्ष से अधिक की नहीं होनी चाहिए।<br>2. निगमन / पंजीकरण के बाद से किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए ऐसी विधिक इकाई का कारोबार एक सौ करोड़ रुपये से अधिक का नहीं हुआ है।<br>3. किसी मौजूदा व्यवसाय को विभाजित करके या पुनर्निर्माण करके इकाई का गठन नहीं किया जाना चाहिए और यह पारिवारिक व्यवसाय या समूह का हिस्सा भी नहीं होना चाहिए।<br>4. इकाई को उत्पादों या प्रक्रियाओं या सेवाओं के नवाचार, विकास या सुधार की दिशा में काम करना चाहिए, या | योजना में लाभान्वित होने हेतु ऑनलाईन पोर्टल www.startuputtarakhand.com के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रोत्साहन, यथाः विशेष पूंजी उपादान, ब्याज उपादान, स्टाम्प शुल्क में छूट, एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति सहायता।<br>● प्री–इन्क्यूबेशन सपोर्ट, इन्क्यूबेशन सपोर्ट के लिए एक मुश्त निःशुल्क सहायता।<br>● नए इन्क्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना के लिए रू. 01 करोड़ तक तथा विद्यमान इन्क्यूबेशन सेंटर के विस्तार के लिए रू. 50 लाख तक का पूंजीगत उपादान।<br>● वेंचर फण्ड की स्थापना के लिए रू. 200 करोड़ का प्राविधान। | यदि यह रोजगार सृजन या धनोत्सर्जन की उच्च क्षमता वाला एक मापनीय व्यवसाय मॉडल हो; या समय–समय पर भारत सरकार द्वारा परिभाषित स्टार्टप्स के मानदंडों के अनुसार।<br>ऐसी विधिक इकाईयां, जिनका भारत के अन्य राज्यों में पंजीकृत कार्यालय है (इस नीति के अधीन परिभाषित मानदंडो के अतिरिक्त):–<br>1. इकाई का उत्तराखण्ड राज्य में भी कार्यालय होना चाहिए और इस कार्यालय के माध्यम से ही उत्तराखण्ड में व्यवसाय का महत्वपूर्ण संचालन होना चाहिए।<br>मान्यता की पूर्ण अवधि के दौरान इकाई को अपने समग्र पूर्णकालिक कार्यबल का न्यूनतम 70 प्रतिशत उत्तराखण्ड के अधिवास में से नियोजित किया जायेगा। | |
| 2. | उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति –2023 (संशोधित) | ● डी.पी.आर. सहायता – विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने पर होने वाले व्यय की 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति।<br>● स्टाम्प शुल्क प्रतिपूर्ति – 50 से 100 प्रतिशत, जनपद की श्रेणी के अनुसार।<br>● पूंजीगत उपादान– कार्यशाला भवन तथा संयंत्र व मशीनरी में कुल स्थायी पूंजी निवेश के सापेक्ष 20 से 50 प्रतिशत तक, अधिकतम रू. 4 | ● नीति के अंतर्गत प्रतिबन्धित श्रेणी में सम्मिलित उद्यमों को छोड़कर अन्य श्रेणी के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माणक उद्यम पात्र होंगे।<br>● पूर्व से विद्यमान उद्यम में न्यूनतम 25 प्रतिशत अतिरिक्त पूंजी निवेश के साथ क्षमता में भी न्यूनतम 25 प्रतिशत वृद्धि होने पर नीति का लाभ देय होगा।<br>● उद्यम की स्थापना अथवा विस्तारीकरण से पूर्व उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन अधिनियम, 2012 | ● नीति अंतर्गत पात्रता की शर्तें पूर्ण करने वाली इकाईयां वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने के उपरान्त www.investuttarakhand.uk.gov.in पोर्टल के Incentive Tab के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।<br>● वित्तीय प्रोत्साहन के लिये प्राप्त दावों पर महानिदेशक/आयुक्त उद्योग की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय प्राधिकृत समिति के माध्यम से स्वीकृति का प्राविधान है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | करोड़ की प्रतिपूर्ति, जनपद एवं उद्यम की श्रेणी के अनुसार।<br>• ब्याज सहायता प्रतिपूर्ति– 2 से 4 प्रतिशत, प्रतिवर्ष अधिकतम सीमा के अंतर्गत, जनपद एवं उद्यम की श्रेणी के अनुसार।<br>• विद्युत ड्यूटी प्रतिपूर्ति– 500 कि.वा. तक लोड के सापेक्ष शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति।<br>• मण्डी शुल्क प्रतिपूर्ति– 50 प्रतिशत, प्रतिवर्ष अधिकतम सीमा के अंतर्गत<br>• गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्रोत्साहन सहायता प्रतिपूर्ति– 75 प्रतिशत, अधिकतम रू. 1 लाख<br>क्लस्टर विकास हेतु प्रोत्साहन– प्रोजेक्ट मूल्य का 70 प्रतिशत, अधिकतम रू. 5 करोड़ प्रति प्रोजेक्ट वित्तीय प्रोत्साहन। | के अधीन सिंगल विन्डो पोर्टल के माध्यम से कैफ (CAF) पर आवेदन कर, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने की तिथि से पूर्व, जिला/राज्य प्राधिकृत समिति से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त की गयी हो।<br>• इकाई को वित्तीय प्रोत्साहन का लाभ इकाई की श्रेणी (सूक्ष्म/लघु/मध्यम) एवं संबंधित जिला/क्षेत्र की श्रेणी (ए,बी,सी,डी) के अनुसार देय होंगे।<br>• नयी इकाई की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यम के पर्याप्त विस्तारीकरण के उपरान्त, दिनांक 01.08.2023 से नीति की लागू अवधि के मध्य वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ किया गया हो। | • पूंजीगत उपादान का वितरण सूक्ष्म उद्यमों को 02 समान वार्षिक किश्तों में तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों को 05 समान वार्षिक किश्तों में देय है। अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का वितरण एकमुश्त देय होगा। |
| 3. | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) | • विनिर्माण क्षेत्र के लिये रू0 50 लाख (अधिकतम) और सेवा क्षेत्र के लिये रू0 20 लाख (अधिकतम) तक की परियोजनाओं हेतु बैंकों के माध्यम से वित्त पोषण।<br>• सामान्य (स्वयं का योगदान–10 प्रतिशत तथा मार्जिन मनी (सब्सिडी) दर शहरी क्षेत्र हेतु 15 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 25 प्रतिशत), | • 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के व्यक्ति।<br>• विनिर्माण क्षेत्र की रु. 10.00 लाख एवं सेवा क्षेत्र की रु. 05.00 लाख से अधिक लागत वाली इकाई हेतु 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए<br>• योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता के लिये एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र है। परिवार के स्वयं और पति अथवा पत्नी शामिल है।<br>• उद्यम एवं सेवा क्षेत्र की नई परियोजनाओं | योजना में लाभान्वित होने हेतु ऑनलाईन पोर्टलwww.kviconline.gov.in के माध्यम से आवेदन किया जाता है। ऑनलाईन माध्यम से ही पात्र आवेदन बैंकों को वित्त पोषण हेतु अग्रसारित किये जाते हैं।<br>योजना का क्रियान्वयन राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला उद्योग केन्द्रों के द्वारा किया जाता है।<br>**<u>आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज</u>**<br>1. आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो<br>2. आधार कार्ड की प्रति<br>3. रोजगार संख्या के साथ प्रोजैक्ट |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | • विशेष श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक, महिला एवं दिव्यांगजन) हेतु—स्वयं का योगदान—5 प्रतिशत तथा मार्जिन मनी (सब्सिडी) दर शहरी क्षेत्र हेतु—25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 35 प्रतिशत। | के लिये अनुमन्य।<br>• | रिपोर्ट<br>4. शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र<br>5. जाति प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो)<br>6. विशेष श्रेणी प्रमाण पत्र (जहां आवश्यक हो)<br>7. ग्रामीण क्षेत्र प्रमाण पत्र (ग्राम प्रधान द्वारा)<br>शिक्षा (ईडीपी) कौशल विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) |
| 4. | निजी औद्योगिक आस्थानों/क्षेत्रों की स्थापना हेतु नीति—2023 | • बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत उपादान – रू. 10 लाख प्रति एकड़।<br>• सी.ई.टी.पी. की स्थापना पर उपादान – 40 प्रतिशत, अधिकतम रू. 1 करोड़।<br>• वाह्य ढांचागत विकास हेतु सहायता— निजी प्रवर्तक द्वारा औद्योगिक आस्थान के लिये सृजित अचल परिसम्पत्ति पर किये गये कुल स्थिर पूंजी निवेश का 02 प्रतिशत, प्रति पार्क/औ.आ. देय होगा। | • कोई भी व्यक्तिगत संस्थापक/विकासकर्ता/साझेदारी फर्म/एलएलपी/कंपनी या कंपनी अधिनियम/ सोसाइटी अधिनियम/ सीमित देयता भागीदारी, संयुक्त उद्यम, सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड अथवा लैण्ड एग्रीगेटर (सभी संबंधित भूस्वामियों की लिखित सहमति के साथ) के रूप में विधिक रूप से पंजीकृत कम्पनी/संस्था, निजी क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र की स्थापना के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होगा।<br>• निजी औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र/पार्क की स्थापना के लिए मैदानी क्षेत्र में कम से कम 30 एकड़ और पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 02 एकड़ या इससे अधिक भूमि होना अनिवार्य है।<br>• औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र की स्थापना के लिए प्रमोटर/निवेशक/प्रवर्तक को भूमि की व्यवस्था अपने श्रोतों से स्वयं करनी होगी।<br>• लैण्ड एग्रीगेटर्स के द्वारा भूमि एकत्र कर | • निजी औद्योगिक आस्थान के गठन हेतु पात्र विकासकर्ता द्वारा www.investuttarakhand.uk.gov.in पोर्टल के कैफ (CAF) टैब के माध्यम से समस्त अनिवार्य अभिलेखों सहित आवेदन किया जायेगा।<br>• सैद्धान्तिक स्वीकृति के उपरान्त विकासकर्ता द्वारा औद्योगिक आस्थान गठन की अधिसूचना हेतु एकल खिड़की पोर्टल पर Departmental Services Tab के माध्यम से अनिवार्य अभिलेखों सहित आवेदन किया जायेगा।<br>• निजी औद्योगिक आस्थान/पार्क के गठन की अधिसूचना जारी होने के बाद, www.investuttarakhand.uk.gov.in पोर्टल के Incentive Tab के माध्यम से नीति अंतर्गत प्राविधानित वित्तीय प्रोत्साहन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा।<br>बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत उपादान सहायता 04 चरणों में, प्रत्येक चरण के |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र/पार्क की स्थापना किये जाने की स्थिति में, नीति के अन्तर्गत वित्तीय दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए, सिडकुल द्वारा प्रमोटर/लैण्ड एग्रीगेटर के साथ अनुबन्ध किया जायेगा।<br>• निजी औद्योगिक आस्थान/पार्क विकासकर्ता द्वारा यदि न्यूनतम 80 प्रतिशत भूमि अर्जित अथवा एग्रीगेट कर ली जाती है और शेष भूमि को प्राप्त करने में कोई बाधा उत्पन्न होती है, तो सिडकुल द्वारा शेष भूमि के अधिग्रहण मूल्य के बराबर विकासकर्ता से बैंक गॉरण्टी प्राप्त करते हुये, सम्बंधित जनपद के जिलाधिकारी के माध्यम से भूमि अधिग्रहीत की जा सकेगी।<br>• विकासकर्ता द्वारा भूमि लीज पर लेने अथवा एग्रीगेट करने की स्थिति में लीज/अनुबन्ध की न्यूनतम अवधि 30 वर्ष होगी, जिसे दोनों पक्षों की सहमति से नवीनीकृत किया जा सकेगा।<br>• प्रस्तावित भूमि विधिक रूप से पूरी तरह से प्रवर्तक के कब्जे में हो और किसी भी अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिये। | लिये निर्धारित शर्तें/कार्य की पूर्ति के उपरान्त देय होगा। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# स्टेट इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इन्डस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 (सिडकुल)



| 2. | स्थानीय फसल प्रोत्साहन कार्यक्रम | **योजनान्तर्गत स्थानीय फसलों के सत्यापित बीजों को शत प्रतिशत अनुदान पर वितरण कर निम्न उद्देश्यों की प्राप्ति की जायेगी—**<br>**क—** क्षेत्र विशेष के अनुसार क्षेत्रफल में वृद्धि किये जाने हेतु सत्यापित बीज (truthful level seed ) अनुदान पर वितरण करना<br>**ख—** बीज प्रतिस्थापन दर की पूर्ति करना।<br>**ग—** गुणवत्तायुक्त बीज के उपयोग मात्र से ही उत्पादन में वृद्धि की जाना सम्भव है। इससे जनपदों में उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी।<br>**घ—** स्थानीय दलहन फसलों को प्रोत्साहन करना।<br>**ड—** कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त कराना।<br>बीज उत्पादन का कार्य कृषि विभाग द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना के अन्तर्गत गठित कलस्टरों में UGVS-REAP के अन्तर्गत गठित CLF/LC तथा कृषि विभाग के माध्यम से किया जायेगा। जिन फसलों में परम्परागत योजनान्तर्गत कलस्टर संचालित नहीं है उनमें सत्यापित बीज उत्पादन हेतु CLF/LC के माध्यम से कलस्टर का चयन किया जायेगा। संस्था द्वारा इन्ही क्षेत्रों में बीज उत्पादन कार्यक्रम सम्पादित किया जायेगा तथा उत्पादित बीज को क्षेत्रवार विधायन कर उन्ही क्षेत्रों में वितरित किये जाने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।<br>**कार्यक्रम अन्तर्गत चयनित परम्परागत फसलें—**<br>1.राजमा 2.गहत 3.रामदाना 4.लाल धान 5. मक्का—नैनीताल एवं चकराता क्षेत्र<br>6. भट्ट 7. उगल/फाफर 8. कौंणी 9. तोर (अरहर) | पर्वतीय जनपद के समस्त कृषक | चयनित कलस्टर के समस्त कृषक। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद



| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता/लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 01. | नमामि गंगे योजना | योजनान्तर्गत कृषकों को कलस्टर के रूप में जैविक खेती किये जाने हेतु सहायता प्रदान की जाती है। | प्रदेश में गंगा तथा गंगा की सहायक नदियों के किनारे के ग्रामों में आने वाले कृषक। | आवेदन संलग्न प्रारूप पर जैविक उत्पाद परिषद कार्यालय किसान भवन देहरादून में जमा किये जा सकते है। |

PROGRAMME IMPLEMENT

# उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड



# उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड

| क्र.सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता/लाभार्थी | आवेदन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यवसायिक दुकानों का आवंटन | व्यापारियों को व्यापार करने में सुविधा | मण्डी समिति का लाईसेंस धारी व्यापारी होना आवश्यक है। | **आवेदन प्रकिया**<br>1– दुकान आवंटन की सूचना प्राप्त (समाचार पत्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा सूचना) होने पर समिति कार्यालय से निर्धारित धनराशि का भुगतान कर फार्म प्राप्त करना।<br>2– फार्म में उल्लिखित सूचना भरकर समिति कार्यालय में जमा कराना।<br>**चयन प्रकिया–**<br>1– व्यवसायिक दुकानों का आवंटन दुकान आवंटन कमेटी के माध्यम से किया जाता है।<br>2– प्राप्त आवेदन फार्म से उपलब्ध दुकानों के आधार पर उन व्यापारियों का घटते क्रम में चयन किया जाता है। जिनके द्वारा गत तीन वर्षो में सर्वाधिक मण्डी शुल्क जमा किया गया है। |
| 2. | किसान बाजार की दुकानों का आवंटन | कृषि उत्पादों को छोड़कर अन्य उत्पादों का व्यापार। | जन सामान्य। | **आवेदन प्रकिया**<br>1– किसान बाजार की दुकान आवंटन की सूचना (समाचार पत्र एवं सर्वाजनिक स्थलों पर चस्पा सूचना) प्राप्त होने पर समिति कार्यालय से निर्धारित धनराशि का भुगतान कर निविदा फार्म प्राप्त करना।<br>2– निविदा फर्मा हेतु निर्धारित तिथि को टेण्डर बॉक्स में निविदा डालना।<br>**चयन प्रकिया–**<br>1– किसान बाजार की दुकानों का आवंटन दुकान आवंटन कमेटी के माध्यम से किया जाता है।<br>2– दुकान आवंटन कमेटी द्वारा निविदा दाताओं के सम्मुख निविदा खोली जाती है।<br>3– सर्वाधिक निविदा धनराशि पर कमेटी द्वारा आवेदकों/निविदादातओं से बोली लगाई जाती है।<br>4– सर्वाधिक बोली बोलने वाले बोलीदाता को दुकान आवंटन की जाती है। |
| 3 | कैण्टीनों का आवंटन | चाय व अन्य खाने पीने की वस्तुओं का व्यापार। | जन सामान्य। | **आवेदन प्रकिया**<br>1– कैण्टीनों के आवंटन की सूचना (समाचार पत्र एवं सार्वजनिक |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | स्थलों पर चस्पा सूचना) प्राप्त होने पर समिति कार्यालय से निर्धारित धनराशि का भुगतान कर निविदा फार्म प्राप्त करना।<br>2– निविदा फर्मा हेतु निर्धारित तिथि को टेण्डर बॉक्स में निविदा डालना।<br>**चयन प्रकिया–**<br>1– कैण्टीनों का आवंटन समिति स्तर से गठित कमेटी के माध्यम से किया जाता है।<br>2– कमेटी द्वारा निविदा दाताओं के सम्मुख निविदा खोली जाती है।<br>3–सर्वाधिक निविदा धनराशि पर कमेटी द्वारा आवेदकों/निविदा ताओं को कैण्टीन एक वर्ष के लिए आवंटित कर दी जाती है। |
| 4 | व्यापारिक गोदाम | व्यापारियों को व्यापार करने में सुविधा | मण्डी समिति का लाईसेंस धारी व्यापारी होना आवश्यक है। | **आवेदन प्रकिया**<br>1– गोदाम आवंटन की सूचना प्राप्त (समाचार पत्र एवं सर्वाजनिक स्थलों पर चस्पा सूचना) होने पर समिति कार्यालय से निर्धारित धनराशि का भुगतान कर फार्म प्राप्त करना।<br>2– फार्म में उल्लिखित सूचना भरकर समिति कार्यालय में जमा कराना।<br>**चयन प्रकिया–**<br>1 व्यापारिक गोदाम का आवंटन दुकान आवंटन कमेटी के माध्यम से किया जाता है।<br>2– प्राप्त आवेदन फार्म से उपलब्ध गोदामों के आधार पर उन व्यापारियों का घटते क्रम में चयन किया जाता है। जिनके द्वारा गत तीन वर्षो में सर्वाधिक मण्डी शुल्क जमा किया गया है। |
| 5. | छात्रवृत्ति योजना | उत्तराखण्ड राज्य के गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, आर0एम0पी0 (पी0जी0) कालेज, गुरूकुल नारसन, हरिद्वार, औद्यानिक महाविद्यालय, वी. च. सिं. ग. उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल एवं वानिकी महाविद्यालय, वी. च. सिं. ग. | 1– उत्तराखण्ड राज्य के लघु एवं सीमान्त कृषकों, खेतीहर मजदूरों एवं मण्डी मजदूरों के पुत्र/पुत्रियों के लिए है।<br>2– जिनकी परिवार की कुल वार्षिक आय रू0 3,00,000/–(रू0 तीन | 1– आवेदक द्वारा संबंधित मण्डी समिति द्वारा प्राप्त संबंधित मण्डी क्षेत्र का होने का प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जायेगा।<br>2– पात्र विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय /महाविद्यालय में आवेदन किया जायेगा।<br>3– विश्वविद्यालय /महाविद्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, रानीचौरी में कृषि, वानिकी, मत्स्य, औद्यानिक संकाय में अध्ययनरत छात्रवृत्ति हेतु छात्रों के चयन में लघु एवं सीमान्त कृषकों, खेतीहर मजदूरों एवं मण्डी मजदूरों के पुत्र एवं पुत्रियों तथा उन पर आश्रितों को छात्रवृत्ति दी जाती है। | लाख) से अधिक न हो। | |
| 6. | व्यक्तिगत दुर्घटना सहायता योजना | उत्तराखण्ड राज्य के मण्डी अधिनियम के अन्तर्गत विनियमित मण्डी क्षेत्रों के किसानों, खेतिहर मजदूरों तथा मण्डी मजदूरों, जो कृषि कार्य अथवा कृषि उपकरणों के संचालन में संलिप्त है। जैसे कृषि सम्बन्धी बिजली उपकरणों तथा खेत की सिंचाई हेतु कुओं तथा तालाबों की खुदाई या गहराई बढ़ाने में कार्यरत है, या ट्रैक्टर का उपयोग कृषि उत्पाद की थ्रेसिंग/ढुलाई करते समय या खेत में कृषि कार्य करते समय दुर्घटना के फलस्वरूप शारीरिक क्षति/मृत्यु होने पर, उसकी क्षतिपूर्ति हेतु मण्डी विपणन बोर्ड द्वारा मण्डी समितियों के माध्यम से योजना का संचालित किया जाता है। | 1– व्यक्तिगत दुर्घटना सहायता योजना के अन्तर्गत क्षति पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड राज्य का निवासी होना चाहिए।<br>2– दावा स्वीकार करने के लिए पात्रता की न्यूनतम आयु 18 है। | 1– उपरोक्त स्वीकार की गयी दुर्घटना के लिए प्रभावित कृषक/मजदूर द्वारा संभव तुरन्त अथवा 45 दिनों के अन्दर दुर्घटना की सूचना क्षेत्र के मण्डी समिति अथवा परगनाधिकारी को देनी होगी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर अधिकतम 15 दिनों के अन्दर स्वयं अथवा मण्डी समिति कर्मचारी से जांच करायी जायेगी।<br>2– दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की स्थिति में उसके वैध प्रतिनिधि अथवा उत्तराधिकारी के अतिरिक्त दावा प्रपत्र पर उसके निकट के दो रिश्तेदारों के गवाह के रूप में अथवा सत्यापन हेतु हस्ताक्षर होने चाहिए। दावे का प्रार्थना पत्र ग्राम प्रधान अथवा पंचायत के दो सदस्यों द्वारा सत्यापित होने की स्थिति में आवेदन पत्र सभी प्रविष्टियां/हस्ताक्षर/अंगूठे/कटे हाथों के निशान सम्बन्धित मण्डी समिति के सचिव/अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होने चाहिए।<br>3– दुर्घटना द्वारा मृत्यु की दशा में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र/जिला अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र/शव विच्छेदन रिपोर्ट/विशेष परिस्थिति में शवदाह हेतु कराया गया पंचनामा प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।<br>4– दुर्घटना ग्रस्त स्थिति में चिकित्सा प्रमाण पत्र कटे या अलग हुए तथा क्षतिग्रस्त अंगों के रंगीन दो फोटोग्राफ (पोस्टकार्ड साइज) एवं निकटस्थ दो रिश्तेदारों द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 5– दावा प्रपत्र सम्पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए। मण्डी समिति द्वारा दुर्घटना की पुष्टि एवं प्रमाण पत्र हेतु जांच की पूर्ण आख्या (रिपोर्ट) संलग्न होना आवश्यक है।<br>6– दावा प्रपत्र पर आवेदक की ओर से हस्ताक्षर/बांये/दांये अंगूठे के निशान सहित दावा प्रपत्र भरा होना चाहिए। यदि बांया अंगूठा कटा हो, तो दाये अंगूठे का निशान, यदि दोनों अंगूठे कटे हो, तो क्रियाशील हाथ की अंगुलियों के निशान लगाये जा सकते हैं। यदि दोनों हाथ कट गये हो तो कटे हुए हाथ के आगे के भाग का निशान लगाना होगा, यह महिलाओं तथा पुरूषों दोनों के लिए होगा।<br>7– सचिव, मण्डी समिति द्वारा जांचोपरान्त सम्पूर्ण दावा प्रपत्र अपनी संस्तुति सहित भुगतान हेतु अध्यक्ष/प्रशासक को अनुमोदन/स्वीकृति हेतु भेजा जायेगा। जैसा कि दावा प्रपत्र के अन्त में दिया गया है, दावा स्वीकृत करने के पूर्व इसकी जांच अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों से करायी जायेगी। दावा यथा संभव एक माह में स्वीकृत किया जायेगा। लेकिन विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा उक्त समयावधि बढ़ायी जा सकती है। दावा स्वीकृत करने के उपरान्त अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा दावा प्रपत्र भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को भेज दिया जायेगा तथा मण्डी बोर्ड द्वारा दावे की धनराशि का ड्राफ्ट दावाकर्ता के नाम बनाकर सम्बन्धित मण्डी सचिव को भुगतान हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा। |
| 7. | कृषक उत्पादक क्षति सहायता योजना | उत्तराखण्ड राज्य के अधिसूचित मण्डी क्षेत्रों में खेत में तैयार फसल/खेत में कटी हुई फसल/खलिहानों में मड़ाई हेतु रखी फसल/उपज अवशेष अंश का अग्नि दुर्घटना से हुई क्षति, कृषक के मकान में आग लगने से सम्पति एवं पशुधन की क्षति तथा बाढ़ अथवा वर्षा से कृषि योग्य | 1– कृषक उत्पादक क्षति सहायता योजना के अर्न्तगत क्षति पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड राज्य का निवासी होना चाहिए।<br>2– दावा स्वीकार करने | 1– अग्नि दुर्घटना एवं बाढ़ से हुई दुर्घटना की सूचना के लिए प्रभावित कृषक/उत्पादक को निर्धारित प्रारूप (निःशुल्क प्रार्थना पत्र, जो मण्डी समिति कार्यालय में उपलब्ध है) पर घटना के अधिकतम 7 दिनों के अन्दर सचिव/अध्यक्ष/प्रशासक अथवा सम्बन्धित मण्डी समिति के क्षेत्रान्तर्गत तहसीलदार को प्रस्तुत करना आवश्यक है।<br>2– प्राप्त दावा की जांच मण्डी समिति के सचिव द्वारा कराई |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | भूमि के कटाव से हुई क्षति पूर्ति का लाभ कृषकों को। | के लिए पात्रता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। | जायेगी तथा अपनी जांच एक सप्ताह में पूर्ण करके अपनी अन्तिम आख्या अध्यक्ष/प्रशासक मण्डी समिति को अनिवार्यतः निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत की जायेगी, जैसा कि दावा प्रपत्र में अन्त में दिया गया है। जहां मण्डी समिति के कार्यालय नहीं है, वहां ऐसी जांच सम्बन्धित तहसीलदार द्वारा करके उस क्षेत्र से सम्बन्धित मण्डी समिति को प्रेषित की जायेगी।<br>3– मण्डी समिति कार्यालय द्वारा दावा प्रपत्र का विधिवत परीक्षणोपरान्त उसके भुगतान से सम्बन्धित कार्यवाही अध्यक्ष/प्रशासक मण्डी समिति का अनुमोदन लेकर की जायेगी।<br>4– उपरोक्त समस्त कार्यवाही यथा संभव दो माह में पूर्ण कर ली जायेगी एवं आवश्यकतानुसार समयावधि अध्यक्ष/प्रशासक मण्डी समिति द्वारा विशेष परिस्थितियों में बढ़ाई जा सकती है।<br>5– सहायता दावों के भुगतान हेतु मण्डी बोर्ड द्वारा अग्रिम धनराशि का बैंक ड्राफ्ट दावाकर्ता के नाम बनाकर सम्बन्धित मण्डी समिति के सचिव को भुगतान करने हेतु प्रेषित कर दिया जायेगा। |
| 8. | ठेकदारी का पंजीकरण | समस्त आवेदक/जनसामान्य | फर्म/ठेकेदार द्वारा सभी श्रेणियों हेतु निर्धारित शर्तों को पूर्ण करना। | विपणन बोर्ड में चार श्रेणियों में पंजीकरण किया जाता है (अ,ब,स एंव द) सर्वप्रथम पंजीकरण हेतु आवेदनकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रेषित कर पंजीयन फार्म क्रय किया जाता है। उसके उपरान्त फर्म/ठेकेदार द्वारा निर्धारित शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होता है। जिसका विवरण श्रेणीवार निम्नवत है:–<br>**श्रेणी–अ**<br>1. नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति 2. हैसियत प्रमाण–पत्र रू0 30.00 लाख की प्रति 3. हैसियत में कोई खुर्द–बुर्द न करने का शपथ–पत्र 4. डिग्री होल्डर की डिग्री की प्रति 5. डिग्री होल्डर की ओर से शपथ–प्रति 6. डिग्री होल्डर को रखने का शपथ–पत्र 7. जी0एस0टी0 में पंजीकरण की प्रति 8. ई0पी0एफ0 में पंजीकरण की प्रति 9. ई0एस0आई0 में पंजीकरण की प्रति 10. पैनकार्ड की प्रति 11. मशीन एवं टूल्स का शपथ पत्र 12. जिला पंचायत में पंजीकरण की रसीद 13. फर्म का फर्म निबन्धन में पंजीकरण की प्रति (पार्टनरशिप फर्म) 14. पार्टनर शिप डीड की |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रति 15. अनुभव प्रमाण–पत्र विगत तीन वर्षो में रू0 300.00 लाख का, जिसमें रू0 50–50 लाख के तीन पूर्ण किये अनुबन्ध सम्मिलित हों 16. नवीनतम फोटोग्राफ–02 नग 17. पंजीकरण शुल्कः रू0 10000+18 प्रतिशत (जी0एस0टी0) डी0डी0 के रूप में, 18. पंजीकरण जमानत राशिः रू0 2.00 लाख एफ0डी0आर0 के रूप में एवं 19. कार्य क्षमता रू0 50.00 लाख से अधिक।<br>**श्रेणी–ब**<br>1. नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति 2. हैसियत प्रमाण–पत्र रू0 15.00 लाख की प्रति 3. हैसियत में कोई खुर्द–बुर्द न करने का शपथ–पत्र 4. डिप्लोमा होल्डर की डिप्लोमा की प्रति, 5. डिप्लोमा होल्डर की और से शपथ–पत्र 6. डिप्लोमा होल्डर को रखने का शपथ–पत्र 7. जी0एस0टी0 में पंजीकरण की प्रति, 8. ई0पी0एफ0 में पंजीकरण की प्रति 9. ई0एस0आई0 में पंजीकरण की प्रति 10. पैनकार्ड की प्रति 11. मशीन एवं टूल्स का शपथ पत्र 12. जिला पंचायत में पंजीकरण की रसीद 13. फर्म का फर्म निबन्धन में पंजीकरण की प्रति (पार्टनरशिप फर्म) 14. पार्टनर शिप डीड की प्रति 15. अनुभव प्रमाण–पत्र विगत तीन वर्षो में रू0 150.00 लाख का जिसमें रू0 25–25 लाख के तीन पूर्ण किये अनुबन्ध सम्मिलित हों 16. नवीनतम फोटोग्राफ–02 नग 17. पंजीकरण शुल्कः रू0 5000+18 प्रतिशत (जी0एस0टी0) डी0डी0 के रूप में, 18. पंजीकरण जमानत राशिः रू0 1.00 लाख एफ0डी0आर0 के रूप में एवं 19. कार्य क्षमता रू0 50.00 लाख तक।<br>**श्रेणी–स**<br>1. नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति 2. हैसियत प्रमाण–पत्र रू0 10.00 लाख की प्रति 3. हैसियत में कोई खुर्द–बुर्द न करने का शपथ–पत्र 4. डिप्लोमा होल्डर की डिप्लोमा की प्रति 5. डिप्लोमा होल्डर की और से शपथ–पत्र 6. डिप्लोमा होल्डर को रखने का शपथ–पत्र 7. जी0एस0टी0 में पंजीकरण की प्रति 8. पैनकार्ड की प्रति 9. मशीन एवं टूल्स का शपथ पत्र 10. जिला पंचायत में पंजीकरण की रसीद 11. फर्म का फर्म निबन्धन में पंजीकरण की प्रति (पार्टनरशिप फर्म) 12. पार्टनर शिप डीड की प्रति 13. अनुभव प्रमाण–पत्र विगत तीन वर्षो में रू0 45.00 लाख |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | का, जिसमें रू0 15–15 लाख के दो पूर्ण किये अनुबन्ध सम्मिलित हों 14. नवीनतम फोटोग्राफ–02 नग 15. पंजीकरण शुल्कः रू0 3000+18 प्रतिशत (जी0एस0टी0) डी0डी0 के रूप में 16. पंजीकरण जमानत राशिः रू0 50.00 हजार एफ0डी0आर0 के रूप में एवं 17. कार्य क्षमता रू0 20.00 लाख तक।<br>**श्रेणी–द**<br>1. नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति 2. हैसियत प्रमाण–पत्र रू0 5.00 लाख की प्रति 3. हैसियत में कोई खुर्द–बुर्द न करने का शपथ–पत्र 4. जी0एस0टी0 में पंजीकरण की प्रति, 5. पैनकार्ड की प्रति 6. मशीन एवं टूल्स का शपथ पत्र 7. जिला पंचायत में पंजीकरण की रसीद 8. फर्म का फर्म निबन्धन में पंजीकरण की प्रति (पार्टनरशिप फर्म) 9. पार्टनर शिप डीड की प्रति 10. अनुभव प्रमाण–पत्र विगत तीन वर्षो में रू0 5.00 लाख का 11. नवीनतम फोटाग्राफ–02 नग 12. पंजीकरण शुल्कः रू0 2000+18 प्रतिशत (जी0एस0टी0) डी0डी0 के रूप में, 13. पंजीकरण जमानत राशिः रू0 20.00 हजार एफ0डी0आर0 के रूप में एवं 14. कार्य क्षमता रू0 10.00 लाख तक।<br>**नोटः– प्रत्येक श्रेणी में दिये गये प्रमाण–पत्रों की जांच/सत्यापन कराने के उपरान्त पंजीकरण किया जाता है।** |
| 9. | सम्पर्क मार्ग | ग्रामीणों/कृषकों | ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां फसल को मुख्य मार्ग तक लाने की आवश्यकता हो। | किसानों/ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानों/जनप्रतिनिधियों की मांग पर मण्डी समिति द्वारा पारित प्रस्ताव के अधार पर मण्डी विकास निधि से एवं विपणन बोर्ड द्वारा प्रदत्त सहमति के आधार पर केन्द्रीय मण्डी निधि से निर्माण शाखा द्वारा सम्पर्क मार्ग की परियोजना/आगणन गठित कर प्रशासनिक एव वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को प्रेषित किया जाता है। |
| 10. | हैण्डपम्प | ग्रामीणों/कृषक | ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां पेयजल व्यवस्था की आवश्यकता हो | किसानों/ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानो/जनप्रतिनिधियों की मांग पर मण्डी समिति द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर मण्डी विकास निधि से एवं विपणन बोर्ड द्वारा प्रदत्त सहमति के आधार पर केन्द्रीय मण्डी निधि से वि0/यां0 शाखा द्वारा हैण्डपम्प की परियोजना/आगणन गठित कर प्रशासनिक एव वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड को प्रेषित किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर



# गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर अमेरिका के लैण्ड ग्रांट पैटर्न पर स्थापित भारत का पहला कृषि विश्वविद्यालय, 17 नवम्बर 1960 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया।

देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा दिए गये महत्वपूर्ण योगदान के लिए नोबल पुरस्कार विजेता डॉ0 नारमन ई0 बोरलॉग द्वारा इसे **"हरित क्रान्ति की जन्मस्थली"** के नाम से सम्बोधित किया गया है। विगत छः दशकों में यह विश्वविद्यालय खाद्यान्न उत्पादन के अलावा पशुधन, दुग्ध, तिलहनी फसलों तथा मत्स्य उत्पादन में भी अपना अहम योगदान दे रहा है। कृषि शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रसार में अपने अहम योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली (आईसीएआर) द्वारा इसे तीन बार सरदार पटेल आउट स्टैडिंग इन्स्टीट्यूशन सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के अलावा विश्वविद्यालय आईसीएआर रैंकिंग में देश के कृषि विश्वविद्यालयों के बीच लगातार शीर्ष स्थान पर रहा है। पंत विश्वविद्यालय क्यूएस वर्ड रैंकिग बाई सवजैक्ट में 301–350वें स्थान के साथ देश के सभी राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाने वाला अकेला विश्वविद्यालय रहा है। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा एक्रिडिटेशन में "ए" रैंक प्राप्त है। राष्ट्रीय स्तर की एनआईआरएफ रैंकिंग–एग्रीकल्चर एण्ड एलाईड 2024 में विश्वविद्यालय को 8वां स्थान एवं कृषि विश्वविद्यालयो में तीसरा स्थान प्राप्त है।

**शैक्षणिक कार्यक्रम**

विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय में सात महाविद्यालय क्रमशः कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, पशुचिकित्सा एवं पशु पालन विज्ञान महाविद्यालय, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, प्रौद्योगिक महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय हैं जिनमें लगभग 4300 विद्यार्थी विभिन्न उपाधियों के लिए अध्यनरत हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय निम्न पाठ्यक्रमों के स्नातक, पारस्नातक एवं पी0एच0डी0 की उपाधि प्रदान कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक पाठ्यक्रम | बी.एस.सी. (ऑनर्स) कृषि, बी.एस.सी. (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान, बी.वी.एस.सी. एवं ए.एच., बी.एफ.एस.सी., बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी), बी.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी), बी.टेक– (जैव प्रौद्योगिकी), बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग, बी.टेक. कंप्यूटर इंजीनियरिंग, बी.टेक. इलेक्ट्र. इंजीनियरिंग, बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, बी.टेक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बी.टेक. औद्योगिक और उत्पादन इंजीनियरिंग |
| 2. | परास्नातक पाठ्यक्रम | **कृषि अर्थशास्त्र, कृषि मौसम विज्ञान, कृषि विज्ञान, कृषि विस्तार शिक्षा, कीट विज्ञान, आनुवांशिकी और पादप प्रजनन, फल विज्ञान, फूलों की खेती और भूनिर्माण, पादप रोग विज्ञान, मृदा विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,**<br><br>**(मत्स्य विज्ञान प्रमुख)**<br>**जलीय कृषि,**<br>मत्स्य विज्ञान/जलकृषि में स्नातक की डिग्री<br>**मछली प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी**<br>मत्स्य विज्ञान स्नातक |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | |
|---|---|---|
| | | **(सामुदायिक विज्ञान प्रमुख)**<br>**परिधान और वस्त्र विज्ञान,**<br>बीएससी गृह विज्ञान/बीएससी (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान/गृह अर्थशास्त्र/परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान के साथ–साथ इंटरमीडिएट विज्ञान<br>**संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान,**<br>बीएससी गृह विज्ञान/गृह अर्थशास्त्र/परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान/बीएससी (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान इंटरमीडिएट विज्ञान के साथ।<br>**खाद्य और पोषण,**<br>बीएससी होम साइंस विद इंटरमीडिएट साइंस/बीएससी फूड टेक/बीएससी (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस/बीएससी होम इकोनॉमिक्स/बीएससी (ऑनर्स) फूड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स/बीटेक फूड टेक्नोलॉजी।<br>**मानव विकास और परिवार अध्ययन**<br>बीएससी गृह विज्ञान/बीएससी (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान/बीएससी गृह अर्थशास्त्र/बीएससी परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान/बीएससी सामुदायिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान के साथ–साथ इंटरमीडिएट विज्ञान।<br><br>**(विज्ञान प्रमुख)**<br>**कृषि रसायन,**<br>बीएससी रसायन विज्ञान एक प्रमुख विषय के रूप में/ बीएससी कृषि/बागवानी/वानिकी/बीएससी (ऑनर्स) कृषि।<br>**जैव रसायन,**<br>जैव रसायन विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान/कृषि/गृह विज्ञान/सामुदायिक विज्ञान/मत्स्य पालन/पशु चिकित्सा विज्ञान/वानिकी/खाद्य प्रौद्योगिकी में बीएससी/रसायन विज्ञान एक प्रमुख विषय के रूप में लेकर बीएससी/बागवानी में बीएससी।<br>**वनस्पति विज्ञान,**<br>वनस्पति विज्ञान को प्रमुख विषय के रूप में लेकर बी.एस.सी.<br>**रसायन विज्ञान,**<br>रसायन विज्ञान को प्रमुख विषय के रूप में लेकर बी.एस.सी.<br>**पर्यावरण विज्ञान,**<br>पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण जीव विज्ञान के साथ बीएससी एक प्रमुख विषय के रूप में/जेडबीसी/कृषि/मत्स्य पालन/गृह विज्ञान/सामुदायिक विज्ञान/वानिकी/बागवानी में बीएससी।<br>**एम.टेक. खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी**<br>खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी/डेयरी प्रौद्योगिकी में चार वर्षीय स्नातक की डिग्री<br>**गणित,**<br>बी.एस.सी. गणित विषय के साथ एक प्रमुख विषय के रूप में |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

**सूक्ष्म जीव विज्ञान,**
माइक्रोबायोलॉजी/बायोकेमिस्ट्री/कृषि/मत्स्य/वानिकी/गृह विज्ञान/सामुदायिक विज्ञान/बायोटेक्नोलॉजी/बायोलॉजी (जूलॉजी और बॉटनी के साथ कोई अन्य विषय)/बीएससी बागवानी/बीटेक (बायोटेक्नोलॉजी)।

**आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी,**
किसी भी कृषि विश्वविद्यालय से कृषि/बागवानी/वानिकी/मत्स्य विज्ञान/कृषि जैव प्रौद्योगिकी/बी.टेक. जैव प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री

**प्लांट फिजियोलॉजी,**
कृषि/बागवानी/वानिकी में बीएससी या प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान में बीएससी/रसायन विज्ञान/जैव रसायन विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/पादप कार्यिकी में बीएससी।

**भौतिकी**
भौतिकी विषय के साथ बी.एस.सी.

**(पशु चिकित्सा विज्ञान प्रमुख)**

**पशु चिकित्सा, पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान, पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान, पशु चिकित्सा विकृति विज्ञान, पशु चिकित्सा औषध विज्ञान और विष विज्ञान, पशु चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान, पशु चिकित्सा विस्तार शिक्षा, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी, पशुधन उत्पादन और प्रबंधन, पोल्ट्री विज्ञान, पशु पोषण, पशु आनुवंशिकी और प्रजनन**
बी.वी.एससी. एवं ए.एच./बी.वी.एससी.

**(इंजीनियरिंग प्रमुख)**

**कृषि मशीनरी और विद्युत इंजीनियरिंग,**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।

**सिंचाई और जल निकासी इंजीनियरिंग,**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।

**प्रसंस्करण और खाद्य इंजीनियरिंग,**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि इंजीनियरिंग/रासायनिक इंजीनियरिंग/बी.टेक. खाद्य विज्ञान/बी.टेक. खाद्य प्रौद्योगिकी/बी.टेक. डेयरी प्रौद्योगिकी/बी.टेक. खाद्य इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री

**मृदा और जल संरक्षण इंजीनियरिंग,**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि इंजीनियरिंग/सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।

**कंप्यूटर इंजीनियरिंग,**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर इंजीनियरिंग/कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना संचार प्रौद्योगिकी में बी.टेक./बी.ई. डिग्री।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | |
|---|---|---|
| | | **डिजाइन और उत्पादन इंजीनियरिंग,**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग/मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/औद्योगिक एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।<br>**विद्युत ऊर्जा प्रणाली,**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री<br>**इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग,**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/संचार इंजीनियरिंग/दूरसंचार इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।<br>**हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।<br>**सूचना प्रौद्योगिकी**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग/कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना संचार प्रौद्योगिकी में बी.ई./बी.टेक. डिग्री।<br>**विनिर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/मैकेनिकल/प्रोडक्शन और टूल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी और मैन्यूफैक्चरिंग इंजीनियरिंग/मेक्ट्रोनिक्स/मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस एंड ऑटोमेशन/प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी/मैकेनिकल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/ऑटोमेशन इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्र में बी.टेक./बी.ई./बी.एससी. (इंजीनियरिंग) की डिग्री।<br>**मृदा यांत्रिकी और फाउंडेशन इंजीनियरिंग**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री<br>**संरचनात्मक इंजीनियरिंग**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री<br>**थर्मल इंजीनियरिंग**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री<br>**परिवहन इंजीनियरिंग**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री।<br><br>**(प्रबंधन कार्यक्रम)**<br>**एमबीए (कृषि व्यवसाय),**<br>कृषि, कृषि रसायन, कृषि इंजीनियरिंग, डेयरी विज्ञान/प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन, खाद्य विज्ञान/प्रौद्योगिकी, वानिकी, बागवानी, |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | |
|---|---|---|
| | | पशु चिकित्सा विज्ञान, गृह विज्ञान/सामुदायिक विज्ञान या बी.टेक. (जैव प्रौद्योगिकी) में स्नातक और/या मास्टर डिग्री।<br>**एमबीए**<br>एआईयू यूजीसी या एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों (एससी / एसटी वर्ग **से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में 45 प्रतिशत) के साथ स्नातक की डिग्री।**<br>**एमसीए**<br>**एम.सी.ए. कार्यक्रम**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित के साथ बीसीए/बीएससी/बीएससी (सूचना प्रौद्योगिकी)/बीएससी कंप्यूटर विज्ञान |
| 3. | पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम | **कृषि**<br>कृषि अर्थशास्त्र, कृषि विज्ञान, कृषि मौसम विज्ञान, कृषि विस्तार शिक्षा, कीट विज्ञान, आनुवांशिकी और पौध प्रजनन, फल विज्ञान, फूलों की खेती और भूनिर्माण, पादप रोग विज्ञान, मृदा विज्ञान, वनस्पति विज्ञान<br>**इंजीनियरिंग**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी और पावर इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, सिंचाई एवं जल निकासी इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, उत्पादन इंजीनियरिंग, मृदा एवं जल संरक्षण इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर इंजीनियरिंग<br>**सामुदायिक विज्ञान**<br>खाद्य एवं पोषण, परिधान एवं वस्त्र विज्ञान, संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान<br>**मत्स्य विज्ञान**–एक्वाकल्चर<br>**विज्ञान**<br>एम.एससी. एजी./एम.एससी. कृषि रसायन में, जैव रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, गणित, सूक्ष्म जीव विज्ञान, आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी, भौतिकी, प्लांट फिजियोलॉजी<br>**पशु चिकित्सा विज्ञान**<br>पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान, पशु प्रजनन स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान, पशुधन उत्पादन और प्रबंधन, पशु चिकित्सा, पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान, पशु चिकित्सा विकृति विज्ञान, पशु चिकित्सा औषध विज्ञान और विष विज्ञान, पशु चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान, पोल्ट्री विज्ञान, पशु चिकित्सा शल्य चिकित्सा और रेडियोलॉजी, पशु चिकित्सा जैव रसायन, पशु आनुवंशिकी और प्रजनन, पशु पोषण, पशु चिकित्सा शरीर रचना विज्ञान, पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी<br>**प्रबंधन**–प्रबंध |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

विश्वविद्यालय में विभिन्न विषय की पुस्तकों से तथा डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के अध्ययन अध्यापन के लिए उपलब्ध है। विभिन्न महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम तथा गोष्ठी आदि के लिए कॉन्फ्रेंश हाल तथा विश्वविद्यालय स्तर पर एक हजार क्षमता वाला सभागार (गांधी हाल) उपलब्ध है। विद्यार्थियों को सुगमता से शिक्षा प्राप्त हो सके इसलिए छात्र कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृत्तियाँ छात्रों को समय समय पर निम्नानुसार दी जा रही हैं।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेल छात्रवृत्ति (यूजी) | रू0 800/– प्रति माह | 01 वर्ष (यूजी) 06 विद्यार्थी | सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके उपरान्त कुलपति जी द्वारा गठित समिति प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करती है। गठित समिति की संस्तुति पर चयनित विद्यार्थियों को कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है तत्पश्चात् विद्यार्थियों को भुगतान किया जाता है। |
| 2 | विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति (पीएचडी) | रू0 6,000/– प्रति माह | पी0एच0डी0 में अध्ययनरत विद्यार्थी 36 महीने या रफ थीसिस जमा करने की तारीख, जो भी पहले हो | नये एवं पूर्व से अध्ययनरत छात्रों को उनके पंजीकरण की दिनांक से अध्येतावृत्ति दिये जाने हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्षों द्वारा वर्ष 1994–95 में निर्धारित एवं कुलपति द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के अन्तर्गत उनसे निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। शैक्षिक प्रगति के आधार पर इसका प्रत्येक मास में नवीनीकरण किया जायेगा। रू0 6000/–प्रतिमाह की यह अध्येतावृत्ति पीएच0डी0 के प्रत्येक उपाधि कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त दो छात्रों को उनकी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित विभिन्न परीक्षाओं में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार मैरिट के अनुसार स्वीकृति की जायेगी। मैरिट लिस्ट तैयार कर सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उसे अपनी संस्तुतियों के साथ अपने विभाग के समस्त छात्रों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का संलग्न करते हुए इस कार्यालय को भेजेंगे, तदोपरान्त विभागाध्यक्षों की यह संस्तुतियां अध्येतावृत्ति स्वीकृत किये जाने हेतु पूर्व में गठित समिति के सम्मुख अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा रखी जाती है। गठित समिति की संस्तुति पर कुलसचिव एवं कुलपति द्वारा स्वीकृति प्राप्त की जाती है एवं चयनित विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्यालय आदेश द्वारा निर्गत की जाती है। जिसका भुगतान निदेशक शोध कार्यालय द्वारा की जाती है। |
| 3 | मेरिट छात्रवृत्ति (शीर्ष 03 यूजी छात्र) | /800 प्रति माह | यूजी छात्र 3 वर्ष और पशु चिकित्सा छात्र 4 वर्ष | सर्वप्रथम कुलसचिव कार्यालय द्वारा प्राप्त विभिन्न स्नातक प्रोग्राम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर प्रथम 03 विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा तैयार की जाती है। विद्यार्थियों की सूची कुलसचिव एवं कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है तत्पश्चात् विद्यार्थियों को भुगतान किया जाता है। |
| 4. | फ्रीशिप स्टाफ वार्ड | ट्यूशन का 50 | यूजी छात्र 4 वर्ष, | सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिशत फीस | पीजी छात्र 03 वर्ष पी.एच.डी छात्र 3 वर्ष | आवेदन पत्रों के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा तैयार की जाती है। विद्यार्थियों की सूची कुलसचिव एवं कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है चयनित विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्यालय आदेश द्वारा निर्गत की जाती है। तत्पश्चात् विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क में छूट प्रदान की जाती है। |
| 5. | रू0 1,00,000 से कम फ्रीशिप (केवल यूजी छात्र) | फ्रीशिप ट्यूशन फीस | यूजी छात्र 3 वर्ष और वेटी, छात्र 4 वर्ष | सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा तैयार की जाती है। विद्यार्थियों की सूची कुलसचिव एवं कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है चयनित विद्यार्थियों की सूची अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्यालय आदेश द्वारा निर्गत की जाती है। तत्पश्चात् विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क में छूट प्रदान की जाती है। |
| 6. | मंडी समिति | 1500 रू0 प्रतिमाह | 04 वर्ष | सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके उपरान्त कुलपति जी द्वारा गठित समिति प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करती है। गठित समिति की संस्तुति पर चयनित विद्यार्थियों को कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है तत्पश्चात् विद्यार्थियों को भुगतान किया जाता है। |
| 7. | छात्रवृत्ति योजना पीएमएसएस (सीधे प्रवेश फॉर्म एआईसीटीई) | सरकार द्वारा छात्र के खाते में सीधे केवल ट्यूशन फीस प्राप्त होती है | यूजी छात्र – 4 वर्ष | विद्यार्थियों द्वारा (J&K PMSSS) पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया जाता है, आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न करेंगे आवेदक सरकार की अन्य छात्रवृत्ति योजना का लाभ न ले रहा हो का स्वघोषणा पत्र आवेदन, छात्र स्वयं की आई0डी0 से अपने शिक्षण संस्थान को प्रेषित करता है, सम्बन्धित शिक्षण संस्थान प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्र को DBT Status को admitted and verified किया जाता है, AICTE, द्वारा का DBT Status approve किया जाता है। अपूर्ण आवेदन पत्रों, जिसे सही किया जा सकता है, को अस्थायी रूप से डिफेक्ट किया जाता है पात्र आवेदकों हेतु AICTE द्वारा धनराशि प्राप्त होती है। जिसका भुगतान विद्यार्थियों को किया जाता है। |
| 8. | गेट छात्रवृत्ति | 12,400/– प्रति माह | 02 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | छात्रवृत्ति भुगतान की प्रक्रिया प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | डीएसटी–इंस्पायर (पीएचडी) | (एम.टेक.) | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को डी0एस0टी0 द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात् पी0एफ0एम0एस0 में डी0एस0टी0 द्वारा लिमिट प्रदान की जाती है। जिसके पश्चात् विद्यार्थियों को पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 10. | आईसीएमआर (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 31,000 / – प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को आई0सी0एम0आर0 द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र प्राप्त होने एवं विश्वविद्यालय को धनराशि प्राप्त होने के पश्चात् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 11. | आईसीएसएसआर (पीएचडी) | अगले 03 वर्ष के लिए 35,000 / – प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को आई0सी0एस0एस0आर0 द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र प्राप्त होने एवं विश्वविद्यालय को धनराशि प्राप्त होने के पश्चात् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 12. | सीएसआईआर (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 31,000 / – प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को सीएसआईआर द्वारा अवॉर्ड लेटर प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों का आवेदन पत्र ऑन लाईन दस्तावेज अपलोड करने के पश्चात् विद्यार्थियों के सलाहकार द्वारा ऑन लाईन verified किया जाता है तत्पश्चात् अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा अग्रसारित किया जाता है। पात्र आवेदकों को बजट की उपलब्धता के अनुसार सीएसआईआर द्वारा धनराशि सीधे विद्यार्थियों के खाते में भेजी जाती है। |
| 13. | आईसीएआर–एनटीएस यूजी (बी. एससी.) | 3,000 / – प्रति माह | 04 वर्ष 05 वर्ष 6 माह केवल वी. सी.आई. के लिए। | सर्वप्रथम ICAR द्वारा प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों की मांग ICAR के पोर्टल पर अपलोड की जाती है, जिसके उपरांत ICAR द्वारा विश्वविद्यालय को धनराशि प्राप्त होने पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 14 | आईसीएआर–एनटीएस पीजी (एम. एससी.) | 5,000 / – प्रति माह | 02 वर्ष | क्रमांक– 25 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाती है। |
| 15 | आईसीएआर–एसआरएफ (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 31,000 / – प्रति माह अगले 01 वर्ष के लिए 35,000 / – प्रति माह | 03 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | क्रमांक– 25 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाती है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | आईसीएआर–जेआरएफ एम.एससी. | 12,640/– प्रति माह | 02 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | क्रमांक– 25 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाती है। |
| 17 | आरजीएनएफ–नेट–जेआरएफ (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 37,000/– प्रति माह अगले 03 वर्ष के लिए 42,000/– प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को यू0जी0सी0 द्वारा प्राप्त अवॉर्ड लेटर प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों का आवेदन पत्र ऑन लाईन (ugc.ac.in) पर verified किया जाता है पात्र आवेदकों को बजट की उपलब्धता के अनुसार यू0जी0सी0 द्वारा धनराशि सीधे विद्यार्थियों के खाते में भेजी जाती है। |
| 18 | आरजीएनएफ–एससी (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 37,000/– प्रति माह अगले 03 वर्ष के लिए 42,000/– प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | क्रमांक– 29 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाती है। |
| 19 | आरजीएनएफ–एसटी (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 37,000/– प्रति माह अगले 03 वर्ष के लिए 42,000/– प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | –तदैव– |
| 20 | आरजीएनएफ–ओबीसी (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 37,000/– प्रति माह अगले 03 वर्ष के लिए 42,000/– प्रति माह | 05 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | –तदैव– |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | पीडीएफ–एचएससी | 45,480 / – प्रति माह | 03 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | –तदैव– |
| 22 | पीडीएफ–महिला | 43,200 प्रति माह | 03 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | –तदैव– |
| 23 | अल्पसंख्यकों के लिए MANF (पीएचडी) | 02 वर्ष के लिए 37,000 / – प्रति माह | अल्पसंख्यकों के लिए MANF (पीएचडी) | –तदैव– |
| 24 | आईसीएआर–अफगानिस्तान | 15,000 / – प्रति माह (एम. एससी.) 18,000 / – प्रति माह (पीएचडी) | 02 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो 03 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को आई0सी0ए0आर0 द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र प्राप्त होने एवं विश्वविद्यालय को धनराशि प्राप्त होने के पश्चात् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 25 | आईसीएआर–अफ्रीकी | 18,000 / – प्रति माह (एम. एससी.) | 02 वर्ष या रफ थीसिस जमा करने की तिथि, जो भी पहले हो | विद्यार्थियों को आई0सी0ए0आर0 द्वारा प्राप्त स्वीकृति पत्र प्राप्त होने एवं विश्वविद्यालय को धनराशि प्राप्त होने के पश्चात् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाता है। |
| 26 | अमित गौतम मेमोरियल स्कॉलरशिप (बी.टेक (इलेक्ट्रॉन इंजीनियरिंग) चतुर्थ) | रू0 7000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके उपरान्त कुलपति द्वारा गठित समिति प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करती है। गठित समिति की संस्तुति पर कुलपति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है तत्पश्चात् विद्यार्थियों को भुगतान किया जाता है। |
| 27 | मेरिट एसएच का पुरस्कार। एजी के छात्रों के लिए. इंजीनियरिंग (बी.टेक | रू0 2000 प्रति माह | एक वर्ष | क्रमांक– 38 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाती है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तृतीय / चतुर्थ वर्ष) | | | |
| 28 | चांसलर स्वर्ण पदक | स्वर्ण पदक | एक वर्ष | —तदैव— |
| 29 | डॉ. ध्यानपाल सिंह मेमोरियल अवार्ड (सभी महाविद्यालयों के यूजी अंतिम वर्ष के छात्र) | रू0 30000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | —तदैव— |
| 30 | डॉ. एस.के. मुखर्जी छात्रवृत्ति (बी.एससी. एजी. द्वितीय और तृतीय वर्ष) | रू0 1100 प्रति माह | एक वर्ष | —तदैव— |
| 31 | एशियन एग्री हिस्ट्री फाउंडेशन रिसर्च फेलोशिप (एमएससी एजी सभी अनुशासन) | रू0 1200 अपराह्न | एक वर्ष | —तदैव— |
| 32 | प्रियांक पाठक छात्रवृत्ति (बी.एससी. एजी (चतुर्थ वर्ष) छात्र) | रू0 800 प्रति माह | एक वर्ष | —तदैव— |
| 33 | मोनसेंटो छात्रवृत्ति (एम.एससी. कृषि विज्ञान और कृषि। जैव प्रौद्योगिकी) | रू0 1000 प्रति माह | तीन सेमेस्टर | —तदैव— |
| 34 | के.सी. शर्मा फ़ेलोशिप (एम. एससी. एजी, एग्रोनॉमी (द्वितीय वर्ष) छात्र) | रू0 1000 प्रति माह | एक वर्ष | —तदैव— |
| 35 | डॉ. एस.के. शर्मा और (पीएचडी | रू0 25000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | —तदैव— |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | गणित) | | | |
| 36 | डॉ. वी.एन. माथुर पुरस्कार (एम.एससी. गणित) | रू0 20000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | –तदैव– |
| 37 | डॉ. ए.एन. मुक्कोपाध्याय स्वर्ण पदक (बी.एससी. एजी. अंतिम छात्र) | रू0 25,000 प्रति वर्ष प्रति छात्र | एक वर्ष | –तदैव– |
| 38 | डॉ. ए.एन. मुक्कोपाध्याय जरूरतमंद छात्र निधि (बी.एससी. एजी. अंतिम छात्र) | रू0 25,000 प्रति वर्ष प्रति छात्र | एक वर्ष | –तदैव– |
| 39 | श्रीमती उमा गुप्ता फ़ेलोशिप (एम. एससी. एजी. (जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग) | रू0 1000 प्रति माह | तीन सेमेस्टर | –तदैव– |
| 40 | श्रीमती बिमला रानी मेमोरियल अवार्ड (बी.एससी. एजी., बी.वी.एससी. और ए. एच., बी.एचएससी. और बी.एफ.एससी.) | रू0 12,000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | –तदैव– |
| 41 | डॉ. वाई.वी. सब्जी विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ थीसिस के लिए सिंह पुरस्कार | रू0 20,000 प्रति वर्ष | एक वर्ष | –तदैव– |
| 42 | वरुण पंवार मेमोरियल अवार्ड (बी.एससी. एजी. | रू0 10000 प्रति वर्ष प्रति छात्र | एक वर्ष | –तदैव– |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | द्वितीय वर्ष (1), तृतीय वर्ष (01) और चतुर्थ वर्ष (01) छात्र) | | | |

विश्वविद्यालय का विभिन्न फसलों की अब तक कुल 354 प्रजातियों का विकास किया जा चुका है जिससे कि पूरे देश के किसान लाभांवित होते है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों का लगभग 7000 कुन्तल प्रजनक बीज देश के प्रत्येक कोने में पहुंचता है। जिससे कि खाद्यान्न उत्पादन में उत्तरोतर वृद्धि हो रही है। इसके अलावा विभिन्न औद्यानिक फसलों की सैपलिंग भी कृषकों को उपलब्ध करायी जाती है। विश्वविद्यालय का देश एवं विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से करार है जिससे विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों का एक दूसरे के साथ आदान प्रदान होता है, जो कि शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। फसलों के अलावा गुणवत्तापूर्ण मशरूम, शहद आदि का भी उत्पादन किया जाता है।

| क्र.स. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बीज अनुदान | किसानों को किसान मेले के दौरान 15 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जाता है। | कृषक | सभी कृषकों को बीज उपलब्धता के आधार पर किसान मेले के दौरान प्रदान किये जाते हैं। |
| 2. | रिसर्च असिस्टेंटशिप | स्नातक एवं स्नातकोत्तर शोधार्थियों को रिसर्च असिस्टेंटशिप दी जाती है। | स्नातक एवं स्नातकोत्तर शोधार्थी | विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित लिखित परीक्षा एवं ग्रेड (OGPA) के आधार पर चयन किया जाता है। |

1. वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा शोध हेतु 404 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें से कृषकों को सीधे लाभ हेतु 14 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं द्वारा कृषकों को नवीनतम तकनीक प्रदान की जाती है। साथ ही उपलब्धतानुसार चयनित कृषकों को कृषि इनपुट भी प्रदान किये जाते हैं। इनमें प्रगतिशील कृषक, एस0सी0, एस0टी. कृषक एवं महिला कृषक सम्मिलित हैं।
2. अब तक विश्वविद्यालय द्वारा कृषकों हेतु विभिन्न फसलों की 354 प्रजातियाँ विकसित की गयी हैं। इन प्रजातियों के गुणवत्ता युक्त बीज से उत्पादन एवं उत्पादकता में लगभग 5–10 प्रतिशत की वृद्धि होती है। यह बीज उपलब्धता के आधार पर विवि में विक्रय किये जाते हैं। कृषि मेलों के समय (वर्ष में दो बार) सभी फसलों के बीज 15 प्रतिशत छूट पर प्रदान किये जाते हैं।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## प्रसार शिक्षा कार्यक्रम

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण एवं भ्रमण इकाई | विश्वविद्यालय द्वारा कृषकों, युवाओं, प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि एवं सम्बन्धित विषयों पर प्रशिक्षण एवं जानकारी उपलब्ध कराया जाना। | कृषक, ग्रामीण युवा, प्रसार कार्यकर्ता | विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक प्रशिक्षण कार्ययोजना जारी की जाती है तथा लाभार्थी आवश्यकतानुसार पंजीकरण कराकर लाभ प्राप्त करते हैं। उक्त के अतिरिक्त समय–समय पर विभिन्न प्रदेशों के रेखीय विभागों के अनुरोध पर आवश्यकतानुसार भी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। |
| 2. | समेटी–उत्तराखण्ड | समेटी–उत्तराखण्ड द्वारा कृषकों, युवाओं, प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि एवं सम्बन्धित विषयों पर प्रशिक्षण एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराया जाना। | आतमा एवं कृषि आधारित रेखीय विभाग के अधिकारी / प्रसार कार्यकर्ता एवं प्रगतिशील किसान | समेटी–उत्तराखण्ड द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक प्रशिक्षण कार्ययोजना जारी की जाती है तथा लाभार्थी मुख्य कृषि अधिकारी / परियोजना निदेशक 'आत्मा' के माध्यम से नामांकन कराकर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। |
| 3. | कृषि विज्ञान केन्द्र | वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश के 09 जनपदों (अल्मोड़ा, चमोली, चम्पावत, रूद्रप्रयाग, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार एवं देहरादून) में कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यरत हैं, जिनके द्वारा जनपद में स्थानीय स्तर पर आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण, प्रथम पंक्ति प्रदर्शन, अनुकरणीय प्रदर्शन तथा अन्य प्रसार गतिविधियों का संचालन किया जाता है। | कृषक, ग्रामीण युवा, रेखीय विभाग के अधिकारी / प्रसार कार्यकर्ता | कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक कार्ययोजना जारी की जाती है। वैज्ञानिकों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं का सर्वे उपरान्त योजना तैयार की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य किये जाते हैं। |
| 4. | कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र, एटिक | एकल खिड़की प्रणाली अन्तर्गत विश्वविद्यालय के समस्त उत्पादों, साहित्य, तकनीकी सूचना इत्यादि की उपलब्धता। | कृषक, ग्रामीण युवा, प्रसार कार्यकर्ता, छात्र एवं विश्वविद्यालय में पधारने वाले आंगन्तुक | कृषक, ग्रामीण युवा, प्रसार कार्यकर्ता, छात्र एवं विश्वविद्यालय में पधारने वाले आगन्तुक। |
| 5. | अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी | वर्ष में दो बार अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जाता है। | कृषक, कृषक उद्यमी, कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विषयों के फर्मों द्वारा नवीनतम तकनीकियां उपलब्ध कराने हेतु प्रतिभाग करना। | कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित फर्मों द्वारा प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्रदर्शनी लगायी जाती है तथा कृषकों द्वारा पंजीकरण कराकर प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड



# उद्यान विभाग

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता/लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र | **प्रशिक्षण:** सामुदायिक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र द्वारा खाद्य प्रसंकरण क्षेत्र में शहरी क्षेत्रों में 10 दिवसीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिवसीय फल सब्जी प्रसंकरण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। | प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सामुदायिक प्रसंस्करण केन्द्र से कोई भी व्यक्ति/कास्तकार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता/सकती है। जिसके प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षार्थी रू0 15 (पन्द्रह रूपये) शुल्क प्राप्त किया जाता है। | लाभार्थी का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाता है। |
| | | **खाद्य प्रसंस्करण:** सामुदायिक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र द्वारा सामुदायिक प्रसंस्करण का कार्य किया जाता है। | सामुदायिक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्रों पर कच्चा माल उपलब्ध कराकर खाद्य उत्पाद तैयार करवाया जा सकता है। खाद्य उत्पाद तैयार करवाने हेतु शुल्क रू0 15 (पन्द्रह रूपये) प्रति किलोग्राम लिया जाता है। | |
| 2 | राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द | राज्य में 02 खाद्य विभाग प्रशिक्षण केन्द्र है। जहां पर कैनिंग एवं खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी एवं कन्फैक्सनरी एवं कुकरी (पाककला) में एक वर्ष छः माह का डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। | डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थी उत्तराखण्ड के होंगे, तद्नुसार छात्र/छात्राओं को कैनिंग एवं खाद्य प्रसंस्करण कोर्स में प्रवेश हेतु **(इण्टरमीडिएट विज्ञान कृषि)** तथा अन्य कोर्स में प्रवेश हेतु **(इण्टरमीडिएट)** उत्तराखण्ड स्थित संस्था से उत्तीर्ण की हो, वे ही प्रवेश हेतु अर्ह होंगें। | अभ्यर्थियों का चयन इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांक की मेरिट के आधार पर किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल






**विश्वविद्यालय का गठन एवं उद्देश्यः** औद्यानिकी, पर्वतीय कृषि एवं वानिकी के क्षेत्र में प्रदेश के सतत विकास के उद्देश्य से उत्तराखण्ड शासन, के पत्रांक सं0 732/XIII-II/2011-12(02)/2011 देहरादून दिनांक 26 सितम्बर, 2011 द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय का गठन किया गया। विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख आयाम हैं—

1. शिक्षण — विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं पीएच0डी0 के विभिन्न अनुशासनों में पाठन—पठन।
2. शोध — विश्वविद्यालय में पर्वतीय कृषि, औद्यानिकी, वानिकी तथा अन्य सम्बन्धित विषयों में शोध कार्य करना।
3. आपने शोध एवं प्रशिक्षित शिक्षकों तथा अनुदेशकों के माध्यम से किसानों/पंचायतों को कृषि, वानिकी एवं औद्यानिकी का प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार उत्तम बीज तथा उत्कृष्ठ प्रजाति की बागवानी पौध उपलब्ध कराना।

विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा कराई जाती है जिसके माध्यम से बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं पीएच0डी0 के विभिन्न विषयों में प्रवेश दिया जाता हैं।

| **पीएच0डी0 कार्यक्रम** | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | एग्रसेफॉरेस्ट्री | 2. सिल्वीकल्चर | 3. ट्री इम्प्रूवमेन्ट |
| 4. | फॉरेस्ट प्रोडक्ट एण्ड यूटिलाइजेशन | 5. मेडिसिल एंड एरोमेटिक प्लांट्स | 6. फ्रूट साइंस |
| 7. | एनवायरमेन्टल साइंस | | |

| एम0एस0सी0 कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | फ्रूट साइंस | 2. वेजीटेबल साइंस | 3.फ्लोरीकल्चर एण्ड लैंडस्केपिंग |
| 4. | पलांटेशन, स्पाइसेस, मेडिसिल एंड एरोमेटिक प्लांट्स | 5.एन्टोमालोजी | 6. प्लांट पैथोलॉजी |
| 7. | पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेन्ट | सीड साइंस एण्ड टैकनालॉजी | 9. सिल्वीकल्चर एण्ड एग्रसेफॉरेस्ट्र |
| 10. | फॉरेस्ट बायोलॉजी एण्ड ट्री इम्प्रूवमेन्ट | 11. फॉरेस्ट प्रोडक्ट एण्ड यूटिलाइजेशन | 12. सिल्वीकल्चर |
| 13. | एग्रसेफॉरेस्ट्र | 14.एनवायरमेन्टल साइंस | 15.एक्टेंशन एजुकेशन |
| 16. | एग्रोनामी | 17. प्लांट पैथोलॉजी | |
| बी0एस0सी0 (आनर्स) कार्यक्रम | | | |
| 1 | फॉरेस्ट्री | 2.हॉर्टीकल्चर | 3.एग्रीकल्चर |

**अन्य विवरण :–**

| क्र. स. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता | आवेदन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं पीएच0डी0 | कृषि, वानिकी एवं औद्यानिकी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में गुणवत्ता परख शिक्षा प्राप्त करना | बी0एस0सी0 हेतु विज्ञान से इन्टरमीडिएट, एम0एस0सी0 हेतु सम्बन्धित विषय में स्नातक तथा पीएच0डी0 हेतु सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर | राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है |
| 2 | किसान विज्ञान केन्द्र की विभिन्न प्रशिक्षण तथा अन्य सहायक योजनायें | कृषि, वानिकी एवं औद्यानिकी के आधुनिकतम तकनीकी प्रशिक्षण तथा उन्नत बीज एवं पौध प्रदान किए जाते हैं। | प्रदेश के कृषक | समय–समय पर किसान मित्रों से कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा स्वयं सम्पर्क कर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उपलब्धियों के द्वारा उन्नत बीज एवं उन्नत पौध प्रदान करने के लिए विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा किसानों को जानकारी प्रदान की जाती है। |
| 3 | ग्रामीण कृषि मौसम सेवा | किसानो को सप्ताहिक मौसम की जानकारी दी जाती है | समस्त किसान | – |
| 4 | अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना | चयनित प्रजातियों पर शोध, संरक्षण, जनन द्रव्य संरक्षण, प्रजातियों मे सुधार की सम्भावनाओं का अध्ययन तथा गुणवत्ता परख पौध वितरण एवं प्रशिक्षण | प्रदेश के कृषक | समय–समय पर किसान मित्रों से अखिल भारतीय समन्वित अनुशंधान विभिन्न परियोजना द्वारा स्वयं सम्पर्क कर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उपलब्धियों के द्वारा उन्नत बीज एवं उन्नत पौध प्रदान करने के लिए विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा किसानों को जानकारी प्रदान की जाती है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड



# पशुपालन विभाग

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पशुधन मिशन योजना ऋण पर ब्याज भुगतान | **स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु** – डेरी उद्यमिता विकास योजनान्तर्गत (05 गाय इकाई), (10 गाय इकाई) (02 भैंस इकाई), (05 भैंस इकाई) **भारवाहक उद्यमिता विकास योजनान्तर्गत** – एक खच्चर इकाई व दो खच्चर 250 इकाई **भेड़ बकरी उद्यमिता विकास योजनान्तर्गत** –पशुधन मिशन योजनान्तर्गत (5 मादा+1 नर) व (10 मादा+1 नर) **सूकर उद्यमिता विकास योजनान्तर्गत** (5मादा+1नर) व (10मादा+1नर) **कुक्कुट उद्यमिता विकास विकास योजनान्तर्गत** (Commercial Broile) फार्म 1000 पक्षियों व Small Commercial Layer फार्म 250 पक्षियों की स्थापना हेतु उक्त इकाइयों की स्थापना हेतु आवेदक द्वारा लिए गए बैंक ऋण पर लगने वाले ब्याज का 90 प्रतिशत व्ययभार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना हैं। | इच्छुक पशुपालक जो बैंक ऋण की पात्रता रखते है। | योजना का संचालन वर्तमान में ऑफलाइन मोड में किया जायेगा। विभागीय पोर्टल के सुचारू रूप से संचालित हाने के उपरान्त लाभार्थियों को पोर्टल के माध्यम से आवेदन / पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।<br>आवेदक द्वारा बैंक से ऋण स्वीकृति के सहमति पत्र के साथ जिला स्तर पर स्थापित जिलास्तरीय क्रियान्वयन इकाई (डी०एल०आइ०ए) को आवेदन किया जायेगा। जिला स्तरीय क्रियान्वयन इकाई (डी०एल०आइ०ए०) द्वारा प्राप्त आवेदन की जांच पश्चात् पात्र आवेदनों की सूची तैयार कर समस्त प्राप्त आवेदनों को समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करने के उपरान्त अन्तिम अनुमोदन प्रदान किया जायेगा तथा परीक्षणोपरान्त लाभार्थी के आवेदन–पत्र सहित सम्बन्धित बैंक के माध्यम से जांच एवं ऋण संस्तुति हेतु प्रस्तुत की जायेगी।<br>बैंक द्वारा प्रत्येक त्रैमास में लाभार्थी के स्वीकृत ऋण के सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले ब्याज अनुदान की धनराशि की सूचना जिलास्तरीय क्रियान्वयन इकाई (डी०एल०आइ०ए०) को उपलब्ध कराई जायेगी। जिला स्तरीय क्रियान्वयन इकाई (डी०एल०आइ०ए०) द्वारा उक्त धनराशि का बिल तैयार कर कोषागार को भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।<br>राज्य अनुश्रवण समिति का कार्यालय पशुपालन निदेशालय, देहरादून में स्थापित होगा तथा **निदेशक, पशुपालन** के नियंत्रणाधीन समिति योजना की प्रगति का अनुश्रवण का कार्य करेगी तथा जिलास्तरीय अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत कर योजना संचालित करवायेगी। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेंन्ट बोर्ड



## उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेंन्ट बोर्ड (यू0एल0डी0बी0)

| क्र0सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम | 1.पर्वतीय जनपदों में रु0 100 / न्यूनतम कृत्रिम गर्भाधान 25 से 30<br>2.मैदानी जनपदों में रु0 100 न्यूनतम कृत्रिम गर्भाधान 50 से 60 | पंजीकृत कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की डाटा एन्ट्री भारत पशुधन ऐप पर करना अनिवार्य, प्रशिक्षण हेतु उत्तराखण्ड का स्थायी निवासी, न्यूनतम आयु 18 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, स्थानीय पशुचिकित्साधिकारी, एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर संस्तुति | उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड की वेबसाइट– uldb- org पर Service section के Training sub head से निर्धारित प्रारूप डाउनलोड कर स्थानीय पशुचिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की संस्तुति पर मुख्य अधिशासी अधिकारी के अनुमोदन उपरांत किया जायेगा। |
| 2. | ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म | एक करोड़ की परियोजना लागत में अधिकतम 50 लाख की राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग, केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी | पशुपालक, फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी, सेक्शन 8 में पंजीकृत कम्पनी, स्वयं सहायता समूह | Eoi-nddb-coop लिंक पर ऑनलाइन आवेदन आवेदक द्वारा किया जाना है। |
| 3. | राष्ट्रीय पशुधन मिशन अन्तर्गत पशुधन बीमा योजना | पशुधन बीमा | उत्तराखण्ड के समस्त पशुपालक | राजकीय पशुचिकित्सालयों पर पशुपालकों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। |
| 4. | राष्ट्रीय पशुधन मिशन–उघमिता विकास योजना | छोटे जुगाली करने वाले पशु कुक्कुट और सूअर पालन क्षेत्र और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार का सृजन। | 1.निजी व्यक्ति<br>2.स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी0)<br>3.किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) | www.nlm.udyamimitra.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरनाः–<br>1.राज्य कार्यान्वयन संस्था द्वारा आवेदन की स्क्रीनिंग।<br>2.ऋणदाता द्वारा ऋण की स्वीकृति। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 4.किसान सहकारिता (एफ.सी.ओ.)<br>5.संयुक्त देयता समूह (जे.एल.जी.)<br>6.धारा 8 की कंपनियॉ। | 3.राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति (एस.एल.ई.सी.) द्वारा अनुशंसा।<br>4.पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा सब्सिडी की स्वीकृति।<br>5.सब्सिडी को जारी करना और उसका वितरण। विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए विभाग की बेसाइट www.dahd.nic.in को देखें या राज्य पशुपालन विभाग से संपर्क करें। |
| **5** | ऐ–हेल्थ कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम | सामुदायिक–सेवा आधारित ऐ–हेल्प कार्यकत्रियों द्वरा पशुपालन विभाग तथा पशुपालकों के मध्य रिक्त स्थान के भरने के कार्य रा रोजगार का सृजन | उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वंय सहायता समूह की महिला सदस्य जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास हों, 07 दिवसीय पशु सखी का प्रशिक्षण लिया गया हो। | उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चयनित पात्र महिलाएं आवेदन कर सकती है। |

*   अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें– uldb.org or www.dahd.nic.in

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग



# उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग

राज्य में गाय और गाय के वंश के परिरक्षण, विकास और कल्याण हेतु वर्ष 2010 में उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग की स्थापना की गयी है। आयोग द्वारा निम्न कार्य किये जाते हैः–

1. आयोग द्वारा दूरभाष, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से गौवंश के प्रति क्रूरता, गौहत्या, गौकशी गौतस्करी से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेकर सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट तलब कर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाती है।
2. आयोग द्वारा सड़क मार्गो पर गोवंश के घायल/बीमार पड़े होने की सूचना/शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सम्बन्धित जनपद के मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को दूरभाष/ई–मेल के माध्यम से सूचित कर उस क्षेत्र के समीपस्थ पशुचिकित्साधिकारी के माध्यम से घायल/बीमार गोवंश का घटनास्थल पर निःशुल्क उपचार कराया जाता है।
3. आयोग द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला पशुक्रूरता निवारण समितियों की बैठकों का आयोजन कराकर गौवंश के सरंक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करने के साथ–साथ गोवंश से सम्बन्धित शिकायतों एवं समस्याओं का सम्बन्धित विभागों के स्तर पर निस्तारण कराया जाता है।
4. राज्य सरकार द्वारा इन निराश्रित गौ एवं गौवंश को शरण दिए जाने हेतु नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में गौशालाओं का निर्माण कराने के साथ–साथ ग्रामीण स्तर पर एन0जी0ओ0 के माध्यम से छोटे–छोटे निजी गौसदनों के निर्माण हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके लिए जून–2023 में जारी गाइड लाइन में निम्न प्रावधान किए गये हैं:–

- गौसदनों की स्थापना हेतु एन0जी0ओ0 को भूमि दिए जाने का अधिकार जिलाधिकारियों को दिया गया है। चिन्हित भूमि पर स्वामित्व राज्य सरकार का होगा, मात्र प्रबंधकीय कार्यो हेतु यथा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से चयनित उपयुक्त एन0जी0ओ0 से एमओयू/अनुबंध किया जायेगा।
- यदि किसी एन0जी0ओ0 के पास भूमि पहले से उपलब्ध होगी तो उसे गौसदन के निर्माण में राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग किया जायेगा। अर्ह गौसदनों में शरणांगत गौवंश के भरण पोषण हेतु रू0 80/– प्रतिदिन प्रतिगौवंश राजकीय सहायता अनुदान की व्यवस्था की गई है।

आयोग द्वारा सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सम्बन्धित विभागों के स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाता है। साथ ही सर्दी, गर्मी एवं बरसात बाढ़ जैसी आपदा के समय संबंधित विभागों के माध्यम से गौ एवं गौवंश को उचित शरण दिलाने एवं उनके चिकित्सा/उपचार व चारे दानें की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाती है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## डेयरी विभाग, उत्तराखण्ड



# डेयरी विकास विभाग

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रकिया एवं चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महिला डेरी विकास परियोजना उत्तराखण्ड | प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं के लिए ग्राम स्तर पर ही महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से समुचित संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। योजनान्तर्गत दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने हेतु महिला सदस्यों हेतु विभिन्न प्रशिक्षण, प्रोत्साहन एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाते है। जिसमें सचिव, प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रबंध कमेटी सदस्यों का प्रशिक्षण, महिला प्रोत्साहन/प्रेरक कार्यक्रम, स्वच्छ दुग्ध उपार्जन हेतु गोष्ठी एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलब्ध में महिला सेमिनार कराया जाता है। दुग्ध उपार्जन बढ़ाने हेतु महिला प्रोत्साहन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद में सर्वाधिक दूध लाने वाली महिला दुग्ध उत्पादकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार दिया जाता है। | प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जनपद की वो सभी महिलाएं जिनकी दिलचस्पी दुग्ध उपार्जन व्यवसाय क्षेत्र में है। | खुली बैठक में महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति गठन से संबंधित पूर्ण जानकारी देने के उपरांत महिला दुग्ध समिति गठन की सहमति होने पर महिला दुग्ध समिति सदस्यों से 9 महिलाओं को प्रबंध कमेटी सदस्य के रूप में चयनित किया जाता है तथा चयनित सदस्यों के बीच से ही एक सभापति का चुनाव किया जाता है। तत्पश्चात् दुग्ध समिति के संचालन हेतु कर्मचारी के रूप में सचिव की नियुक्ति प्रबंध कमेटी द्वारा की जाती है। सभी दुग्ध उत्पादक सदस्यों को जो, दुग्ध समिति में दूध देती है उन्हें समिति की सदस्यता लेनी होती है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## मत्स्य विभाग, उत्तराखण्ड



# मत्स्य विभाग

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना | मात्स्यिकी क्षेत्र में छोटे से लेकर बड़े किसानों / महिलाओं को विभिन्न गतिविधि / मदों में संलग्न तालिकानुसार। **(तालिका 01)**<br>मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण / फील्ड भ्रमण / सेमिनार निःशुल्क उपलब्ध कराना। | उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जाति वर्ग जिनके पास भूमि एवं जलापूर्ति स्रोत की उपलब्धता हो अथवा पूर्व से मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हो। | संबंधित योजना का लाभ लेने हेतु पात्र लाभार्थी को प्रार्थना पत्र जनपद स्तर पर सहायक निदेशक मत्स्य / जनपद मत्स्य प्रभारी कार्यालय में देगा अथवा अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जा सकती है। प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड, भूमि की खसरा–खतौनी, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, मो0 नंबर, संलग्न करेगा। योजनान्तर्गत लाभार्थी का चयन प्रथम आवत प्रथम पावत (First Come First Serve) के उपरान्त योजना के दिशा–निर्देशानुरूप वरीयता के आधार पर किया जायेगा।<br>प्रार्थना पत्र जमा करने के उपरांत मत्स्य निरीक्षक / फील्ड कार्मिकों द्वारा सर्वे किया जाता है तथा लाभार्थी के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार किया जाता है। प्रस्ताव तैयार होने के बाद संबंधित जनपदीय अधिकारी द्वारा स्वीकृति दी जाती है। तत्पश्चात् फील्ड कर्मियों की देख–रेख एवं तकनीकी सहायता देते हुए संबंधित कार्य को पूर्ण कराया जाता है, उसके उपरांत सब्सिडी का भुगतान डी.बी.टी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में सीधा भुगतान किया जाता है। |
| 2. | प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना (नवीन योजना) प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सह | राष्ट्रीय मत्स्य क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत मछुआरों, मछली किसानों और सहायक श्रमिकों के स्व–पंजीकरण के माध्यम से असंगठित मत्स्य क्षेत्र के श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन, मत्स्य पालन क्षेत्र के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को संस्थागत वित्तपोषण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना। जलकृषि बीमा खरीदने के लिए लाभार्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन प्रदान करना। | मछुआरे, मत्स्य पालक, फिश वर्कर, मछली विक्रेता या ऐसे अन्य व्यक्ति जो सीधे मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला में लगे हुए हैं। राज्य में पंजीकृत स्वामित्व फर्मों, साझेदारी फर्मों और कंपनियों, समितियों, सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी), सहकारी समितियों, महासंघों, ग्राम स्तरीय संगठनों और मत्स्य | 1 राष्ट्रीय मत्स्य क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रर करने हेतु स्वंय अथवा सी.एस.सी. के माध्यम से।<br>2 राष्ट्रीय मत्स्य क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से<br>(क) संस्थागत वित्त पोषण आवेदन।<br>(ख) जलकृषि बीमा खरीदने के लिए एकमुश्त प्रोत्साहन हेतु आवेदन।<br>(ग) incentive based / प्रदर्शन अनुदान हेतु आवेदन। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | योजना | | पालन और जलीय कृषि मूल्य श्रृंखलाओं में लगे स्टार्टअप के रूप में सूक्ष्म और लघु उद्यम। | |
| 3. | राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना मत्स्य क्षेत्रक | मात्स्यिकी क्षेत्र में सहकारी समितियों के माध्यम से कार्यरत/इच्छुक समिति के लिये पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में ऋण आधारित बड़ी परियोजना लगाने के विकल्प। पर्वतीय जनपदों में कलस्टर आधार पर ट्राउट फार्मिंग, एंग्लिंग, रिटेल आउटलेट तथा मैदानी जनपदों में पंगेशियस फार्मिंग, मेजर कार्प, समन्वित मत्स्य पालन हेतु सुविधा उपलब्ध। परियोजना के अन्तर्गत 70 प्रतिशत ऋण, 20 प्रतिशत अनुदान एवं 10 प्रतिशत अंशदान स्वयं समिति द्वारा वहन किया जायेगा। समितियों को डी0पी0आर0/ व्यावसायिक विकास योजना (बी0डी0पी0) तैयार करने में परियोजना से सहयोग तथा समय–समय पर निःशुल्क प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन। समितियों द्वारा उत्पादित मछलियों की बिक्री हेतु सहयोग। | मत्स्य सहकारी समितियाँ | जो समिति अपने कार्यो को विस्तार देने तथा बड़ी योजना तैयार करने हेतु इच्छुक हो तथा उस समिति को निम्न औपचारिकताऐं पूर्ण करती हो<br>• उत्तरांचल सहकारी अधिनियम–2003 यथा संशोधित के अन्तर्गत पंजीकृत हो।<br>• समिति महासंघ/फैडरेशन से सम्बन्ध हेतु सहमत हो, इस आशय का समिति द्वारा विधिवत् प्रस्ताव पारित हो।<br>• समिति राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अनुरूप कार्य करने/ऋण/ याज/अन्य देयतायें आदि का भुगतान, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन०सी०डी०सी०) द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानकानुसार वापसी करने हेतु सहमत हो।<br>• पूर्व में ऋण की राशि पर 10.95 प्रतिशत वार्षिक दर एवं वर्तमान में 9.61 की दर से ब्याज देय है, ब्याज दर समय–समय पर परिवर्तित होती है तथा ऋण धनराशि का आठ वर्षो के अन्तर्गत वापस की जानी है, जिसे एन०सी०डी०सी० द्वारा समय–समय पर परिवर्तित किया जाता है।<br>• समिति प्रस्तावित कार्यो का आंगणन डी0पी0आर0/व्यावसायिक विकास योजना (बी0डी0पी0) जनपद के सहायक निदेशक मत्स्य/जनपद मत्स्य प्रभारी को उपलब्ध कराते हुये अपना आवेदन पत्र उपलब्ध करा सकती है। समितियों को डी0पी0आर0/व्यावसायिक विकास योजना (बी0डी0पी0) तैयार करने में निरन्तर सहयोग दिया जाता है।<br>• जनपद/राज्य स्तर पर डी0पी0आर0/व्यावसायिक विकास योजना (बी0डी0पी0) का मूल्यांकन करते हुये तथा उपयुक्त पाये जाने पर समिति का परियोजना अन्तर्गत चयन किया जाता है।<br>• समितियों को धनराशि किश्तो में उपलब्ध करायी जाती है।<br>• परियोजना के अन्तर्गत अभिसरण के माध्यम से चयनित गतिविधियों को क्रियान्वित किया जाता है।<br>परियोजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु बेबसाईट https://www. ukcdp.com /sector/fisheries पर सम्पर्क कर सकते है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारूप तालिका –1

| गतिविधि/मद | यूनिट लागत | अनुदान (सामान्य वर्ग) | अनुदान (महिला/अनु. जाति/जनजाति) | अधिकतम लिमिट/अनुदान सीमा |
|---|---|---|---|---|
| सघन मत्स्य पालन | 4 हजार (प्रति 1000 फिंगरलिंग) | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | मत्स्य पालन की वैज्ञानिक विधि द्वारा निर्धारित विभागीय मानकानुसार अधिकतम 2 वर्ष हेतु |
| ट्राउट रियरिंग यूनिट | 90 हजार प्रति यूनिट | 45 हजार | 54 हजार | अधिकतम 2 यूनिट व्यक्तिगत एवं 4 अथवा 6 यूनिट समिति/समूह आदि |
| लघु आर०ए०एस० यूनिट की स्थापना (50 वर्ग मीटर का 1 टैंक)/बायोफ्लॉक कल्चर सिस्टम (4 मीटर डायामीटर एवं 1.5 मीटर ऊँचाई के 3 टैंक) | 4 लाख 50 हजार प्रति यूनिट | 2 लाख 25 हजार | 2 लाख 70 हजार | अधिकतम 2 यूनिट व्यक्तिगत एवं 4 यूनिट समिति/समूह आदि |
| एंग्लिंग बीट विकास | 2 लाख 10 हजार प्रति बीट | 1 लाख 5 हजार | 1 लाख 26 हजार | 01 बीट के विकास हेतु एक ही बार सुविधा अनुमन्य होगी |
| केन्द्र सरकार की एफ०आई०डी०एफ० योजना हेतु ब्याज सबवेंशन | स्वीकृत प्रोजेक्ट की वास्तविक लागत | 2 प्रतिशत तक ब्याज सबवेंशन | 2 प्रतिशत तक ब्याज सबवेंशन | केन्द्र सरकार की एफ०आई०डी०एफ० योजना हेतु स्वीकृत मदवार वास्तविक लागत पर 2 प्रतिशत तक ब्याज सबवेंशन |
| अवसंरचनाओं एवं लाईवस्टॉक का बीमा | प्रीमियम धनराशि के अनुसार | प्रीमियम धनराशि के अनुसार 90 प्रतिशत | प्रीमियम धनराशि के अनुसार 90 प्रतिशत | प्रीमियम धनराशि के अनुसार 90 प्रतिशत |
| एक्वाकल्चर हेतु सोलर पावर सर्पोट सिस्टम | 15.00 लाख प्रति यूनिट | 7 लाख 50 हजार | 9 लाख | अधिकतम 1 यूनिट व्यक्तिगत एवं समिति/समूह आदि हेतु |
| मत्स्य सहेली (महिला अथवा उनके समिति/ समूह हेतु) | 10 लाख (डी.पी.आर. आधारित) | –– | 6 लाख | अधिकतम 1 यूनिट प्रति लाभार्थी प्रति ब्लॉक |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पर्वतीय क्षेत्रों में कलस्टर आधारित मत्स्य पालन (तालाब निर्माण) | 1 हजार प्रति धन मी0 | रू0 500 प्रति धन मी0 | रू0 600 प्रति धन मी0 | अधिकतम 500 धन मी0 व्यक्तिगत एवं 1000 धन मी0 समिति/समूह आदि |
| मैदानी क्षेत्र में तालाब निर्माण | 11 लाख प्रति हैक्टेयर | 5 लाख 50 हजार | 6 लाख 60 हजार | अधिकतम 2 हैक्टेयर व्यक्तिगत एवं 10 हैक्टेयर समिति/समूह आदि |
| पर्वतीय क्षेत्र में तालाब सुधार | रू0 575 प्रति धन मी0 | रू0 287.50 प्रति धन मी0 | रू0 345 प्रति धन मी0 | अधिकतम 2 यूनिट व्यक्तिगत एवं 5 यूनिट समिति/समूह आदि |
| मैदानी क्षेत्र में निजी/ग्राम समाज के तालाबो का सुधार | 7 लाख 50 हजार प्रति हैक्टेयर | 3 लाख 75 हजार प्रति हैक्टेयर | 4 लाख 50 हजार प्रति हैक्टेयर | अधिकतम 2 हैक्टेयर व्यक्तिगत एवं 5 हैक्टेयर समिति/समूह/पट्टे तालाब आदि |
| समन्वित मत्स्य पालन (पर्वतीय क्षेत्र) | 2 लाख प्रति यूनिट | 1 लाख प्रति यूनिट | 1 लाख 20 हजार प्रति यूनिट | अधिकतम 1 यूनिट व्यक्तिगत, 02 यूनिट पट्टे तालाब एवं 4 यूनिट समिति/समूह आदि |
| समन्वित मत्स्य पालन (मैदानी क्षेत्र) | 7 लाख प्रति यूनिट | 3 लाख 50 हजार प्रति यूनिट | 4 लाख 20 हजार प्रति यूनिट | अधिकतम 1 यूनिट व्यक्तिगत, 02 यूनिट पट्टे तालाब एवं 4 यूनिट समिति/समूह आदि |
| मत्स्य आहार वितरण | मार्केट दर के अनुरूप (विभागीय कमेटी द्वारा निर्धारित) | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | मत्स्य पालन की वैज्ञानिक विधि द्वारा निर्धारित विभागीय मानकानुसार |
| अन्य इनपुट सामग्रियाँ (जाल, हैन्डनैट, हापा, मिनीकीट) | मार्केट दर के अनुरूप (विभागीय कमेटी द्वारा निर्धारित) | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | 50 प्रतिशत लागत मूल्य का | अधिकतम 1 यूनिट व्यक्तिगत एवं 2 यूनिट समिति/समूह आदि |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# वन एवं पर्यावरण विभाग, उत्तराखण्ड




PRO

**''मेरी योजना'' प्रथम संस्करण में वन विभाग के क्रम संख्या–4 के संलग्नक–1 में उल्लिखित मानव वन्य जीवन संघर्ष राहत वितरण निधि के अन्तर्गत मुआवजे के विवरण में राज्य सरकार द्वारा मुआवजा धनराशि में संशोधन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–**

**1. वन्यजीवों के आक्रमण से किसी व्यक्ति के घायल/मृत्यु होने पर वर्तमान में निम्न मुआवजा धनराशि दी जाती है (संशोधित) –**

| मानव क्षति का प्रकार | मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण नियमावली, 2024 के अनुसार अनुग्रह राशि हेतु देय दरें (रू० में) | राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) के मानक | भुगतान का स्रोत (रू० में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) से देय राशि | मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली 2024 से देय राशि |
| साधारण रूप से घायल | 15,000/–<br><br>16,000/– | ऐसा गहरा जख्म जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है।<br>(1) रू० 5,400/– प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से कम अवधि तक चिकित्सालय में रहने की स्थिति में।<br>(2) रु० 16,000 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक की अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में। | 5,400/– प्रति व्यक्ति<br><br>16,000/– प्रति व्यक्ति | 9,600/– प्रति व्यक्ति |
| गम्भीर रूप से घायल | 1,00,000/–<br>आवश्यकता है। | ऐसा गहरा जख्म जिसमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है।<br>(1) रू0 5,400 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह कम से अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में।<br>(2) रु० 16,000 प्रति व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक की अवधि तक चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में। | 5,400/– प्रति व्यक्ति<br><br>16,000/– प्रति व्यक्ति | 94,600/– प्रति व्यक्ति<br><br>84,000/– प्रति व्यक्ति |
| आंशिक रूप से अपंग | 1,00,000/– | शरीर के किसी अंग (लिंग) अथवा आंख / आंखों की हानि होने पर।<br>रु0 74,000 प्रति व्यक्ति अपंगता के 40 से 60 प्रतिशत के मध्य होने की स्थिति में। | 74,000/– प्रति व्यक्ति | 26,000/– प्रति व्यक्ति |
| पूर्ण रूप से अपंग | 3,00,000/– | रु0 3.00 लाख, प्रति व्यक्ति अपंगता के 60 प्रतिशत अधिक होने की स्थिति में। अपंगता की सीमा और उसके कारण के संबंध में सरकारी अस्पताल अथवा डिस्पेंसरी के डाक्टर द्वारा किये प्रमाणन अधीन । | 2,50,000/– प्रति व्यक्ति | 50,000/– प्रति व्यक्ति |
| वयस्क व अवयस्क की मृत्यु पर | 6,00,000/– | 4.00 लाख प्रति व्यक्ति । इसमें वे भी शामिल हैं, जो राहत अभियानों में शामिल अथवा तैयारियों संबंधी कार्य कलापों से संबद्ध हैं। यह उपर्युक्त प्राधिकारी द्वारा मृत्यु के कारण संबंधी प्रमाण के अध्यधीन है। | 4,00,000/– प्रति व्यक्ति | 2,00,000/ – प्रति व्यक्ति |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

| क्र0सं0 | योजना / सेवा का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थापनार्थ सहमति (CTE) | वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम–1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम–1974 | उत्तराखण्ड में स्थापन करने वाली इकाई / उद्योग | जिला उद्योग के द्वारा प्रदान की गयी Single Window Service में ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल नं0 के द्वारा पंजीकरण किया जाता है।<br>URL:- https://investuttarakhand.uk.gov.in/<br>पंजीकरण के पश्चात् CAF approval के लिए जिला उद्योग में आवेदन किया जाता है।<br>CAF approval के पश्चात् स्थापनार्थ सहमति (CTE) प्राप्त करने हेतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में ऑनलाईन पोर्टल ukocmms पर आवेदन किया जाता है।<br>URL:- https://ukocmms.nic.in/<br>उक्त पोर्टल में आवेदन किये जाने हेतु उद्योग द्वारा निम्न दस्तावेज़ अपलोड किया जाना अनिवार्य हैः–<br>1. भूमि आवंटन पत्र<br>2. प्रोजेक्ट का लेआउट प्लान<br>3. उत्पादन प्रक्रिया एवं प्रक्रिया का फ्लोचार्ट<br>4. डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी0पी0आर0)<br>5. प्रपोज़ल ऑफ एयर पॉल्यूशन कन्ट्रोल मेज़र्स<br>6. जनित उत्प्रवाह के शुद्धिकरण सुविधा एवं उसकी स्थापित क्षमता का प्रपोज़ल<br>7. पर्यावरणीय स्वीकृति, यदि आवश्यक है।<br>उक्त समस्त प्रपत्र अपलोड करने व फार्म पूर्ण करने के पश्चात् आवेदक द्वारा उक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ही शुल्क को जमा किया जाना होता है।<br>वैधता–05 वर्ष |
| 2 | संचालनार्थ सहमति (CTO) | वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम–1981, जल (प्रदूषण | उत्तराखण्ड में संचालन करने वाली इकाई / उद्योग | जिला उद्योग के द्वारा प्रदान की गयी Single Window Service<br>URL:- https://investuttarakhand.uk.gov.in/<br>संचालनार्थ सहमति (CTO) हेतु पूर्व में प्राप्त CAF ID के माध्यम से उक्त ukocmms पोर्टल पर आवेदन किया जाता है व आगे की प्रक्रिया स्थापनार्थ सहमति की प्रक्रिया के समान है व अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज़ निम्न |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | निवारण एवं नियंत्रण)अधिनियम–1974 एवं परिसंकटमय अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट नियम 2016 | | हैं:–<br>1. स्थापनार्थ/संचालनार्थ सहमति की प्रतिलिपि<br>2. नवीनतम बैलेंसशीट<br>3. पर्यावरण वक्तव्य (फार्म– V)<br>4. स्थापनार्थ/संचालनार्थ सहमति में उल्लेखित निर्देशों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या<br>5. पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति, यदि आवश्यक है। |
| 3 | जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम के अन्तर्गत सहमति एवं प्राधिकार | जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम–2016 | उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी/निजी बैडेड एवं नान बैडेड चिकित्सालय, पैथेलोजी लैब, वैटनरी चिकित्सालय, होम्योपैथिक/ आयुर्वेदिक/ यूनानी चिकित्सालय, निजी क्लीनिक | जिला उद्योग के द्वारा प्रदान की गयी Single Window Service<br>URL:- https://investuttarakhand.uk.gov.in/<br>जैव चिकित्सा अपशिष्ट के सहमति/प्राधिकार हेतु पूर्व में प्राप्त CAF ID के माध्यम से उक्त ukocmms पोर्टल पर आवेदन किया जाता है व आगे की प्रक्रिया स्थापनार्थ सहमति की प्रक्रिया के समान है व अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज़ निम्न हैं:–<br>1. वार्षिक आख्या (फॉर्म–2)<br>2. लॉग बुक की प्रति<br>3. जैव चिकित्सा अपशिष्ट के इन हाऊस ट्रीटमेन्ट एवं निस्तारण का विवरण<br>4. क्लीनिकल स्टैबलिशमैन्ट की प्रति<br>5. अपशिष्ट के निस्तारण हेतु सी0बी0डब्लू0टी0एफ0 के संचालक के साथ ईकाई का करारनामा |
| 4 | निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट नियम के अन्तर्गत प्राधिकार | निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट नियम– 2016 | उत्तराखण्ड राज्य में निर्माण एवं विध्वंस का कार्य करने वाली इकाई/उद्योग | जिला उद्योग के द्वारा प्रदान की गयी Single Window Service<br>URL:- https://investuttarakhand.uk.gov.in/<br>निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के सहमति/प्राधिकार हेतु पूर्व में प्राप्त CAF ID के माध्यम से उक्त ukocmms पोर्टल पर आवेदन किया जाता है व आगे की प्रक्रिया स्थापनार्थ सहमति की प्रक्रिया के समान है व अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज़ निम्न हैं:–<br>1. फॉर्म–1<br>2. संचालनार्थ सहमति की प्रति<br>3. जनित अपशिष्ट की मात्रा विवरण (Waste generation greater than 20 ton but less than 300 ton)<br>4. फार्म–3, वार्षिक आख्या |
| 5 | ठोस अपशिष्ट | ठोस अपशिष्ट | समस्त नगर निकायों | जिला उद्योग के द्वारा प्रदान की गयी Single Window Service |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रबंधन नियम के अन्तर्गत सहमति एवं प्राधिकार | प्रबंधन नियम–2016 | को ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन व निस्तारण हेतु यह प्राधिकार लिया जाना है। | URL:- https://investuttarakhand.uk.gov.in/<br>ठोस अपशिष्ट की सहमति/प्राधिकार हेतु पूर्व में प्राप्त CAF ID के माध्यम से उक्त ukocmms पोर्टल पर आवेदन किया जाता है व आगे की प्रक्रिया स्थापनार्थ सहमति की प्रक्रिया के समान है व अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज़ निम्न हैं:–<br>1. प्रोसेसिंग फैसेलिटी की पर्यावरणीय स्वीकृति<br>2. फार्म–3<br>3. फार्म–1<br>4. संचालनार्थ सहमति की प्रति<br>5. अपशिष्ट की जनित, एकत्रण, परिवहन एवं निस्तारण की मात्रा की वार्षिक आख्या |
| 6 | ई–वेस्ट प्रबन्धन नियम के अन्तर्गत प्राधिकार | ई–वेस्ट प्रबन्धन नियम–2024 | Recyclers, Producer, Manufacturer of E-Waste in Uttarakhand | केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्मित तथा संचालित ई–वेस्ट ई.पी.आर. पोर्टल की सेवा।<br>URL:- https://eprewastecpcb.in/<br>उक्त पोर्टल में पंजीकरण हेतु ई–वेस्ट की श्रेणी:– 1.रिसाईक्लर्स 2. प्रोड्यूसर 3. मैन्यूफैक्चर्स में अपनी श्रेणी चिन्हित करते हुये मोबाईल नं0 एवं पैनकार्ड व पोर्टल में ई–वेस्ट हेतु निर्धारित अन्य दस्तावेजों, जैसे वार्षिक रिपोर्ट, कुल अपशिष्ट की आयात की मात्रा, पुनःचक्रण की मात्रा इत्यादि को अपलोड करते हुए पंजीकरण किया जाना है। |
| 7 | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अन्तर्गत सहमति एवं प्राधिकार | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2022 | Recyclers, Producer, Manufacturer of Plastic Waste in Uttarakhand | केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्मित तथा संचालित प्लास्टिक ई.पी.आर. पोर्टल की सेवा।<br>URL:- https://eprplastic.cpcb.gov.in/<br>उक्त पोर्टल में पंजीकरण हेतु प्लास्टिक वेस्ट की श्रेणी:– 1.रिसाईक्लर्स 2. प्रोड्यूसर 3. मैन्यूफैक्चर्स में अपनी श्रेणी चिन्हित करते हुये मोबाईल नं0 एवं पैनकार्ड व पोर्टल में प्लास्टिक वेस्ट हेतु निर्धारित अन्य दस्तावेजों को अपलोड करते हुए पंजीकरण किया जाना है। |
| 8 | बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अन्तर्गत सहमति एवं प्राधिकार | बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2022 | Recyclers, Producer, Manufacturer of Battery Waste in Uttarakhand | केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्मित तथा संचालित बैटरी ई.पी.आर. पोर्टल की सेवा।<br>URL:- https://www.eprbatterycpcb.in/<br>उक्त पोर्टल में पंजीकरण हेतु बैटरी–वेस्ट की श्रेणी:– 1.रिसाईक्लर्स 2. प्रोड्यूसर 3. मैन्यूफैक्चर्स में अपनी श्रेणी चिन्हित करते हुये मोबाईल नं0 एवं पैनकार्ड व पोर्टल में बैटरी–वेस्ट हेतु निर्धारित अन्य दस्तावेजों को अपलोड करते हुए पंजीकरण किया जाना है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# आवास विभाग, उत्तराखण्ड



| क्र. सं | योजना नाम का | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड आवास नीति नियमावली, 2024 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास | प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चार प्रकार से आवास बनाने हेतु सहायता उपलब्ध करायी जाती है:—<br>1. इन सीटू स्लम पुनर्विकास<br>2. ऋण से जुड़ी सब्सिडी । | लाभार्थी की वार्षिक आय रू0 तीन लाख से कम हो तथा भारत का नागरिक हो एवं उत्तराखण्ड में **दिनांक 17.06.2015 से पूर्व निवास** | सम्बन्धि विकास प्राधिकरणों / आवास विकास परिषद अथवा निजी विकासकों द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से पंजीकृत लाभार्थियों से आवेदन निर्धारित समयावधि के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। लाभार्थियों से आवेदन फार्म पर वांछित सूचना एवं रू |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास घटक। **(संशोधित)** | 3.**भागीदारी में किफायती आवास।**<br>4.लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण/विस्तार।<br>**उक्त बिंदु 03 "भागीदारी में किफायती आवास घटक" का लाभ, पात्रता एवं प्रक्रिया का उल्लेख निम्न है–**<br>उक्त योजना के अन्तर्गत राज्य में निवास कर रहे निम्न आयु वर्ग के व्यक्तियों को 30 वर्ग0 मी0 तक कारपेट एरिया के पक्का आवास एवं मूलभूत सुविधाएं जैसे विद्युत, पेयजल, आदि सुविधा दी जाती है। वर्तमान में राज्य अन्तर्गत विभिन्न शहरों में आवास विभाग द्वारा कुछ 20 परियोजनाओं में 15960 ई0डब्ल्यू0एस0 आवासों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। निर्माणाधीन योजनान्तर्गत प्रति इकाई आवास का विक्रय मूल्य **रु 6.00 लाख** निर्धारित किया गया है, जिसमें से केन्द्र सरकार द्वारा रु **1.50 लाख, राज्य सरकार द्वारा रू0 1.50 लाख प्रति इकाई एवं लाभार्थी द्वारा शेष रु 3.00** लाख प्रति इकाई दिया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त परियोजानाओं को स–समय पूर्ण करने हेतु राज्य सरकार द्वारा **रु 50 हजार प्रति इकाई** वी0जी0एफ0 का भी प्राविधान है। | **कर रहा हो** (निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध करना होगा) एवं भारत आवास न हो, पंजीकरण भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पोर्टल https://pmaymis.gov.in/ पर होना चाहिए। उक्त पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित नगर निगम कार्यालय, शहरी विकास कार्यालय अथवा परियोजना विकासकों –प्राधिकरणों परिषद् के माध्यम से कराया जा सकता है।<br>उत्तराखण्ड आवास नीति के अनुसार उक्त योजना अन्तर्गत वही लोग आवास आंवटन हेतु पात्र होते हैं, जिनका पंजीकरण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी )के पोर्टल पर हो तथा इस हेतु उनको Unique identification नम्बर निर्गत हो गया हो। | 5000.00की बुकिंग धनराशि प्राप्त करने के उपरान्त आवेदन प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद् /निजी विकासकों के कार्यालय पर प्राप्त किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकों, नगर निकायों, कार्यालयों, तहसील कार्यालयों पर भी आवेदन लिये जाते हैं। आवेदन हेतु ब्रोशर निःशुल्क प्राधिकरण /आवास एवं विकास परिषद्/निजी विकासकों के द्वारा रेरा पंजीकरण के उपरांत उपलब्ध कराये जाते हैं।<br>ब्रोशर/आवेदन ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। फार्म सम्बन्धित जिला के जिलाधिकारी कार्यालय, नगर निगम/परिषद् कार्यालय, सम्बन्धित जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण कार्यालय, एवं बैंक तथा ब्लॉक कार्यालयों में फार्म जमा कराये जाते हैं।<br>आवेदन के साथ लाभार्थी का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटों, उत्तराखण्ड में निवास की तिथि से सम्बन्धित दस्तावेज तथा देश में कहीं भी आवास न होने संबंधी शपथ पत्र की आवश्यकता होती है। निर्धारित अवधि में प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा प्राधिकरण/आवास सम्बन्धित एवं विकास प्राधिकरण/आवास परिषद्/प्रायोजक, एवं विकास परिषद् स्तर पर की जाती है। संवीक्षा उपरांत सम्बन्धित प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद् कार्यालय द्वारा आवश्यक स्थलीय सत्यापन कराया जाता है। सत्यापन के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के मध्य लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन की व्यवस्था है। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यागों को प्राथमिकता पर भू–तल पर आवास आवंटित किए जाने का प्राविधान है।<br>उक्त सूची पर लॉटरी किये जाने के उपरान्त लाभार्थियों द्वारा धनराशि जमा की जाती है तथा उनको आवास आवंटित किया जाता है। |

## उत्तराखण्ड भूसम्पदा नियामक प्राधिकरण



# उत्तराखण्ड भूसम्पदा नियामक प्राधिकरण

भू–सम्पदा सेक्टर के विनियमन और संवर्धन के लिए भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण की स्थापना करने तथा यथास्थिति, भू–खण्ड, अपार्टमेंट या भवन का विक्रय या भू–सम्पदा परियोजना का विक्रय दक्षतापूर्ण और पारदर्शी रीति में सुनिश्चित करने तथा भू–सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हित की संरक्षा करने और विवाद के शीघ्र समाधान के लिए एक न्यायनिर्णायक तंत्र की स्थापना और भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण तथा न्यायनिर्णायक अधिकारी के विनिश्चयों, निदेशों अथवा आदेशों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई करने के लिए भी एक अपीलीय अधिकरण की स्थापना करने और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषांगिक विषयों हेतु उपबन्ध करने के लिए भूसंपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 दिनांक 25 मार्च, 2016 को प्रख्यापित किया गया। अधिनियम के समस्त प्रावधान दिनांक 01.05.2017 से लागू हुए।

**उदेद्श्यः–**अधिनियम का मुख्य उद्देश्य एक पारदर्शी, दक्षतापूर्ण एवं गुणवत्तापरक भूसंपदा सेक्टर का विनियमन एवं विकास तथा आवंटियों के हितों की रक्षा करना तथा इस हेतु भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण (RERA) की स्थापना करना है।

**कार्यः–** भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) का मुख्य कार्य रियल इस्टेट परियोजनाओं एवं रियल इस्टेट एजेटों का पंजीकरण एवं विनियमन; आवंटियों (allottees) एवं सम्प्रवर्तकों (promoters) के मध्य उपजे विवादों के कारण दर्ज शिकायतों का निस्तारण करना; अपनी वेबसाइट विकसित कर उसमें डाटाबेस संचारित करना, जिसमें जनसाधारण के अवलोकन के लिए पंजीकृत रियल इस्टेट परियोजनाओं एवं रियल इस्टेट एजेण्टों का विवरण हो; सम्प्रवर्तकों, रियल इस्टेट एजेटों तथा आवंटियों हेतु अधिनियम में निर्धारित बाध्यताओं का अनुपालन सुनिश्चित कराना; एवं एडवोकेसी के संवर्द्धन तथा जागरुकता सृजन के लिए समुचित उपाय करना है। भूसम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के अधिसूचित होने के उपरान्त दिनांक 28.04.2017 को उत्तराखण्ड भूसंपदा (विनियमन एवं विकास) (सामान्य) नियमावली 2017, अधिसूचित की गई एवं 01 मई, 2017 से अधिनियम उत्तराखण्ड राज्य में लागू हो गया।

प्राधिकरण के गठन के पश्चात् से वर्तमान तक प्राधिकरण द्वारा 508 रियल इस्टेट परियोजनाओं एवं 411 रियल इस्टेट एजेण्ट्स का पंजीकरण किया गया है। प्राधिकरण के गठन से वर्तमान तक प्राधिकरण को 1168 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 861 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है।
प्रमोटर/विकासकर्ता तथा आवंटी के मध्य किसी भवन, फ्लैट, अपार्टमेंट, प्लॉट इत्यादि क्रय किए जाने हेतु निष्पादित होने वाले विक्रय अनुबन्ध में एकरूपता लाये जाने के दृष्टिगत अधिनियम में प्रावधानित व्यवस्थान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा भूसम्पदा (विनियमन एवं विकास) (विक्रय के लिए करार) नियम, 2022 अधिसूचित किया गया है।

प्राधिकरण, न्याय निर्णायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकरण के आदेशों/निर्देशों के प्रभावी रूप से अनुपालन कराये जाने हेतु उत्तराखण्ड भूसम्पदा (विनियमन एंव विकास) (सामान्य), नियमावली, 2017 के नियम 23 में संशोधन कर उत्तराखण्ड भूसम्पदा (विनियमन एवं विकास) (सामान्य) संशोधन नियमावली, 2023 प्रख्यापित की गयी है, जिसमें आवंटियों के हितार्थ आदेशों/निर्देशों का अनुलापन सुगमता से कराया जा सकेगा।
प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस एवं प्रमोटर्स/एजेण्ट्स हेतु शिकायत तथा पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल (http://ukrera.org.in:8080/rerauk/) विकसित किया गया है, जिसमें कोई भी शिकायतकर्ता/आवंटी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। साथ ही प्रमोटर्स एवं एजेण्ट्स के पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार



PRO

## हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

| क्र.सं. | योजना का नाम | लाभ | पात्रता / लाभार्थी | आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मानचित्र सरलीकरण प्रक्रिया | आवासीय मानचित्र की स्वीकृति 15 दिन एवं व्यवसायिक मानचित्र की स्वीकृति 30 दिन प्रदान की जा रही है। | जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत समस्त भू–स्वामी | जनपद हरिद्वार के भू–स्वामियों के लिए अपने निजी आवास एवं व्यवसायिक आवास की स्वीकृति हेतु ऑनलाईन व्यवस्था निर्धारित की गयी है, जिसके लिए भू–स्वामी अपने घर से ही आवेदन प्रेषित कर निर्धारित अवधि में मानचित्र स्वीकृत करा सकता है। |
| 2. | उदय ऐप के द्वारा मानचित्र स्वीकृति | समस्त जनपद के भूखण्ड स्वामियों को मानचित्र स्वीकृति का लाभ मोबाईल ऐप पर उपलब्ध है। | जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत समस्त भू–स्वामी | जनपद हरिद्वार के भू–स्वामियों को मानचित्र बनाने एवं स्वीकृति प्रक्रिया को सरल करते हुए उदय एप की व्यवस्था की गयी है, जिसमें बिना शुल्क के आवासीय मानचित्र प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण आर्किटेक्ट से तैयार कराकर मानचित्र स्वीकृति में सहयोग किया जा रहा है। |
| 3. | आवासीय निर्माण हेतु माडल मानचित्र उपलब्ध कराना | समस्त जनपद के भूखण्ड स्वामी को लाभ प्रदान किया जा रहा है। | जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत समस्त भू–स्वामी | जनपद हरिद्वार के भू–स्वामियों के सुविधा हेतु मॉडल मानचित्र प्राधिकरण वेबसाईट पर अपलोड कराये गये है, भू–खण्ड स्वामी अपने भूखण्ड क्षेत्रफल के अनुसार मॉडल मानचित्र का चयन कर सुविधा प्राप्त कर सकता है। |
| 4. | हेल्प डेस्क | प्राधिकरण में आने वाले व्यक्तियों को प्राधिकरण में मानचित्र स्वीकृति के साथ–साथ प्राधिकरण की अन्य जनहित योजनाओं की जानकारी तथा सहायता प्रदान किया जाता है। | समस्त आगुन्तकों के लिए | प्राधिकरण में आने वाले आगुन्तकों की सुविधार्थ कोई भी व्यक्ति / हित धारक हेल्प डेस्क से सुविधा प्राप्त कर सकता है। |
| 5. | आवासीय सुविधा<br>1–इन्द्रलोक आवासीय योजना (ग्रुप आवास) | छत रहित परिवारों के लिए आवासीय सुविधा का लाभ | राज्य के सभी निवासियों हेतु। | प्राधिकरण आवासीय ईकाईयों का चयन पंजीकरण के माध्यम से तथा आवंटन लाटरी ड्रा द्वारा किया जाता है। |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड

## (राज्य सफाई कर्मचारी आयोग)

उत्तराखण्ड राज्य के सफाई कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए, रक्षोपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुशंसा करने, उनके अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित किये जाने के संबंध में विनिर्दिष्ट शिकायतों के निवारण, निस्तारण/ऐसे मामलों को समुचित प्राधिकारियों के समक्ष उठाने, किसी विभेद से उत्पन्न समस्याओं के अध्ययन/उनके निराकरण के उपायों की सिफारिश करने आदि के लिए उत्तराखण्ड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया गया है।

**आयोग की संरचनाः–**

(1) अध्यक्ष (पूर्णकालिक)–01 (एक) (2) उपाध्यक्ष (पूर्णकालिक)–01 (एक)

(3) सदस्य (अंशकालिक)–05 (पांच) तक, जिसमें कम से कम एक सदस्य महिला होगी।

**अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्यों की नियुक्तिः–** राज्य सरकार द्वारा ऐसे गैर सरकारी व्यक्तियों एवं गैर सरकारी संस्थाओं/सगंठनों के प्रतिनिधियों की नियुक्ति आयोग के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्यों के रूप में की जायेगी, जिनका सफाई कर्मचारियों/स्वच्छकों के कल्याण, उनके पुनर्वास एवं उनकी समस्याओं के निराकरण में उल्लेखनीय योगदान हो।

**आयोग के कार्यः–** (क) सफाई कर्मचारियों के लिए हैसियत, सुविधाओं और अवसरों में असमानताओं को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना के अधीन कार्यवाही के विनिर्दिष्ट कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करना।

(ख) सफाई कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक पुनर्वास से संबंधित कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन का अध्ययन और मूल्यांकन करना तथा राज्य सरकार को ऐसे कार्यक्रमों तथा स्कीमों के बेहतर समन्वय और कार्यान्वयन के लिए सिफारिश करना।

(ग) विनिर्दिष्ट शिकायतों का प्रन्वेषण करना और निम्नलिखित के न किये जाने के संबंधित मामलों को स्वप्रेरणा से अवेक्षा करनाः–

1. सफाई कर्मचारियों के किसी समूह के बावत कार्यक्रम और स्कीमें;
2. सफाई कर्मचारियों की कठिनाईयों को कम करने के लिए विनिश्चय, मार्गदर्शन या अनुदेश;
3. सफाई कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए अध्युपाय;
4. सफाई कर्मचारियों पर लागू किसी विधि के उपबन्ध और ऐसे मामलों के संबंध में संबद्ध प्राधिकारियों से परामर्श करना।

(घ) सफाई कर्मचारियों द्वारा जिन कठिनाईयों या निर्योग्यताओं का सामना किया जा रहा है, उनको ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारियों से संबंधित किसी विषय पर राज्य सरकार को नियतकालिक रिपोर्ट देना।

(ड) कोई अन्य विषय, जो राज्य सरकार द्वारा उसे निदिष्ट किये जाए।

**आयोग की कार्य प्रणालीः–** आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अंशकालिक सदस्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों को विस्तृत दौरा करेंगे तथा सफाई कर्मचारियों उनके संघों, गणमान्य नेताओं, नोडल एंजेसी तथा सरकारी पदाधिकारियों के साथ विचारों का आदान–प्रदान करेगें। उनके पारस्परिक विचार तथा व्यक्तिगत टिप्पणियों के आधार पर आयोग, विचारोपरान्त अपनी सिफारिश राज्य सरकार को भेजेगा।

**आयोग की शक्तियांः–**(1) साक्ष्य लेना, प्रपत्र तलब करना, साक्षियों से बयान लेना तथा अन्य अधिकार, जो शासन द्वारा आवश्यक समझा जाये, आयोग को होंगे। (2) आयोग को अपने कार्य सम्पादन में उपर्युक्त विहित किसी विषय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय किसी समय राज्य सरकार या अन्य प्राधिकारियों से किसी विषय के बावत जानकारी मांगने की शक्ति होगी किन्तु किसी मुकदमें की न्यायिक जांच करने का दीवानी न्यायालय का अधिकार आयोग के पास न होगा।

**शिकायतों के निवारण संबंधी विवरणः** आयोग में सफाई कर्मचारियों और मैनुअल स्कवेंजरों से उनके अधिकारों के उल्लंघन के संबंध में प्राप्त शिकायतों का एक निवारक मंच है। शिकायत करने के प्रयोजनार्थ आवेदन मा0 अध्यक्ष/मा0 उपाध्यक्ष/मा0 सदस्यगणों, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तराखण्ड सरकार एवं सचिव, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित किया जायेगा।

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

# शहरी विकास विभाग , उत्तराखण्ड
## (नगर निगम, देहरादून )






PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## नगर निगम, देहरादून

| क0सं0 | योजना का नाम | लाभ | पात्रता/लाभार्थी | आवेदन प्रकिया एवं चयन |
|---|---|---|---|---|
| **केन्द्र पोषित प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी** | | | | |
| 1. | व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक (बी0एल0सी0) | 1–योजनान्तर्गत स्वीकृत लाभार्थी को रूपये 2 लाख का अनुदान आवास निर्माण कार्य प्रगति के सापेक्ष किश्तवार दिये जाने का प्रावधान है। इस धनराशि में रू0 1 लाख 50 हजार भारत सरकार तथा रू0 50 हजार राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।<br>2–मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या– 458/2022 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को आवास पूर्ण करने पर घरेलू साज–सज्जा हेतु रू0 5 हजार प्रोत्साहन राशि दिये जाते हैं। | योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निम्न पात्रता मानक हैंः–<br>1. 17 जून, 2015 से पूर्व उस शहर में निवासरत होना चाहिए, जिससे लाभ प्राप्त करना चाहता है।<br>2. आवेदक का स्वंय अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भाग में घर नहीं होना चाहिए। (घर का आशय सभी मौसम में रहने योग्य इकाई से है)<br>3. परिवार की वार्षिक आय रू0 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>4. किसी भी अन्य केन्द्र/राज्य/बाह्य सहायतित योजना अन्तर्गत आवासीय भवन हेतु लाभ प्राप्त नहीं किया हो।<br>5. विधिक भू–स्वामित्व का भू–खंड अथवा कच्चा आवास/कमजोर आवासीय स्थिति होना आवश्यक है, जिस पर पक्का आवास निर्माण करना चाहते हैं। | योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/परिवार अपनी आवास मॉग एवं धारित पात्रता के अनुसार नगर निकाय कार्यालय में आकर निम्न दस्तावेज / विधिक भू–स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख के साथ निःशुल्क आवास मॉग दर्ज करा सकते हैं।<br>1. पहचान पत्र हेतु पूरे परिवार आधार कार्ड की उपलब्धता होनी चाहिए।<br>2. दिनांक 17 जून, 2015 से पूर्व शहर में रहने का प्रमाण (यथा बिजली का बिल/पानी/टेलीफोन बिल, वोटर आई0डी0, आधार कार्ड,राशन कार्ड, पासपोर्ट अथवा अन्य प्रमाणिक अभिलेख)<br>3. बैंक खाता लाभार्थी परिवार की वयस्क महिला सदस्य के नाम से होना चाहिए, वयस्क महिला सदस्य न होने पर पुरूष सदस्य के नाम से होना चाहिए।<br>4. विधिक भू–स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख (रजिस्ट्री/खसरा खतौनी/पट्टा इत्यादि) की प्रमाणित प्रति जिसका भौतिक एवं अभिलेखीय सत्यापन किया जाना।<br>5. वैध आय प्रमाण–पत्र अथवा रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषित आय।<br>6. जाति प्रमाण पत्र/बी0पी0एल0 कार्ड की छायाप्रति/दिव्यांग प्रमाण पत्र। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 7. पात्रता मानक के आधार पर रू0 10 के स्टाम्प पेपर का नोटराईज्ड शपथ पत्र निम्नानुसार प्रस्ततु करना:–<br>➢ नगर निकाय क्षेत्र में 17 जून, 2015 अथवा उससे पूर्व से निवासरत है।<br>➢ उसके स्वंय अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भाग में पक्का आवास नहीं है। (लाभार्थी परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी और उनके अविवाहित पुत्र अथवा पुत्रियों से है)<br>➢ परिवार की वार्षिक आय रू0 3 लाख से अधिक नहीं है।<br>➢ उसके द्वारा किसी भी अन्य केन्द्र/राज्य/बाह्य सहायतित योजना अन्तर्गत आवासीय भवन हेतु लाभ प्राप्त नहीं किया गया है।<br>8. उक्त अभिलेखों/दस्तावेजों का परीक्षण/सत्यापन कर लाभार्थी चयन किया जाता है। जिसका विवरण प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी की अधिकारिक वेबसाईट www.pmaymis.gov.in पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाता है। पोर्टल पर आवास मॉग दर्ज कर सर्वे कोड जारी किया जाता है। जिसको पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ संकलित कर राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाता है। भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत लाभार्थी को लाभान्वित किया जाता है। **योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निःशुल्क आवदेन प्रकिया है।** |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| दीन दयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | स्वतः रोजगार कार्यक्रम | **स्वतः रोजगार कार्यक्रम** के तहत नगरीय क्षेत्र में लाभार्थी अपनी और परिवार की आर्थिकी को सशक्त करते हुए अपनी आजीविका का सम्वर्द्धन करता है।<br>**स्वतः रोजगार कार्यक्रम** के तहत लाभार्थी को रू0 2.00(लाख) तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिया जाता है।<br>**स्वतः रोजगार कार्यक्रम** के लाभार्थी को ब्याज पर सब्सिडी देने का प्राविधान है। जिसमें 7 प्रतिशत लाभार्थी द्वारा तथा अवशेष भारत सरकार एंव राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।<br>**स्वतः रोजगार कार्यक्रम** में लाभार्थी अपना नया रोजगार एंव रोजगार में अभिबृद्वि भी कर सकता है। | नगर निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत लाभार्थी इस योजना हेतु पात्रता रखता है। लाभार्थी के परिवार की वार्षिक आय भारत सरकार के मानकों के अनुसार रू0–3.00 (लाख) से कम होनी चाहिए। | **स्वतः रोजगार कार्यक्रम** निकाय स्तर से आवेदन पत्र प्राप्त करना,आवेदन पत्र पर लाभार्थी द्वारा क्रमशः आधार कार्ड, आय–प्रमाण या स्वघोषित 10 रू0 के शपथ पत्र (पूर्व में किसी भी बैक से ऋण ना लिया हो),लाभार्थी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की परियोजना रिपोर्ट अनुमानित 2.00(लाख) तक, 01 पासपोर्ट साईज की फोटो, पते हेतु राशनकार्ड या बिजली का बिल, बैंक पास बुक, उपरोक्त सभी दस्तावेजों की छाया प्रति, आवेदन पत्र पर संलग्न कर नगर निकाय मे जमा करना होगा। निकाय स्तर पर **आवदेन प्रकिया निःशुल्क की जाती है।**<br>**स्वतः रोजगार कार्यक्रम** में आवेदन पत्रों का परीक्षण निकाय स्तर पर किया जाता है।<br>**स्वतः रोजगार कार्यक्रम** के ऋण आवेदन पत्र को नगर निकाय द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति के सामने प्रस्तुत कर टास्क फोर्स द्वारा आवेदन पत्रों को लाभार्थी द्वारा संलग्न दस्तावेजों एंव लाभार्थी से वार्ता कर परीक्षण किया जाता है। तत्पश्चात लाभार्थी का ऋण आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंक को निकाय द्वारा भेजा जाता है। |
| 3. | स्वयं सहायता समूह | नगर निकाय क्षेत्र में शहरी गरीब महिलाओं को योजना के तहत लाभ दिया जाता है। भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक समूह को एक बार में रू0–10000/– की धनराशि दी जाती है। समूहों द्वारा बैकों से ऋण में माध्यम से महिलाओं की | स्वयं सहायता समूह बनाने हेतु लाभार्थी शहरी निकाय का होना चाहिए। आधार कार्ड,01 पासपोर्ट साईज की फोटों एंव परिवार की वार्षिक आय रू0 3.00(लाख) से कम होनी चाहिए। | **स्वयं सहायता समूह बनाने** हेतु नगर निकाय से योजना से सम्बन्धित कर्मचारी वार्डो में जाकर महिलाओं के साथ मिलकर सामूहिक बैठक करते है। बैठक के उपरान्त महिलाओं को समूह गठन हेतु प्रेरित करते है। उसके उपरान्त स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाता है। गठन के पश्चात् समूह का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोला जाता है। जिसमें समूह की महिलाऐ मासिक बचत |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आजीविका सुधार हेतु विभिन्न गतिविधियां की जाती है। समूहो को स्वरोजगार अपनाने हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है। | | जमा करती है। समूह की महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाता है। बैंकों के माध्यम से सी0सी0एल0 लिमिट के तहत स्वरोजगार हेतु कार्यवाही नगर निकाय स्तर से की जाती है। |
| 4. | शहरी निराश्रितो हेतु सहयोग। | रैन बसेरों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को लाभ दिया जाता है। | नगर निकाय क्षेत्र में जो भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रहता हो वो व्यक्ति रैन–बसेरे में रह सकता है। | नगर निकाय के अन्तर्गत बने रैन बसेरों में रहने/ठहरने हेतु व्यक्ति कभी भी किसी भी समय आ सकता है। |
| 5. | प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि योजना ( पी0एम0स्वनिधि ) | **पी0एम0स्वनिधि योजना** के तहत **उत्तराण्ड नगरीय फेरी व्यवसायी (आजीविका सुरक्षा तथा फेरी व्यवसाय विनियमन) नियमावली–2014** के अनुसार नगर निकाय क्षेत्र में शहरी गरीब परिवारों जो ठेली, फड एंव पटरी,चलते फिरते,ठेला गाडी,सिर पर टोकरी पर सामान या चलती बस में सामान बेच कर अपना जीवन यापन करते है, उन्हें योजना का लाभ दिया जाता है। कोविड–19 के समय भारत सरकार द्वारा योजना को संचालित किया गया था। | **पी0एम0स्वनिधि योजना** के अन्तर्गत नगर निकाय द्वारा जो भी लाभार्थी ठेली, फास्टफूड, फड लगाकर, सब्जी की ठेली, पटरी, नाई,मोची, ठेला गाडी एंव साईकिल टोकरी पर सामान या चलती बस में सामान बेच कर जीवनयापन करने वाले आदि लोग इसके पात्र है। | **पी0एम0स्वनिधि योजना** को भारत सरकार के एम0आई0एस0पोर्टल पर ऑन लाईन **pmsvanidhi.mohua.gov.in** पर भी लाभार्थी स्वयं भी आवेदन कर सकता है। तथा फेरी व्यवसाय द्वारा आवेदन नगर निकाय स्तर पर भी किया जा सकता है। आवेदन पत्र हेतु जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, 01पासपोर्ट साईज की फोटों, बैंक पास बुक की छाया प्रति एंव आधार लिंक मौबाईल न0 की आवश्यकता होती है। नगर निकाय द्वारा लाभार्थी के आवेदन पत्र का परीक्षण कर पोर्टल के माध्यम से बैंक को प्रेषित किया जाता है। बैक द्वारा लाभार्थी को कार्य करने हेतु कार्यशील पूंजी के रूप में प्रथम बार 10000/– द्वितीय बार 20000/– एंव तृतीय बार 50000/– दिये जाते है। |
| | **जन्म–मृत्यु पंजीकरण** | | | |
| 6. | जन्म पंजीकरण एवं जन्म प्रमाण पत्र | **जन्म पंजीकरण एवं जन्म प्रमाण–पत्र** जन्म तिथि को प्रमाणित करने का मूल प्रमाण पत्र है। जो शिशु का सर्वप्रथम जन्म का मूल प्रमाण है, इसका उपयोग आधार कार्ड बनाने मे,शिशु के उम्र को प्रमाणित करने,स्कूल मे दाखिला के | उत्तराखण्ड राज्य के शहरी क्षेत्र (नगर निगम क्षेत्र अर्न्तगत) मे जन्मे समस्त व्यक्ति जिनका पंजीकरण प्रमाण पत्र न बना हो इसके लिए भारत के महा रजिस्ट्रार कार्यालय गृह मत्रांलय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पुस्तिका मे दिये गये प्राविधानों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु पात्र होंगे। | **जन्म पंजीकरण एवं जन्म प्रमाण–पत्र** हेतु ऑनलाईन पंजीकरण राज्य के शहरी क्षेत्र (नगर निगम क्षेत्राअर्न्तगत) जन्म पंजीकरण एवं जन्म–प्रमाण पत्र बनाने हेतु पिता/अभिभावक/आवेदक को अपणि सरकार पोर्टल https:// DC. CRSORGI. GOV.IN के माध्यम से स्वंय अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | दौरान, छात्रवृत्ति के हेतु,परिवार रजिस्ट्रर में नाम अंकित करने हेतु एवं अन्य राजकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अनिवार्य दस्तावेज है। | | करना होगा/कर सकता है। **बच्चे के जन्म होने पर, जन्म होने की 21 दिन के भीतर आवेदन करने हेतु** जन्म–मृत्यु पंजीकरण अधिकारी के नाम पर जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रार्थना पत्र तथा साथ मे अस्पताल द्वारा जारी किया गया डिस्चार्ज कार्ड, एं एन एम/आशा द्वारा जारी प्रमाण पत्र (मुहर के साथ), माता पिता का आधार कार्ड, आवेदन के दौरान प्रस्तुत करने होगे आवेदन के उपरांत सम्बन्धित जन्म–मृत्यु पंजीकरण अधिकारी द्वारा जॉच के उपरांत एवं सही पाए जाने पर निधारित 03 दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिसका नगर निकाय द्वारा जन्म पंजीकरण निःशुल्क किया जायेगा एवं निर्धारित प्रमाण पत्र शुल्क रू0 5/– प्रति कापी देय होगा । **बच्चे के जन्म होने के 01 वर्ष के अन्दर जन्म की सूचना हेतु अभिभावक को जन्म की सूचना के पंजीयन हेतु क्रमशः–** जच्चा बच्चा कार्ड/अस्पताल/नर्सिंग होम का प्रमाण पत्र, बच्चे के माता–पिता के आधार कार्ड की छायाप्रति, कार्यालय से उपलब्ध कराये गये प्रारूप (जन्म फार्म सं0 1) पर सूचना एवं पंजीकरण शुल्क रू0 5/–, विलम्ब शुल्क रू0 5/–, प्रति प्रमाण पत्र शुल्क रू0 5/–, कुल रू0 15/– प्रति प्रमाण पत्र देय होगा। **01 वर्ष के उपरांत जन्म की सूचना हेतु अभिवाहक को जन्म की सूचना के पंजीयन हेतु क्रमशः– प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी सदर, देहरादून के नाम, रूपेय 10 के स्टाम पेपर पर उप जिलाधिकारी सदर देहरादून के नाम शपथ पत्र,** जच्चा बच्चा |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कार्ड/अस्पताल/नर्सिंग होम का प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, जन्म के समय निवास प्रमाण पत्र जैसे— बिजली, पानी, टैक्स की रसीद, बच्चे के माता—पिता के आधार कार्ड की छायाप्रति, कार्यालय से उपलब्ध कराये गये प्रारूप (जन्म फार्म सं0 1) पर सूचना एवं पंजीकरण शुल्क रू0 7/—, विलम्ब शुल्क रू0 10/—, प्रति प्रमाण पत्र शुल्क रू0 5/—, कुल रू0 22/— प्रति प्रमाण पत्र देय होगा। |
| 7. | मृत्यु पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र | **किसी भी व्यक्ति की मृत्यु तिथि को प्रमाणित करने का मूल प्रमाण पत्र है, इसका उपयोग आश्रितों द्वारा पेंशन योजनाओं, जमिनी दस्तावेजों में नाम हटाने एवं अन्य पैतृक लाभ प्राप्त करने हेतु अनिवार्य दस्तावेज है।** | उत्तराखण्ड राज्य के शहरी क्षेत्र (नगर निगम क्षेत्र अर्न्तगत) मे मृत्यु हुये व्यक्ति जिनका पंजीकरण प्रमाण पत्र न बना हो इसके लिए भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय ग्रह मत्रांलय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पुस्तिका मे दिये गये प्राविधानों के अनुसार मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु पात्र होंगे। | **मृत्यु पंजीकरण एवं मृत्यु प्रमाण—पत्र** हेतु ऑनलाईन पंजीकरण राज्य के शहरी क्षेत्र (नगर निगम क्षेत्रार्न्तगत) मृत्यु पंजीकरण एवं मृत्यु—प्रमाण पत्र बनाने हेतु अभिभावक/आवेदक को अपणि सरकार पोर्टल https://DC.CRSORGI.GOV.IN के माध्यम से स्वंय अथवा नजदीकी कोमन सर्विस सेंटर (CSC) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करना होगा/कर सकता है।<br>**मृतक के मृत्यु होने पर, मृत्यु होने की 21 दिन के भीतर आवेदन करने हेतु** जन्म—मृत्यु पंजीकरण अधिकारी के नाम पर जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रार्थना पत्र तथा साथ में अस्पताल द्वारा जारी किया गया डिस्चार्ज कार्ड, मृतक का आधार कार्ड, आवेदनकर्ता का आधार कार्ड एवं फोटो, शमशान/कब्रिस्तान द्वारा जारी रसीद, कार्यालय से उपलब्ध कराये गये प्रारूप (मृत्यु फार्म सं0 2) पर सूचना उपलब्ध कराने के उपरांत सम्बन्धित जन्म—मृत्यु पंजीकरण अधिकारी द्वारा जॉच के उपरांत एवं सही पाए जाने पर निधारित 03 दिन के भीतर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिसका नगर |

PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
